


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 101 | रविवार, 24 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### कोर्ट से लगा आजम खां को झटका, अब सात नहीं 10 साल काटेंगे सजा

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अब कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड के मामले में सजा बढ़ाने वाली अपील पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आजम खां की सजा सात साल से बढ़ाकर दस साल कर दी है। साथ ही जुर्माना भी 50 हजार से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया है। वहीं बेटे अब्दुल्ला की सजा सात साल ही बरकरार रखी है, लेकिन जुर्माना 50 हजार से बढ़ाकर साढ़े तीन लाख रुपये कर दिया है।

### यूपी मदरसा शिक्षा परिषद ने जारी किया 2026 का परीक्षा परिणाम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया। परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 17,722 अनुपस्थित रहे।परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। श्री राजभर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई।

## लगातार तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर वृद्धि की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। दूसरे शहरों में भी इसी अनुपात में वृद्धि की गयी है। चार-चार दिन के अंतराल पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम लगातार तीसरी बार बढ़ाये गये हैं।




दिल्ली में आज से एक लीटर पेट्रोल 99.51 रुपये का और डीजल 98.64 रुपये का हो गया है। पहले इनकी कीमत क्रमश : 98.64 रुपये और 91.58 रुपये प्रति लीटर थी। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजल के दाम दिल्ली में तीन-तीन रुपये बढ़े थे। इसके बाद 19 मई को भी पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। कोलकाता में आज से पेट्रोल की कीमत 94 पैसे बढ़कर 110.64 रुपये और डीजल की 95 पैसे बढ़कर 97.02 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गयी है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल 87 पैसे महंगा हुआ है। आज से वहां एक लीटर पेट्रोल 105.31 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.98 रुपये का हो गया है। पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में बाधा के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से तेल विपणन कंपनियों की लागत बढ़ रही है। यही कारण है कि वे पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा रही हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी 95 की कीमत 87 पैसे बढ़ाकर 106.63 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़ाकर 97.81 रुपये प्रति लीटर कर दी है।

## पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 'रोजगार मेले' में 51,000 से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र डिजिटल माध्यम से वितरित किए। 'रोजगार मेला' की शुरुआत से लेकर अब तक देश भर में आयोजित ऐसे 18 आयोजनों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''देशभर के हजारों युवाओं के लिए आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है। आज 51,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं।''



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज नौकरी पाने वाले सभी युवा देश के विकास की राह में महत्वपूर्ण भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों में ये सभी युवा नयी जिम्मेदारियां संभालने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''आने वाले वर्षों में आप सभी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस उपलब्धि के लिए मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा 'विकसित भारत' की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''रोजगार मेला युवा शक्ति को नए अवसर प्रदान करने के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की प्रगति को लेकर दुनिया बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा, ''आज दुनिया भारत के विकास के सफर में भागीदार बनना चाहती है।''

अधिकारियों ने कहा कि रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप आयोजित यह 'रोजगार मेला' इस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शनिवार को देश भर में 47 स्थानों पर 'रोजगार मेला' का आयोजन किया गया। भारत के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे जिनमें रेल, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा एवं उच्च शिक्षा विभाग आदि शामिल हैं।

# ईरान से अंतिम युद्ध करने जा रहा अमेरिका? ट्रंप ने पेंटागन में की बैठक

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव शांत होने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब तक ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि ट्रंप ईरान से आर-पार की जंग कर सकते हैं यानी अब ट्रंप आग की तरह ईरान पर बरसने के लिए तैयार हैं। आलम ये है कि ट्रंप अपने बेटे की शादी तक में शामिल नहीं हुए।

ट्रंप ने साफ कहा कि सरकार से जुड़े हालात उन्हें वॉशिंगटन छोड़ने की इजाजत नहीं दे रहे। इसके साथ ही पेंटागन और व्हाइट हाउस में लगातार हाई लेवल बैठकें चल रही हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका अब ईरान के खिलाफ किसी बड़े सैन्य कदम की तैयारी में है?

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वह बेटे की शादी में जाना चाहते थे, लेकिन इस समय अमेरिका के लिए वॉशिंगटन में रहना ज्यादा जरूरी है। इससे पहले भी उन्होंने कहा था कि "ईरान युद्ध" के बीच शादी में जाना सही समय नहीं है। व्हाइट हाउस ने भी अचानक उनका वीकेंड कार्यक्रम बदल दिया और न्यू जर्सी जाने की योजना रद्द कर दी।वॉशिंगटन में शुक्रवार को ट्रंप ने अपने शीर्ष सुरक्षा और सैन्य अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य विकल्पों, बातचीत की स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में रक्षा मंत्री, सीआईए चीफ और राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के कई बड़े अधिकारी मौजूद थे। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अगर बातचीत नाकाम होती है तो अमेरिका फिर से ईरान पर सीमित लेकिन तेज सैन्य कार्रवाई पर विचार कर सकता है। इसी बीच अमेरिका ने सैन्य गतिविधियां भी बढ़ा दी हैं। कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और युद्धपोतों की तैनाती की खबरें सामने आई हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसे सीधे ईरान संकट से नहीं जोड़ा गया, लेकिन लगातार बढ़ती सैन्य तैयारियों ने अटकलों को तेज कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन यह संदेश देने की कोशिश में दिख रहा है कि अगर कूटनीति विफल रही तो सैन्य विकल्प मेज पर मौजूद है। उधर तेहरान में हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। ईरान इस समय अमेरिका के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशें भी तेज हो गई हैं और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर तेहरान पहुंचे हैं। कतर समेत दूसरे क्षेत्रीय देशों के जरिए भी बैक चैनल बातचीत चल रही है ताकि टकराव को रोका जा सके। लेकिन ईरानी पक्ष ने संकेत दिए हैं कि अमेरिकी शर्तें अब भी बहुत ज्यादा हैं और समझौता आसान नहीं दिख रहा। ईरान की तरफ से भी लगातार सख्त संकेत दिए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को फिर से मजबूत कर रहा है और ड्रोन उत्पादन भी बढ़ा दिया गया है।



## पीएम मोदी से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री : द्विपक्षीय संबंधों समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। रूबियो ने पीएम मोदी से द्विपक्षीय संबंधों, रणनीतिक सहयोग, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान रूबियो ने पीएम को व्हाइट हाउस आने का न्योता भी दिया।



पीएम ने लिखा, "अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का स्वागत कर मुझे हार्दिक खुशी हुई। हमने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में लगातार हो रही प्रगति और क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका वैश्विक कल्याण के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।" चार दिवसीय दौरे पर भारत आए अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के राजदूत सर्जियो गोर भी शामिल हुए। उन्होंने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुलाकात की अहमियत बताई। गोर ने बताया, "रूबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को निकट भविष्य में व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया है!"

दूसरे पोस्ट में उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में विदेश सचिव रूबियो के साथ मैं भी शामिल हुआ। हमने सुरक्षा, व्यापार, और महत्वपूर्ण तकनीकों के क्षेत्रों में अमेरिका-भारत सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो दोनों राष्ट्रों को मजबूत करते हैं और एक स्वतंत्र व खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सोच को आगे बढ़ाते हैं। भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका का एक अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार है!"

मार्को रूबियो ने शनिवार को अपने भारत दौरे की शुरुआत कोलकाता से की। यहां उन्होंने 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' का भी दौरा किया, जिस पर गोर ने टिप्पणी की कि ऐसे पल ही हमें याद दिलाते हैं कि अमेरिका-भारत की साझेदारी न केवल मजबूत नीतियों पर टिकी है, बल्कि साझा मूल्यों और निस्वार्थ सेवा की भावना पर भी आधारित है। पिछले साल पदभार संभालने के बाद रूबियो की यह पहली भारत यात्रा है। वे शनिवार सुबह शहर में उतरे, यहां वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका विधिवत स्वागत किया। अमेरिकी विदेश मंत्री इस दौरे के दौरान आगरा और जयपुर भी जाएंगे। रूबियो, रविवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करने वाले हैं।

इसके बाद वे मंगलवार को नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। इस समूह का हिस्सा भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान हैं। क्वाड बैठक 26 मई को नई दिल्ली में होनी है, जिसकी मेजबानी विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। इसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के अलावा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी शामिल होंगे।

## लेह में क्रैश हुआ सेना का चीता हेलीकॉप्टर पायलट समेत 3 अधिकारियों को आई चोटें

**दिल्ली।** लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन सुरक्षित बच गये। उन्हें मामूली चोटें आई हैं।


यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। गौरतलब है कि लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे, जबकि एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर विमान उड़ा रहे थे।तीनों लोग इस दुर्घटना में सुरक्षित बच गये। सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का आदेश दिया है। शुरुआती जांच चल रही है, हालांकि घटना के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उल्लेखनीय है कि चीता हेलीकॉप्टर, जो एक हल्का यूटिलिटी विमान है और लंबे समय से भारत के ऊंचे इलाकों में होने वाले हवाई अभियानों की रीढ़ माना जाता रहा है। दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे लैंडिंग ग्राउंड्स और दूरदराज की अंग्रिम चौकी उड़ान भरने में सक्षम इस हेलीकॉप्टर ने लद्दाख, सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वोत्तर जैसे इलाकों में सैनिकों की आवाजाही, घायलों को निकालने, जासूसी मिशन और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट में अहम भूमिका निभाई है। फ्रांस में डिज़ाइन किए गए एयरोस्पेशियल एसए 315 बी लामा पर आधारित और भारत में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित चीता हेलीकॉप्टर दशकों पहले सेना में शामिल हुआ था और बेहद खराब मौसम तथा मुश्किल इलाकों में भी अपनी विश्वसनीयता के लिए मशहूर हुआ।



## होटल संचालक समेत दो लोगों की फूड प्वाइजनिंग से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** मुरादाबाद-बाजपुर तिराहे पर स्थित जयका चिकन सेंटर के संचालक की कथित फूड प्वाइजनिंग से मौत हो गई। वहीं दो दिन के भीतर दो लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिवार के तीन अन्य सदस्य दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।



मृतक नसरुद्दीन।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी नसीरुद्दीन पिछले कई वर्षों से मसवासी चौराहे पर जयका चिकन सेंटर नाम से होटल संचालित करते थे। बताया जाता है कि गुरुवार देर शाम होटल बंद करने के बाद नसरुद्दीन अपने सहयोगी कारीगर मोहम्मद हनीफ पुत्र बड़े निवासी मिलक खोद के साथ किराये के मकान पर पहुंचे। वहां परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद सभी की अचानक हालत बिगड़ने लगी।परिजन सभी को उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां कारीगर मोहम्मद हनीफ की उपचार के दौरान मौत हो गई। गंभीर हालत में नसीरुद्दीन समेत परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली रेफर कर दिया गया। शनिवार को दिल्ली के अस्पताल में नसीरुद्दीन ने भी दम तोड़ दिया। परिवार के तीन अन्य सदस्यों की हालत गंभीर बनी हुई है।परिजनों के अनुसार गुरुवार शाम घर में आलू की कतली बनाई गई थी बिजारखाता की साथ ही किसी डेरी से दही मंगाकर खाने में इस्तेमाल किया गया था। आशंका जताई जा रही है कि भोजन विषाक्त होने से हादसा हुआ।सूचना मिलने पर खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और खाने के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस और खाद्य विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

## कुछ महीनों में बदलने वाली ही देश की सियासत: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कुछ महीनों में देश की राजनीति बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से सरकार घुटनों पर आ जाएगी और सियासत का केंद्र अमीर-गरीब हो जाएगा।

राहुल ने ये सारी बातें कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की नेशनल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में कहीं। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में अल्पसंख्यक समाज से आने वाले कांग्रेस के करीब 50 नेता मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि इसी बैठक में राहुल ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में देश की राजनीति बदलने वाली है। आर्थिक संकट से सरकार घुटनों पर आ जाएगी। सियासत का केंद्र हिंदू-मुसलमान नहीं, बल्कि अमीरी-गरीबी बनेगा। बताया जा रहा है कि राहुल ने पार्टी के नेताओं को निर्देश दिया है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाली घटनाओं पर निडर होकर आवाज उठाएं।सूत्रों के मुताबिक सांसद और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बैठक में कहा कि अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार के मामलों में उनकी टीम तत्काल क़ानूनी कार्रवाई के लिए तत्पर रहेगी। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की काट के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस आने वाले दिनों में 'साझी शहादत-साझी विरासत' के नाम से देशव्यापी अभियान चलाने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई. अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी इस अभियान की अगुवाई करेंगे।



## चीन के कोयला खदान में हुआ भीषण धमाका, 82 लोगों की मौत

**बीजिंग :** मध्य चीन के शानक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए धमाके में कम से कम 82 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि यह गैस धमाका शुक्रवार को बीजिंग से लगभग 520 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित किनयुआन काउंटी में हुआ। यह घटना शुक्रवार देर रात खदान द्वारा कार्बन मोनोऑक्साइड का अलर्ट जारी किए जाने के बाद हुई। धमाके के समय खदान के अंदर 247 मजदूर मौजूद थे। ताजा जानकारी के मुताबिक मजदूरों को खदान से बाहर निकालने का काम चल रहा है। यह दुर्घटना पिछले एक दशक में कोयला खदानों में हुई सबसे जानलेवा आपदा है। हालांकि चीन ने हाल के वर्षों में सुरक्षा के मामले में अपने रिकॉर्ड में सुधार किया है फिर भी वहां भारी संख्या में लगातार मौतें होती रही हैं। सबसे बुरी घटनाओं में से एक में फरवरी 2023 में इनर मंगोलिया के शिनजिंग में एक ओपनकास्ट खदान में भूस्खलन के बाद 53 खनिकों की मौत हो गई थी।




राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बचाव दल से लापता लोगों को खोजने के लिए "हर संभव प्रयास" करने का आह्वान किया और कहा कि दुर्घटना के बाद की स्थिति को "ठीक से संभाला जाना चाहिए"। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा "सभी क्षेत्रों और विभागों को इस दुर्घटना से सबक सीखना चाहिए, कार्यस्थल की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए, पूरी तरह से जांच करनी चाहिए, सभी प्रकार के जोखिमों और छिपे हुए खतरों को ठीक करना चाहिए और गंभीर दुर्घटनाओं को होने से सख्ती से रोकना और उन पर अंकुश लगाना चाहिए।"

**राजनीति** | बड़े नेताओं के भविष्य पर सवाल

## राज्यसभा चुनाव से संसद में नए समीकरण, विजय की टीवीके की एंट्री तय

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 26 सीटों पर चुनाव का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद देश की सियासत में नए समीकरण उभरते दिखाई दे रहे हैं। 12 राज्यों में होने वाले इन चुनावों में कई बड़े नेताओं का कार्यकाल खत्म हो रहा है, वहीं कुछ नए चेहरों की एंट्री भी तय मानी जा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, कांग्रेस के दिग्विजय सिंह समेत केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, जिससे इन बड़े नामों के भविष्य पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

इन 26 सीटों के लिए आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में 4-4 सीटों, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 3-3 सीटों, झारखंड में 2 सीटों पर चुनाव होगा. वहीं मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में 1-1 सीट पर वोटिंग होगी। इसके अलावा महाराष्ट्र और तमिलनाडु की 1-1 सीट पर 18 जून को उपचुनाव भी होंगे।





मौजूदा 26 सीटों में NDA के पास 18, कांग्रेस के पास 4, YSR कांग्रेस के पास 3 और झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के पास 1 सीट है। लेकिन चुनाव के बाद गणित बदलता दिख रहा है। NDA की संख्या 18 से घटकर 17 हो सकती है. कांग्रेस 4 से बढ़कर 5 सीटों पर पहुंच सकती है। JMM को 2 सीटों का फायदा मिल सकता है। अभिनेता विजय की पार्टी TVK पहली बार राज्यसभा में एंट्री कर सकती है। NCP (अजित गुट) को भी एक सीट मिलने की संभावना है।

झारखंड में कांग्रेस एक सीट के लिए हेमंत सोरेन पर दबाव बना सकती है, वहीं बीजेपी यहां क्रॉस वोटिंग के जरिए समीकरण बिगाड़ने की कोशिश कर सकती है। बीजेपी के सामने रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन के लिए सीट सुनिश्चित करने की चुनौती है. खासकर पंजाब चुनाव को देखते हुए बिट्टू को राज्यसभा भेजना रणनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कर्नाटक से राज्यसभा जाना तय माना जा रहा है, जबकि मध्य प्रदेश से कमलनाथ का नाम चर्चा में है. सबसे दिलचस्प सवाल कर्नाटक से देवेगौड़ा को लेकर है, क्या बीजेपी उन्हें समर्थन देगी या खुद का उम्मीदवार उतारेगी।

## रक्षा क्षेत्र में प्राइवेट कंपनियों की भूमिका अब सिर्फ नट-बोल्ट तक सीमित नहीं : राजनाथ सिंह

**अहिल्यानगर।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भूमिका अब सिर्फ नट-बोल्ट बनाने तक सीमित नहीं। बल्कि अब हम न सिर्फ अपनी जरूरत के सभी हथियार बना रहे हैं और इसमें बड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका निजी क्षेत्र की कंपनियां निभा रही हैं।



रक्षामंत्री ने आज यह बात महाराष्ट्र के शिरडी नगर में निजी क्षेत्र की रक्षा उत्पादक कंपनी निबे लिमिटेड के आर्टिलरी शेल्स (तोप के गोले) बनानेवाले कारखाने का उद्‌घाटन करते हुए कही। इस मेगा प्रोजेक्ट का नेतृत्व निबे लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गणेश निबे कर रहे हैं, जो शिरडी के ही मूल निवासी हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का कार्यक्रम, एक नहीं, दो नहीं, बल्कि कई 'मील के पत्थर' स्थापित करनेवाला है। पहला तो यह कि तोप के गोले बनानेवाले एक आधुनिक कारखाने का उद्‌घाटन हो रहा है, जिसकी वार्षिक क्षमता पांच लाख शेल्स बनाने की होगी। दूसरा, यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम से जुड़े मिसाइल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी जा रही है। तीसरा, अमरीकी कंपनी ब्लैक स्काई के साथ एक ऐसा समझौता किया जा रहा है, जो सैटेलाइट एसेंबलिंग की दिशा में हमारी प्राइवेट इंडस्ट्री को अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सिंह ने कहा कि आज जिस प्लांट का उद्‌घाटन हो रहा है, वह एडवांस्ड एक्सप्लोजिव्स, आरडीएक्स एवं आधुनिक प्रोपल्सन तकनीक पर आधारित होगा। इसलिए यह प्लांट हमारे सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करते हुए भारत के रक्षा उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# लाभार्थी से उद्यमी बनी नसरीन, छोटे गांव की महिला ने खड़ा किया सफल बेकरी कारोबार

- 15 हजार से शुरू हुआ सफर, अब हर महीने एक लाख कमा रहा महिलाओं का बेकरी समूह

जागरण मोर्चा कार्यालय



बेकरी में काम करती महिला।

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के छोटे से गांव घंघोरा-घंघोरी की रहने वाली नसरीन आज ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की ऐसी मिसाल बन चुकी हैं, जिसकी चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। कभी परिवार के खर्च और बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान रहने वाली नसरीन आज खुद सफल उद्यमी हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने साथ गांव की 10 महिलाओं को भी रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और योगी सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं का लाभ लेकर नसरीन ने यह साबित कर दिया कि अगर महिलाओं को सही मंच, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिले तो वे अपनी तकदीर खुद बदल सकती हैं।

नसरीन बी ने जनता स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने संघर्ष की शुरुआत की थी। शुरुआत में समूह को 15 हजार रुपये की सहायता राशि मिली। इसके बाद एक लाख रुपये की वित्तीय मदद ने उनके सपनों को नई उड़ान दी। इसी सहायता से उन्होंने छोटे स्तर पर बेकरी उत्पाद तैयार करने का काम शुरू किया। धीरे-धीरे मेहनत रंग लाई और उनका कारोबार बढ़ने लगा। आज उनके यहां रस्क, फैन, क्रीम रोल समेत कई उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी सप्लाई बरेली शहर तक हो रही है।नसरीन कहती हैं कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने गांव में महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया बनेंगी। लेकिन योगी सरकार की योजनाओं और प्रशासनिक सहयोग ने उनके आत्मविश्वास को नई ताकत दी। सरकारी सहायता से उन्होंने क्रीम रोल बनाने की मशीन लगाई, जिससे उत्पादन क्षमता कई गुना बढ़ गई। प्रशिक्षण और नई तकनीक के जरिए उत्पादों की गुणवत्ता सुधरी और बाजार में मांग भी बढ़ती चली गई। आज उनका समूह हर महीने करीब एक लाख रुपये तक की आमदनी कर रहा है। यह सिर्फ कारोबार नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन चुका है।

**अब पापड़, मसाले और चिप्स का भी कारोबार**

नसरीन ने अपनी सफलता को केवल खुद तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया। अब उनका समूह बेकरी उत्पादों के साथ-साथ पापड़, मसाले और चिप्स का निर्माण भी कर रहा है। महिलाओं को नियमित ऑर्डर मिल रहे हैं और प्रशासनिक स्तर पर भी उनके उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे गांव की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और समाज में उनकी पहचान भी बढ़ी है। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। नसरीन बी की कहानी इसी बदलाव की जीवंत तस्वीर है। आज नसरीन और उनका समूह पूरे गांव के लिए प्रेरणा बन चुका है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि मेहनत, आत्मविश्वास और सरकारी योजनाओं के सही उपयोग से कोई भी महिला अपने सपनों को नई उड़ान दे सकती है।

# हाईवे पर ट्रक ने जुगाड़ में मारी टक्कर , दो मजदूरों की मौत

## मासूम समेत दो घायल, परिवार में मचा कोहराम



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी इलाके में शुक्रवार देर रात नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में पंजाब मजदूरी करने जा रहे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने रबर फैक्टरी कॉलोनी गेट के पास जुगाड़ वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र के गांव ईसापुर निवासी 14 वर्षीय लेखपाल, सोमपाल, 24 वर्षीय राम और तीन वर्षीय मासूम पारो जुगाड़ वाहन से पंजाब मजदूरी करने जा रहे थे।

देर रात जब उनका वाहन फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रबर फैक्टरी कॉलोनी गेट के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि जुगाड़ वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर बैठे सभी लोग सड़क पर जा गिरे। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने 14 वर्षीय लेखपाल और 24 वर्षीय राम को मृत घोषित कर दिया। जबकि सोमपाल और मासूम पारो का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि दोनों शवों को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### ग्रामीणों ने ट्रक के नीचे से निकाला

हादसे की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद कोमिलपाल को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### बदायूं रोड पर पलटा ट्रक, चौकीदार की दबकर मौत

आंवला क्षेत्र में शुक्रवार रात एक और दर्दनाक सड़क हादसे में चौकीदार की जान चली गई। बदायूं रोड स्थित धर्मपुर गांव में अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पलट गया, जिसकी चपेट में आने से चौकीदार की मौत हो गई। कटसारी निवासी कोमिलपाल (56 वर्ष) धर्मपुर गांव की एक आढ़त पर चौकीदारी करते थे। शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह आढ़त के बाहर सड़क किनारे मौजूद थे। इसी दौरान बदायूं की तरफ से आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।

# करोड़ों की सीएम ग्रिड में रास्ते में ही बह गए करोड़ों

- प्रेशर बढ़ा तो खुल गई क्वालिटी की पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** करोड़ों रुपये की लागत से शहर को बेहतर पेयजल व्यवस्था देने के लिए शुरू की गई सीएम ग्रिड योजना अब सवालों के घेरे में आ गई है। फेज-1 में बिछाई गई पानी की पाइप लाइनों की गुणवत्ता पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। टेस्टिंग के दौरान जैसे ही पानी का प्रेशर बढ़ाया जा रहा है, शहर के अलग-अलग इलाकों में पाइप लाइनें फटने और लीकेज की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालत यह है कि कई स्थानों पर सड़कें पानी से लबालब हो रही हैं और लोगों को रोजाना जल संकट झेलना पड़ रहा है।

शहर के मॉडल टाउन, कुष्ठ आश्रम रोड और स्टेडियम रोड समेत कई इलाकों में स्थिति ज्यादा खराब बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। कहीं सड़क के नीचे से पानी रिस रहा है तो कहीं पाइप लाइनें टूटकर सड़क पर पानी बहा रही हैं। इससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है और सड़कें लगातार धंसती जा रही हैं।

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कार्यदायी एजेंसी ने जगह-जगह सड़कें खोदकर काम अधूरा छोड़ दिया है। कई इलाकों में गहरे गड्ढे खुले पड़े हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। लोगों का कहना है कि काम की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। वहीं पूर्व उपसभापति अतुल कपूर ने कहा कि पाइप लाइनों की क्वालिटी बेहद खराब है। टेस्टिंग के दौरान छोड़े जा रहे प्रेशर को लाइनें झेल नहीं पा रहीं और बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही हैं। वहीं रवि छाबड़ा ने बताया कि सड़क पर घंटों पानी बहता रहता है। शिकायत के बाद कर्मचारी आते हैं, मरम्मत करते हैं, लेकिन दो दिन बाद फिर वही स्थिति बन जाती है।महेश कुमार शर्मा ने कहा कि लगातार लीकेज की वजह से सड़कें टूट रही हैं और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इसका असर दुकानों तक पहुंचने वाले ग्राहकों पर भी पड़ रहा है।

## सार संक्षेप

### एसएसपी ने कोतवाली समेत कई थानों के प्रभारी बदले



**बरेली।** जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर दिया। एक साथ 11 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। इस फेरबदल में सात निरीक्षक और चार उपनिरीक्षक शामिल हैं। कोतवाली, साइबर थाना, भोजीपुरा, किला, हाफिजगंज और मीरगंज समेत कई अहम थानों के प्रभारी बदल दिए गए हैं। आदेश जारी होते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रहे निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय को हटाकर साइबर थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं साइबर थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह को भोजीपुरा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भोजीपुरा थाना प्रभारी रहे राजीव कुमार सिंह अब शहर की सबसे अहम कोतवाली की कमान संभालेंगे ।किला थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह को आंवला कोतवाली भेज दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक अचल कुमार को किला थाना प्रभारी बनाकर भेजा गया है। शीशगढ़ थाने में निरीक्षक अपराध रहे राजकुमार सिंह को फतेहगंज पूर्वी थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारी संतोष कुमार को हाफिजगंज थाने की जिम्मेदारी दी गई है। हाफिजगंज थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सोलंकी को शिकायत प्रकोष्ठ/आईजीआरएस भेजा गया है ।शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात इंस्पेक्टर रवि कुमार को मीरगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। मीरगंज के प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर को सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फतेहगंज पश्चिमी में तैनात उपनिरीक्षक प्रयागराज सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना बहेड़ी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, रिक्त पदों को भरने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह फेरबदल किया गया है। सभी पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अनुपालन रिपोर्ट गोपनीय कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

### ओवरलोड वाहनों पर चला प्रशासन का शिकंजा, पांच वाहन सीज़, 2.47 लाख प्रशमन शुल्क वसूला

**पीलीभीत।** जनपद में ओवरलोडिंग के विरुद्ध विशेष संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान में परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सितारगंज मार्ग पर उत्तराखंड की ओर से आ रहे तीन माल वाहनों को रोककर जांच की गई। जांच में वाहन निर्धारित क्षमता से क्रमशः 10 टन, 18 टन एवं 22 टन अधिक भार लेकर चलते पाए गए। इन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 1.75 लाख प्रशमन शुल्क अधिरोपित कर वसूल किया गया। यह कार्रवाई थाना अध्यक्ष अमरिया एवं एआरटीओ पीलीभीत के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुई। वहीं बीसलपुर क्षेत्र में भी संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां दो ओवरलोड वाहनों को सीज़ किया गया तथा एक अन्य वाहन का चालान किया गया। जांच में इन वाहनों में भी निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन पाया गया। संयुक्त प्रवर्तन अभियान के तहत पूरे दिन में कुल पांच ओवरलोड वाहनों को सीज़ करते हुए करीब 2.47 लाख का प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया गया। संबंधित विभागों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा एवं सड़क क्षति को रोकने के लिए ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



चेकिंग अभियान के तहत ओवरलोड वाहनों की चेकिंग। -जागरण मोर्चा

# परेशानी: भीषण गर्मी में बिजली कटौती से व्यापारियों में रोष

- नगर उद्योग व्यापार मंडल ने एक्सीयन को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते हुए व्यापार मण्डल के पदाधिकारी ।

**पुवायां।** भीषण गर्मी के बीच नगर में लगातार हो रही विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। नगर उद्योग व्यापार मंडल ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस बिजली कटौती की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की।

शुक्रवार को नगर उधोग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता ज्ञापन सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लील ने बताया कि भीषण गर्मी में विधुत व्यवस्था पूरी तरफ चरमरा गई है आम जनमानस गर्मी के चलते त्राहि त्राहि कर रहे है विद्युत लाइन जर्जर हो चुकी है , नगर के चौराहा बाजार, महाकाली मंदिर तक स्थिति वहुत ही खराब है। साथ ही बताया कि बिजली कटौती व वो बोल्टेज के चलते बाजारों में कारोबार प्रभावित हो रहा है तथा भीषण गर्मी में लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है ।व्यापार मंडल ने मांग की कि विद्युत व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए और नगरवासियों को नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस दौरान नगर उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के के लील, युवा अध्ययन धीरज शर्मा, विशाल गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता,महासचिव कपिल गुप्ता, मंगल मिश्रा, अमित गुप्ता व निर्भय गुप्ता समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक बेचने पहुंचे दो आरोपी गिरफ्तार

- रेलवे स्टेशन के खंडहर में बना रखा था अड्डा, 7 गाड़ियां बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** शहर में बाइक चोरी कर नंबर प्लेट बदलकर बेचने वाले दो शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी चोरी की बाइक बेचने के लिए चौपला की तरफ से स्टेशन रोड पहुंच रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। तलाशी में एक आरोपी के पास से अवैध तमंचा और कारतूस, जबकि दूसरे के पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ के बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन के आगे झाड़ियों और खंडहरों में छिपाकर रखी गई सात मोटरसाइकिल और एक स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस अब गिरोह के नेटवर्क और चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त करने वालों की तलाश में जुटी है।

शुक्रवार देर रात कोतवाली पुलिस जंक्शन रोड चौकी क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो युवक चोरी की बाइक लेकर चौपला की तरफ से स्टेशन की ओर आ रहे हैं और उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम अवनेश कुमार मौर्य निवासी भमोरा और उदित नारायण शुक्ला निवासी मिलक, रामपुर बताए। तलाशी के दौरान अवनेश के पास से 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वहीं उदित की जेब से अवैध चाकू मिला। दोनों जिस पैशन प्रो बाइक पर सवार थे, उसके कागज भी नहीं मिले। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि बाइक कुछ दिन पहले एसबीआई बैंक के पास से चोरी की गई थी और उसे बेचने के लिए लाया गया था।

सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि कई और चोरी की बाइक और स्कूटी रेलवे स्टेशन के आगे झाड़ियों और खंडहरों में छिपाकर रखी गई हैं। इसके बाद पुलिस दोनों को साथ लेकर मौके पर पहुंची। वहां से छह और बाइक तथा एक एक्टिवा स्कूटी बरामद हुई। जांच में कई वाहनों की नंबर प्लेट बदली हुई मिली, जबकि एक बाइक के चेसिस नंबर से भी छेड़छाड़ पाई गई।

# दरोगा पर पिटाई और वसूली के आरोप से मचा हड़कंप

- एसआई बोले- फंसाने के लिए बनाई गई कहानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्रेमनगर थाने में तैनात एक दरोगा पर युवक को हिरासत में लेकर पीटने, ब्लैंक पेपर पर साइन कराने और 50 हजार रुपये लेने के आरोपों ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। पीड़ित युवक ने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं आरोपी दरोगा ने खुद पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पूरे मामले को पैसों के विवाद और समझौते से जुड़ा बताया है। अब मामला दो अलग-अलग दावों के बीच उलझ गया है और पुलिस जांच के बाद ही सच्चाई सामने आने की बात कह रही है ।भमोरा थाना क्षेत्र के गांव ककंरी निवासी राजुल शंखधार का आरोप है कि प्रेमनगर थाने में तैनात एसआई शुभम सिंह ने उसे पूछताछ के नाम पर थाने बुलाया। युवक का कहना है कि थाने पहुंचने के बाद उसे एक कमरे में बैठाकर घंटों पूछताछ की गई और फिर उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि उसे डराया गया कि अगर उसने किसी से शिकायत की तो उस पर इतने मुकदमे दर्ज कर दिए जाएंगे कि जिंदगी कोर्ट-कचहरी में कट जाएगी। पीड़ित के मुताबिक दरोगा ने उसे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया। युवक का आरोप है कि उसे कहा गया कि अगर मामला बाहर निकाला तो उसे झूठे मुकदमों में फंसाकर बर्बाद कर दिया जाएगा। इसी दौरान उससे एक खाली कागज पर जबरन हस्ताक्षर भी करा लिए गए। युवक का कहना है कि डर और दबाव की वजह से वह विरोध नहीं कर सका।

### 50 हजार रुपये लेने का भी आरोप

पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे छोड़ने और मामला खत्म करने के नाम पर 50 हजार रुपये लिए गए। किसी तरह रकम की व्यवस्था करने के बाद उसे छोड़ा गया। युवक का कहना है कि रुपये लेने के बाद भी उसे धमकाया गया कि अगर उसने किसी से कुछ कहा तो अंजाम बहुत बुरा होगा। शिकायत सामने आने के बाद पूरे इलाके में चर्चा तेज हो गई। वहीं एसआई शुभम चौधरी ने आरोपों को गलत बताते हुए अपना पक्ष भी रखा है। उनका कहना है कि अर्पित अग्रवाल नाम के युवक ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी गाड़ी का नंबर किसी दूसरी गाड़ी पर इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके चलते उसके नंबर पर लगातार चालान आ रहे थे। जांच में सामने आया कि फायजा नाम की महिला ने अपनी गाड़ी के नंबर में एक अक्षर बदल रखा था, जिससे चालान अर्पित की गाड़ी पर जा रहे थे ।एसआई शुभम चौधरी के मुताबिक इस मामले में समझौता कराने के लिए राजुल शंखधार नाम के व्यक्ति ने महिला से 16 हजार रुपये ले लिए थे। शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया, लेकिन राजुल ने चालान की रकम वापस नहीं की। दरोगा का कहना है कि जब उससे रुपये मांगे गए तो उसने खुद को बचाने और पुलिस पर दबाव बनाने के लिए रस्सी से निशान बनाकर फर्जी आरोप लगाने की कोशिश की। मामले में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। एक ओर युवक ने मारपीट, धमकी और वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं दरोगा ने पूरे घटनाक्रम को पैसों के विवाद से जोड़ते हुए खुद को निर्दोष बताया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत की जांच कराई जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बढ़ती महंगाई** किसानों से लेकर वाहन चालकों तक बढ़ी बेचैनी

# तेल के दामों ने बिगाड़ा बजट, पेट्रोल 100 के करीब

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जेब पर फिर बड़ा वार किया है। शनिवार को बरेली में पेट्रोल 99.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.75 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। बीते दस दिनों में तीसरी बार हुई बढ़ोतरी के बाद शहर से लेकर गांव तक लोग परेशान नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा असर किसानों, वाहन चालकों और रोजमर्रा के सफर करने वालों पर पड़ रहा है।

शाहजहांपुर में पेट्रोल 86 पैसे और डीजल 92 पैसे महंगा हो गया। इसके बाद वहां पेट्रोल 99.12 रुपये और डीजल 92.50 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं पीलीभीत में पेट्रोल 99.75 रुपये और डीजल 93.11 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। लगातार बढ़ते दामों ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है ।धान की रोपाई का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में किसानों को सबसे ज्यादा चिंता डीजल की कीमतों को लेकर सता रही है। आंवला के किसान राजेश कुमार ने बताया कि बिजली कटौती के दौरान खेतों में पंपसेट डीजल से चलाना पड़ता है। डीजल महंगा होने से खेती की लागत और बढ़ जाएगी। किसानों का कहना है कि पहले ही खाद, बीज और मजदूरी महंगी है, अब ईंधन के दामों ने मुश्किल और बढ़ा दी है।

बरेली के स्लैंग निवासी ऑटो मैकेनिक वेदराम ने कहा कि पेट्रोल-डीजल महंगा होने से बाइक और कार चलाना मुश्किल होता जा रहा है। वहीं वैन चालक सुमति ने बताया कि डीजल की कीमतें बढ़ने के बाद किराया बढ़ाना मजबूरी बन गया है। उनका कहना है कि यदि किराया नहीं बढ़ाया जाए तो खर्च निकालना मुश्किल हो जाता है। शाहजहांपुर और पीलीभीत के ग्रामीण इलाकों में पेट्रोल पंपों पर डीजल खरीदने वालों की भीड़ बढ़ गई है। किसानों को आशंका है कि आने वाले दिनों में कीमतें और बढ़ सकती हैं। पीलीभीत के न्यूरिया क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर किसानों की लंबी लाइन लग गई। स्थिति संभालने के लिए संचालक को अलग से लाइन व्यवस्था करानी पड़ी। कुछ जगहों पर डीजल की कमी की शिकायत भी सामने आई है।

लोगों का कहना है कि ईंधन महंगा होने का असर सिर्फ सफर तक सीमित नहीं रहेगा। परिवहन खर्च बढ़ने से सब्जी, दूध, राशन और दूसरी जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भी उछाल आ सकता है। पेट्रोल पंप संचालक राजू कपूर ने बताया कि दाम बढ़ने के बाद बिक्री में गिरावट देखने को मिली है। लोगों ने अब जरूरत के मुताबिक ही वाहन चलाना शुरू कर दिया है।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242

## एक नजर

### 8 लोगों का शांतिभंग में किया चालान

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों में शांतिभंग कर रहे आठ लोगों पर शाहबाद पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आठों का शांतिभंग में चालान कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले जान मोहम्मद निवासी रुस्तमनगर, मुजाहिद खां निवासी भगवतीपुर, इशरत अली निवासी मोहल्ला कानून गौयान, रहीश निवासी बंदार, आरिफ निवासी मोहल्ला कानून गौयान, वीरपाल निवासी धुरयाई, ताले हसन निवासी जयतोली और कय्यूम निवासी मोहल्ला अफगानान का शांतिभंग में चालान कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# दो पैन कार्ड में आजम खां की बढ़ी 3 साल की सजा

## न्यायालय ने अब्दुल्ला आजम पर 3.50 लाख, आजम खां पर 5 लाख का डाला जुर्माना





जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आजम खां की 7 साल को बढ़ाकर 10 साल और पांच लाख रुपये का जुर्माना, अब्दुल्ला आजम की दो साल वाली सजा बढ़ाकर पांच साल और 3.50 लाख रुपये का जुर्माना कर दिया है।

17 नवंबर को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां, अब्दुल्ला आजम को दो पैन कार्ड मामले में दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा और पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना डाला था। इस मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। न्यायालय में सरकारी अधिवक्ता ने आजम खां, अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाए जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। इस मामले में पूर्व विधायक नवेद मियां ने भी हाईकोर्ट के आदेश को एमपी-एमएलए न्यायालय में सजा बढ़ाए जाने की मांग की थी। यह सुनवाई कई दिन न्यायालय में जारी रही। जिसमें आजम खां की ओर से सुप्रीम कोर्ट से राजेश इनामदार, सरकार की ओर एडवोकेट जनरल अनिल प्रताप सिंह ने न्यायालय में बहस की थी। शनिवार को न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आजम खां की सात साल की सजा को बढ़ाकर 10 साल, जुर्माना पांच लाख रुपये, जबकि अब्दुल्ला आजम की सजा सात साल रहेगी और जुर्माना 3.50 लाख रुपये का जुर्माना कर दिया है।



न्यायालय से बाहर आते शहर विधायक आकाश सक्सेना। -जागरण मोर्चा

यह मुकदमा भाजपा विधायक आकाश सक्सेना 6 दिसंबर 2019 को थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कराया था। अब्दुल्ला आजम ने अपने दो अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्रों के आधार दो पैनकार्ड बनवाए। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया आजम खां, अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाए जाने को लेकर राज्य सरकार की ओर से मांग की थी। जिस पर शनिवार को न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए सात साल की सजा को बढ़ाकर 10 साल, जुर्माना पांच लाख रुपये, जबकि अब्दुल्ला आजम की सजा सात साल रहेगी। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक आकाश सक्सेना न्यायालय में मौजूद रहे।

### देश में नेताओं के लिए नजीर साबित होगा कोर्ट का ऐतिहासिक फैसलाः आकाश

सपा नेता आजम खां की सजा बढ़ाने को लेकर भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला देशभर में अपराधियों के लिए नजीर साबित होगा। कोर्ट का फैसला कानून के प्रति न्यायपालिका की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में अदालत द्वारा आज़म खां की सजा को सात वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष करना तथा पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाना यह स्पष्ट संदेश देता है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। यह फैसला उन लोगों के लिए एक बड़ी सीख और मिसाल है, जो अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए नियमों और कानूनों को नजरअंदाज करने का प्रयास करते हैं। लोकतंत्र में न्यायपालिका की निष्पक्षता और कानून का सम्मान ही व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है। आज आवश्यकता है कि हर नागरिक कानून का पालन करे और पारदर्शिता एवं ईमानदारी को अपने जीवन का आधार बनाए। न्यायालय का यह निर्णय समाज में कानून के प्रति विश्वास को और मजबूत करने का कार्य करेगा।

### एक में 1 जनवरी 1993, दूसरे में 30 सितंबर 1990 तिथि

अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथियों के आधार पर दो पैन कार्ड बनवाए। एक दस्तावेज़ में जन्मतिथि 1 जनवरी 1993 और दूसरे में 30 सितंबर 1990 बताई गई थी। आरोप यह भी था कि चुनाव लड़ने की पात्रता हासिल करने के लिए दस्तावेजों में हेरफेर किया गया। जिसके बाद पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और 120बी के तहत मुकदमा दर्ज किया था। लंबे ट्रायल के बाद रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को फैसला सुनाया था।

# डूंगरपुर प्रकरण में नहीं दर्ज हो सके बयान

- छह मामलों में आ चुका है फैसला, दो में हो चुकी है सजा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** डूंगरपुर प्रकरण में शनिवार को आजम खां के बयान दर्ज नहीं हो सके। इस पर न्यायालय ने अगली तिथि 8 जून मुकर्रर की है। वर्ष 2016 में डूंगरपुर में आसरा कॉलोनी बनाने को लेकर हटाए गए अतिक्रमण को लेकर 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रह रहे लोगों की ओर से थाना गंज में आजम खां, आले हसन खां, अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली, ओमेंद्र चौहान, रानू खां, फसाहत अली शानू, फिरोज खां समेत कई के खिलाफ घर में घुसकर तोड़फोड़, लूटपाट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में धारा 307, 354,147,148, 120 बी, 323, 504, 447 आदि धाराओं में मुकदमें दर्ज किए गए थे। 6 मुकदमों में न्यायालय फैसला सुना चुकी है। जबकि 4 मामलों में आजम खां, फसाहत शानू और जल निगम के अधिकारी बरी हो चुके है।

जबकि दो शेष मामलों में आजम खां, अजहर खां ,अजहर खां, बरकत अली ठेकेदार आदि को एक मुकदमे में सात साल, दूसरे में 10 साल की सजा हो चुकी है। 6 मुकदमों की सुनवाई सेशन न्यायालय में विचाराधीन है। शनिवार को इन मुकदमों में आजम खां समेत अन्यों के बयान दर्ज नहीं हो सके। सुनवाई के दौरान वीडियो कांफ्रेंस के जरिए न्यायालय में पेश हुए।

# सप्ताह भर बाद भी नवजात के मौत के मामले में दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

- निजी जच्चा-बच्चा केंद्र पर लापरवाही का आरोप, कार्रवाई को भटक रहा परिवार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** गंज थाना क्षेत्र स्थित एक निजी जच्चा-बच्चा केंद्र में नवजात की मौत के मामले में सात दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होने से पीड़ित परिवार परेशान है। परिवार ने पुलिस पर मामले में टालमटोल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि 17 मई को प्रसव के लिए महिला को जिला अस्पताल में तैनात एक महिला चिकित्सक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि प्रसव के दौरान अस्पताल स्टाफ और चिकित्सक की लापरवाही के कारण नवजात की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

पीड़ित पक्ष ने उसी दिन थाना गंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। परिवार का आरोप है कि पुलिस लगातार जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को टाल रही है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संचालिका को बचाने में फिराक में जुटा विभाग

थाना गंज क्षेत्र स्थित किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र को सील करने पहुंचे नोडल ने कहा था कि इस केंद्र का विभाग में पंजीकरण नहीं हैं। लेकिन इसके बाद ही संचालक को बचाने में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार जुटे हुए हैं। नवजात की मौत होने के बाद दूसरे दिन ही संचालिका सीएमओ ऑफिस गई। जानकारी में आया है कि जहां पर संचालिका और सीएमओ के बीच वार्ता हुई। उसके बाद से ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

# पीने के पानी की व्यवस्था करें नगर पंचायतः विनोद गुप्ता

**शाहबाद।** मनोना धाम के श्याम मंदिर के रामपुर मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता ने नगर पंचायत से मांग की है कि आंवला रोड पर चौराहे के लोगो और राहगीरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था कराई जाएं। विनोद गुप्ता ने बताया कि आंवला रोड के मोड़ पर एक हैंडपंप था जिससे लोग भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाते थे, लेकिन अब वो भी खराब हो गया है।

उससे बेहद गंदा पानी आ रहा है, जिससे लोगों के बीमार पड़ने का खतरा है। विनोद गुप्ता ने नगर पंचायत के अध्यक्ष पति वसीम खां से है इस मार्ग से आने जाने वाले यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# कैंटर व ट्रैक्टर ट्राली टक्कर में दो की मौत

- नैनीताल हाईवे पर सनकरा गांव के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**भोट।** नैनीताल हाईवे पर कैंटर व गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गयी व ट्रैक्टर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला चिकित्सालय भेजकर मृतकों के शव पोस्टमार्टम को भिजवाये हैं।

मुरादाबाद जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के रजौड़ा गांव निवासी सोनू व आकाश शनिवार सुबह करीब सात बजे गेहूं से लदी ट्रैक्टर ट्राली लेकर बिलासपुर मंडी की ओर जा रहे थे।नैनीताल हाईवे पर सनकरा गांव के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्राली में पीछे की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी।कैंटर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली बेकाबू होकर हाईवे किनारे पलट गयी व ट्रैक्टर चला रहा आकाश तथा ट्रैक्टर में बैठा सोनू व कैंटर चालक संजेश गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी व तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां उपचार के दौरान कैंटर चालक मध्यप्रदेश के अमोला थाना क्षेत्र के आमरपटा गांव निवासी संजेश पुत्र मलखान लोधी तथा ट्रैक्टर चालक मुरादाबाद जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के राजोड़ा गांव निवासी आकाश पुत्र खेमपाल की मौत हो गयी। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि हादसे में कैंटर चालक व ट्रैक्टर चालक की उपचार के दौरान मौत व ट्रैक्टर सवार एक युवक घायल हो गया है। घायल का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

- टांडा थाना क्षेत्र का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के 4 सदस्यों को 6 स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

उपनिरीक्षक सत्यम कुमार व उपनिरीक्षक ऋषभ पुण्डीर के नेतृत्व में पुलिस की दो टीमें क्षेत्र में गश्त, चेकिंग और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। दढ़ियाल मार्ग पर जटपुरा पुलिया के निकट चेकिंग के दौरान दो काली रंग की बिना नंबर प्लेट वाली स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें आती दिखाई दीं, जिन पर कुल 4 व्यक्ति सवार थे। पुलिस ने उन्हें रोकने का संकेत किया तो सभी व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने उन्हें घेरकर जटपुरा पुलिया से दढ़ियाल की ओर करीब 50 कदम की दूरी पर पकड़ लिया।




पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोर। -जागरण मोर्चा

गिरफ्तार आरोपियों के नाम लक्की पुत्र हितेश, निवासी ग्राम सहसपुरी, थाना डिलारी, जनपद मुरादाबाद,अभय कांत पुत्र संजय सिंह, निवासी ग्राम मकरपुरी, थाना स्योहरा, जनपद बिजनौर,आकाश पुत्र मनोज कुमार, निवासी ग्राम आलमपुरी, थाना स्योहरा, जनपद बिजनौर (हाल निवासी खडकपुर देवीपुरा, थाना आईटीआई काशीपुर, जनपद उधम सिंह नगर),राजू सिंह पुत्र राम सिंह, निवासी ग्राम मकरपुरी, थाना स्योहरा, जनपद बिजनौर हैं।पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने चोरी की गई कुल 6 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घटनास्थल के पास से बरामद कराईं।

आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी की गई बाकी वाहनों की तलाश में जुटी हुई है।

# अजीमनगर पुलिस मुठभेड़ में इनामी गोकश समेत दो पकड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25000 का इनामी गोकश पर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपियों ने 10 दिन पूर्व थाना क्षेत्र में गोकशी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने भाग रहे उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार किया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरैटा नोरंगपुर मार्ग का है। 10 दिन पहले थाना क्षेत्र के नगला गणेश गांव में गोकशी की घटना हो गई थी। पुलिस ने एक आरोपी को अगले दिन ही मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार दोपहर बाद थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ नोरंगपुर हरैटा मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सामने से आ रही बाइक को पुलिस ने रोकने को कहा तो वह जंगल की ओर भागने लगा। पुलिस ने आरोपी का पीछा किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई। जबकि जंगल की ओर भाग रहे उसके साथी को पुलिस ने पीछा करने के बाद पकड़ लिया। पूछताछ करने पर मालूम हुआ घायल 25 हजार का इनामी गोकश खंडिया निवासी शादाव था। जबकि उसके साथ पकड़ा गया बगरब्बा निवासी तकदीर निकला। दोनों ही आरोपी 10 दिन पूर्व हुई गोकशी की घटना में शामिल थे। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद आसपास के थानों की पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया पुलिस की जवाबी फायरिंग में 25 हजार का इनामी गोकश पैर में गोली लगने से घायल हो गया है।

# घर पहुंचे बाप बेटे के शव तो मची चीख पुकार, हर आंख हुई नम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** बिहार के आरा से जैसे ही बाप बेटे के शव घर पहुंचे तो चीख पुकार मच गई। जबकि हर आंख नम हो गई। शव घर पहुंचने के बाद देखने वालों का तांता लगा रहा बेटे के शव को सुबह 11 बजे जबकि बाप के शव को दोपहर 2:00 बजे के बाद सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

ध्यान रहे कि अजीम अपनी पत्नी नाजिया परवीन व दो बेटे दानियाल व छोटू के साथ मुरादाबाद जंक्शन से गुरुवार को जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जा रहा था। जैसे ही शुक्रवार की सुबह जब ट्रेन आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रुकी तो वह कुछ सामान खरीदने के लिए अपने बेटे के साथ उतर गया। इस दौरान ट्रेन चलने लगी। तभी चढ़ने के दौरान दोनों ट्रेन से गिर पड़े। जिससे उसके बेटे दानियाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तब स्थानीय लोगों व जीआरपी पुलिस के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। तब रेल पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

पोस्टमार्टम होने के बाद शनिवार की सुबह लगभग 9:00 बजे बाप बेटे के शव एंबुलेंस के द्वारा बिहार के आरा से नगर के मोहल्ला पड़ाव में पहुंचे। जैसे ही शव घर पहुंचे तो चीख पुकार मच गई । जबकि हर आंख नम हो गई । बाप बेटे के शव पहुंचने के बाद देखने वालों का तांता लग गया। बेटे दानियाल के शव को सुबह 11:00 जबकि बाप अजीम के शव को दोपहर बाद लगभग 2:00 बजे नगर के टांडा मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया। वही बाप बेटे की मौत के बाद मोहल्ले के कई घरों में गम के कारण चूल्हे नहीं चल सके।




**राहत** मुंबई में हुई न्यायोचित मांगों पर चर्चा

# बैंक कर्मियों की 25-26 की हड़ताल हुई स्थगित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन एवं बैंक प्रबंधन के बीच कॉर्पोरेट सेंटर, मुंबई में महत्वपूर्ण वार्ता संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न न्यायोचित मांगों पर हुई चर्चा सकारात्मक रही। कई मांगों पर सार्थक प्रगति हुई है।

वार्ता के दौरान हुए सकारात्मक विकास एवं प्रबंधन के आश्वासनों को दृष्टिगत रखते हुए ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन द्वारा प्रस्तावित 25, 26 मई की दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। फेडरेशन सभी संबद्ध इकाइयों, पदाधिकारियों एवं संघर्षशील साथियों का हार्दिक आभार व्यक्त करता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र के उप महामंत्री कामरेड नवींद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि साथियों की एकता एवं संघर्ष की बदौलत ही यह सकारात्मक वातावरण बना है। फेडरेशन भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों एवं अधिकारों की रक्षा के लिए पूर्ण प्रतिद्धता के साथ कार्य करता है। रामपुर क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया कि उपरोक्त हड़ताल स्थगित होने से संगठन को बहुत बड़ी उपलब्धि मिली है और जब-जब संगठन बैंक प्रबंधन से अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन धरना हड़ताल करता है तब तक हमेशा बैंक प्रबंधन की हार होती है और संगठन के साथियों की जीत हुई है।



नवींद्र कुमार, उप महामंत्री कामरेड।



धनराज, क्षेत्रीय सचिव कामरेड।

# गर्मी को देखते हुए मकान सूचीकरण का समय आगे बढ़ाया जाए

## लू के प्रकोप में घर घर जाकर सर्वे करना और फील्ड का भ्रमण करना कर्मचारियों के लिए बनीं एक बड़ी चुनौती



भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जनगणना कार्य को वर्तमान परिस्थितियों में कराना शिक्षक कर्मचारियों के स्वास्थ्य के वोलिए जोखिमपूर्ण है। ऐसे मौसम में फील्ड में जाकर कार्य करना कठिन होने के साथ–साथ लू एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका बनी हुई है।शिक्षक एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संगठन द्वारा मांग की जाती है कि भीषण गर्मी के दौरान जनगणना कार्य स्थगित किया जाए।

**–रवेन्द्र गंगवार जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ**



भीषण गर्मी को देखते हुए जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को राहत प्रदान किया जाना आवश्यक है। वर्तमान समय में अत्यधिक तापमान के कारण शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में जनगणना कार्य सर्दियों में या वर्तमान में प्रातः एवं सायंकाल निर्धारित किया जाए अथवा आवश्यकतानुसार कार्य स्थगित किया जाए। इससे कार्य भी सुचारु रूप से संपन्न होगा और शिक्षकों का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहेगा। **–कैलाश बाबू पटेल जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ**



जनगणना कर्मियों के लिए भीषण गर्मी (45 से 48 डिग्री सेल्सियस) तापमान और लू के प्रकोप में घर घर जाकर सर्वे करना और फील्ड का भ्रमण करना एक बड़ी चुनौती है। माननीय सरकार को मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए जनगणना कर्मियों के स्वास्थ्य के हितों में जनगणना के कार्य की समय सीमा अति शीघ्र बड़ा देनी चाहिए और जनगणना कर्मियों के साथ अनहोनी होने पर उनके परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक धनराशि की सहायता भी मिलनी चाहिए।

**–डॉ. राजवीर सिंह जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ**



भीषण गर्मी और लू ने वर्तमान समय में आम आदमी का जीवन दुश्वार कर दिया है।सरकार ने इस संबंध में अलर्ट भी जारी किया है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ इस भीषण गर्मी और लू में सरकार शिक्षक, कर्मचारियों से जनगणना का कार्य करा रही है। प्रश्न ये उठता है कि शिक्षक एक इंसान नहीं है। सरकार को चाहिए कि अभी इस भीषण गर्मी में जनगणना का कार्य रोककर उसे आगे बढ़ाया जाए। कर्मचारियों को इस भीषण गर्मी और लू के थेपड़ों से बचाया जा सके।

**–रामचन्द्र जिला महामंत्री यूटा**



भीषण गर्मी और लू ने वर्तमान समय में आम आदमी का जीवन दुश्वार कर दिया है।सरकार ने इस संबंध में अलर्ट भी जारी किया है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ इस भीषण गर्मी और लू में सरकार शिक्षक, कर्मचारियों से जनगणना का कार्य करा रही है। प्रश्न ये उठता है कि शिक्षक एक इंसान नहीं है। सरकार को चाहिए, कि अभी इस भीषण गर्मी में जनगणना का कार्य रोककर उसे आगे बढ़ाया जाए। ताकि कर्मचारियों को इस भीषण गर्मी और लू के थेपड़ों से बचाया जा सके।

**– शबनम आरा शिक्षिका**



गर्मी की छुट्टियों में जनगणना ड्यूटी का काम अभी चल रहा है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगाई गई है।दिक्कत ये है कि ये काम ग्रीष्मावकाश यानी गर्मी की छुट्टियों के दौरान हो रहा है, जो शिक्षकों का वैधानिक अवकाश होता है। गर्मी की छुट्टी शिक्षकों के आराम और ऊर्जा वापस पाने का समय होता है। जनगणना का काम 22 मई से 20 जून तक चलने के निर्देश हैं। जिसने अधिकतर शिक्षकों को लगाया गया है। हीट वेव के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। **–राम बहादुर, जिलाध्यक्ष एससी एसटी, जिलाध्यक्ष**



भीषण गर्मी में शिक्षकों से जनगणना जैसे मैदानी कार्य कराना अत्यंत कठिन एवं जोखिमपूर्ण है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण लू और डिहाइड्रेशन का खतरा बना रहता है। सरकार को चाहिए कि शिक्षकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए जनगणना कार्य में उचित राहत प्रदान करे। आवश्यकता पड़ने पर कार्य की समय–सारिणी में बदलाव किया जाए तथा पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। शिक्षक सुरक्षित रहेंगे तभी वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर पाएंगे।

**–आनन्द प्रकाश गुप्ता जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ**



जनगणना का कार्य चल रहा है हमारे शिक्षक साथी और कर्मचारी जिनकी ड्यूटी है वह घर–घर डोर टू डोर जाकर जनगणना कार्य कर रहे हैं लेकिन इस समय बहुत अधिक गर्मी है तपिश है लू है और इस भीषण गर्मी में घर से निकलना मुश्किल है तो ऐसे में हमारी यही मांग है कि इस जनगणना के काम को थोड़ा आगे बढ़ा दिया जाए क्योंकि इस भयंकर गर्मी में एक आम इंसान को निकलना मुश्किल हो रहा है तो कर्मचारी जो जनगणना में लगे हुए हैं उनको बहुत बड़ी समस्या है। **– मोहम्मद सईद सागर, जिला मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ**



राजकीय नलकूपों के संचालन करने की बजाय जनगणना के कार्यक्रम में लगाया गया है। जिससे कि कृषि में सिंचाई कार्य की प्रगति पूरी तरह बाधित हो गई है। चालक प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य की चिंता किए बगैर घर–घर जाकर के जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। **–पंडित रामबाबू शर्मा जिलाअध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद**



इस समय भीषण गर्मी अपने पूरे उच्च तापमान पर है सारे लोग गर्मी में झुलस रहे है, उसपर भी बिजली की पूर्ति भी बहुत बाधित है। इसीलिए शासन प्रशासन से आग्रह है कि जनगणना का समय और आगे को बढ़ाने का कष्ट करें।

**–महावीर सिंह**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** भीषण गर्मी में घर-घर जाकर मक़ाम सूचीकरण का कार्य करना कर्मचारियों के लिए आफत बन गया है। प्रगणक और सुपरविजन कर्मियों के लिए भीषण गर्मी (45 से 48 डिग्री सेल्सियस तापमान) और लू के प्रकोप में घर घर जाकर सर्वे करना और फील्ड का भ्रमण करना एक बड़ी चुनौती है। कर्मचारी मांग उठा रहे हैं कि गर्मी को देखते हुए समय बढ़ाए जाए। मकान सूचीकरण के कार्य में लगे कर्मचारियों का कहना है कि एक ओर तो एडवाइजरी जारी करते हुए हिदायत दी गई है कि सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें वहीं वास्तविकता यह है चिलचिलाती धूप में कर्मचारियों के स्वास्थ्य की अनदेखी कर मकान गणना का कार्य करवाया जा रहा है।


जनगणना का कार्य शुरू हो चुका है। कर्मचारी घर- घर जाकर सर्वे कर रहे हैं, लेकिन पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। लोगों का घर से निकलना तक दुश्वार हो गया है। ऐसे में घर-घर जाकर जनगणना करने में लोगों को परेशानी आ रही है। ऐसे मौसम में फील्ड में जाकर कार्य करना कठिन होने के साथ-साथ लू एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में जनगणना कार्य सर्दियों में या वर्तमान में प्रातः एवं सायंकाल निर्धारित किया जाए अथवा आवश्यकतानुसार कार्य स्थगित किया जाए। साथ ही शिक्षकों को पेयजल, छाया एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। इससे कार्य भी सुचारु रूप से संपन्न होगा और शिक्षकों का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहेगा।

## सार संक्षेप

### जनगणना में राजवीर सिंह, मुजीब मियां बने मिसाल



**रामपुर।** तहसील शाहबाद के प्राथमिक विद्यालय जयतौली में कार्यरत सहायक अध्यापक राजवीर सिंह ने जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले ही दिन मकान गणना का कार्य शत–प्रतिशत पूरा कर लिया। उनकी ड्यूटी एचएलबी 240 जयतोली क्षेत्र में लगाई गई थी।बताया गया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों की गणना का कार्य किया जाना था, जिसे राजवीर सिंह ने समय से पहले पूर्ण कर प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। इससे पूर्व भी उनकी ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र 101 मिलक में मतदाता सत्यापन कार्य में लगाई गई थी, जहां उन्होंने सबसे पहले अपने 940 मतदाताओं का सत्यापन पूरा किया था। लगातार बेहतर कार्यशैली और जिम्मेदारी के साथ कार्य पूर्ण करने पर राजवीर सिंह अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। प्रशासन द्वारा भी ऐसे कर्मठ प्रगणकों को सम्मानित कर अन्य कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया जा रहा है।जिला अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने नगर पंचायत शाहबाद में तैनात प्रगणक मुज़ीब मियां को सम्मानित किया है उन्होंने भी पहले दिन अपना कार्य प्रतिशत पूरा कर लिया है।



बैठक में बोलते डीएम–एसपी।

### अवैध खनन रोकने को प्रशासन सक्रिय, सोर्स प्वाइंटों पर रखी जाएगी पैनी नजर:डीएम

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री सोमेन्द्र मीणा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित कर जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग की रोकथाम को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा राजस्व क्षति रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित सभी 9 चेक प्वाइंटों पर नियमित एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही नो–एंट्री अवधि के दौरान भी विशेष अभियान संचालित करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध की जाने वाली प्रत्येक कार्रवाई की सूचना जनपद में स्थापित कंट्रोल रूम को भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, जिससे कार्यवाही की सतत निगरानी एवं प्रभावी अनुश्रवण किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को गंभीरता के साथ संचालित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाहियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई तय की जाए।बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बंगाली तिराहे पर आपस में भिड़े सांड, मची अफरा तफरी

**शाहबाद।** शनिवार देर शाम शाहबाद के बंगाली तिराहे पर दो सांड आपस में बुरी तरह भीड़ गए, जिसके चलते पूरे बाजार में अफरा तफरी मच गई। दुकानदार दोनों सांडो को अलग करने के लिए कभी पानी डाल रहे थे, तो कुछ लोगों ने डंडे का इस्तेमाल कर भी सांडो को अलग करने की कोशिश की। लेकिन दोनों सांड एक दूसरे से बुरी तरह लड़ रहे थे। दोनों सांडो की लड़ाई में मार्केट में खड़ी कई बाइके भी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गनीमत रही कि हर समय भरे रहने वाले मार्केट में किसी को चोट नहीं लगी। दुकानदारों के बहुत बचाने पर दोनों सांड अलग होकर सब्जी मार्केट की तरफ दौड़ पड़े, तब जाकर दुकानदारों और राहगीरों ने चैन की सांस ली।



आपस में भिड़े सांडो को अलग करते दुकानदार।

## वन्यजीवों की अकाल मौत पर गौ रक्षा दल ने सौंपा ज्ञापन

- **समय पर न पहुंचने से होती है जीवों की मौत, शांतिपूर्ण प्रदर्शन की चेतावनी**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मिलक।** वन्यजीव संरक्षण में बढ़ती लापरवाही और वन्यजीवों की लगातार हो रही अकाल मृत्यु की घटनाओं को लेकर गौ रक्षा दल रठौण्डा ने मिलक उपजिलाधिकारी मिलक को नायब तहसी लदार अंकित अवस्थी के द्वारा ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष अक्षय पंडित ने ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में हिरण, नीलगाय, बंदर, पक्षी आदि बेजुबान वन्यजीवों की अकाल मृत्यु की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण ये घटनाएं हो रही हैं।ज्ञापन में वताया गया कि गौ रक्षा दल की टीम के द्वारा हिरण, बंदर का रेस्क्यू किया गया।गौ रक्षा दल ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बाद भी वन विभाग के कर्मचारी 2 से 3 घंटे देरी से पहुंचते हैं, जिसके कारण कई बार जीवों की मृत्यु हो जाती है। संगठन ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण विवश होकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। संगठन ने मांग की है कि लापरवाह वन कर्मचारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। वही मिलक रेंजर शिव शंकर यादव का कहना है कि हिरण को पुराना जख्म था उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई डॉक्टरों की निगरानी में हिरण का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार किया गया।



ज्ञापन सौपते पदाधिकारी।

### सील हटाकर सेंटर का संचालन करने में एफआईआर

**रामपुर।** थाना पटवाई क्षेत्र में एक्सरे सेंटर की सील हटाने के मामले में नोडल ने एफआईआर दर्ज कराई है। विभागीय अधिकारियों की इस कार्रवाई से अन्य संचालकों में खलबली मची रही। 16 मई को नोडल अधिकारी ने सेवा डिजिटल एक्सरे सेंटर को सील किया था। लेकिन संचालक ने अगले दिन गुपचुप तरीके से सील हटाकर सेंटर का संचालन शुरू कर दिया। लगातार सेंटर पर एक्सरे होते रहे। लेकिन शनिवार को नोडल देवेश चौधरी ने सेवा डिजिटल एक्सरे सेंटर पर पहुंचे। तो सेंटर पर कोई नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने संबंधित थाने में सील हटाकर सेंटर का संचालन करने में एफआईआर दर्ज कराई है।

## 58 नलकूपों पर लगेंगे 20 जनरेटर, मिलेगी निर्बाध आपूर्ति

- **ईद उल अजहा को लेकर पालिका प्रशासन सतर्क**

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** ईद उल अजहा के पर्व को लेकर पालिका प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रशासन ने पेयजल आपूर्ति के लिए खास बंदोबस्त किए हैं। ईद पर शहरवासियों को निर्बाध रूप से वाटर सप्लाई मिलेगी। ईओ ने जलकल विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए है किसी को भी पानी के लिए परेशान न होने पड़े।

नगर पालिका परिषद के 43 वार्ड है। इन वार्डों में वाटर सप्लाई के लिए 58 नलकूप और 27 ओवरहैड टैंक है। लेकिन बकरीद को लेकर 58 नलकूपों को चलाने के लिए 20 जनरेटर की व्यवस्था की गई है। जोकि आपूर्ति बाधित होने पर तुरंत ही चालू किया जाएगा। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बिजली आपूर्ति के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शहरवासियों को निर्बाध रूप से वाटर सप्लाई मिलेगी। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गई है ईद के पर्व पर उपभोक्ताओं को तीन दिन पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति मिले। बकरीद को लेकर तैयारियां पूर्ण है किसी को भी वाटर सप्लाई के लिए परेशान न होना पड़ेगा। साथ ही वाटर सप्लाई बाधित होने पर कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने नाज हॉस्पिटल के संचालक को जारी किया नोटिस

**स्वार।** नाज हॉस्पिटल में किशोरी के प्रसव कराई जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हॉस्पिटल को सील कर दिया गया था। लेकिन संचालक द्वारा सील को तोड़कर फिर से हॉस्पिटल शुरू कर दिया गया जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग में हॉस्पिटल संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अन्यथा अग्रिम कार्यवाही की चेतावनी दी हैं। नगर स्थित नाज हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किए जाने के बाद नया मोड़ सामने आया है। बताया जा रहा है कि हॉस्पिटल को सील करने के करीब आधे घंटे बाद ही सील तोड़कर दो बारा संचालन शुरू कर दिया गया। मामले को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। वही अस्पताल की सील तोड़ने का मामला प्रकाश में आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नाज नर्सिंग होम की संचालख को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है जवाब न देने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।नोडल अधिकारी डां देवेश चौधरी ने बताया कि नाज हॉस्पिटल को सील किया गया था। सील तोड़कर संचालन किया गया है वह अपराध की श्रेणी में आता है।

## कांग्रेसियों ने बैलगाड़ी रैली निकालकर जताया महंगाई का विरोध

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

रामपुर। कांग्रेस ने महंगाई, भ्रष्टाचार और पेपर लीक सहित केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं को लेकर बैलगाड़ी रैली निकाली। जनता तक अपना संदेश पहुंचाने का प्रयास किया। पूछा कि अच्छे दिन कहां गए। इसके बाद तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित अपना ज्ञापन भेजकर केंद्र सरकार को बर्खास्त करने की मांग की।

नेशनल हाईवे स्थित अहरो तिराहे पर एकत्र हुए, जहां से विरोध प्रदर्शन के रूप में बैलगाड़ी रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक संजय कपूर ने किया। इस गाड़ी में जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित सहित कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी सवार थे। बैलगाड़ी के पीछे लोहे की जंजीर से एक ट्रैक्टर बांधा गया था और डीजल-पेट्रोल की महंगाई का विरोध जताया गया। पेट्रोल की महंगाई को दिखाने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता अपनी-अपनी बाइक को पैदल लेकर चल रहे थे। रैली में शामिल अनेकों कार्यकर्ताओं के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर महंगाई, भ्रष्टाचार, पेपर लीक सहित अनेक मुद्दों पर नारे लिखे हुए थे। कुछ तख्तियों पर लिखा था- 'अच्छे दिन कहां गए।' हाईवे पर रैली के दौरान पूर्व विधायक कपूर ने कई स्थानों पर रुककर जनता को केंद्र सरकार की खामियां बताईं और 'वोट की ताकत' के इस्तेमाल और 'बदलाव' का आग्रह किया। इस दौरान खूब नारे लगाए गए। इस अवसर पर नगराध्यक्ष बाकर अली खान, ब्लॉक अध्यक्ष गुरबाज सिंह संधू, जिवेन्दर गंगवार, रवि टंडन, डॉ. जफर, सज्जू साहब, अजीत सिंह, दुर्गेश मौर्य, सरदार चरण सिंह आदि मौजूद रहे।




विरोध प्रदर्शन करते संजय कपूर पूर्व विधायक।

### अलग- अलग सड़क हादसों में दो जख्मी, एक रेफर

**शाहबाद।** शाहबाद थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि एक घायल को शाहबाद सीएचसी से प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।मिलक तुरखेड़ा निवासी संजीव सड़क हादसे का शिकार होकर बुरी तरह घायल हो गया। वहीं दूसरी तरफ नरेंद्रपुर निवासी यशवीर भी सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गया।

सूचना मिलते ही एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। संजीव की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**जनगणना** डीएम आवास एवं रजा लाइब्रेरी का विवरण दर्ज

## जनगणना में मकान सूचीकरण एवं हाउस लिस्टिंग कार्य तेज

- **20 जून तक हाउस लिस्टिंग पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** भारत की जनगणना-2027 के तहत जनपद में प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं हाउस लिस्टिंग कार्य में प्रमुख जनगणना अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के आवास तथा रजा लाइब्रेरी का विवरण निर्धारित प्रारूप के अनुसार दर्ज किया गया। नियुक्त प्रगणनक द्वारा आवश्यक जानकारियों का संकलन करते हुए जनगणना कार्यवाही संपादित की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं विकासात्मक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचनाओं, सामाजिक विकास कार्यक्रमों तथा संसाधनों के वितरण से संबंधित नीतियों का निर्धारण करती है।उन्होंने जनपदवासियों सेअपील करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा गणना कार्मिकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य में लगाए प्रगणनकों एवं सुपरवाइजरों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह कार्य धैर्य, समर्पण एवं राष्ट्रहित से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसे पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाना चाहिए।बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रगणनक घर-घर जाकर प्रत्येक भवन, मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारियां निर्धारित प्रारूप पर दर्ज करेंगे। इस प्रक्रिया में भवनों की स्थिति, उपयोग, उपलब्ध सुविधाओं तथा परिवारों से जुड़ी मूलभूत जानकारियों का संकलन किया जाएगा।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 20 जून तक मकान सूचीकरण एवं हाउस लिस्टिंग कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि जनपद के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुल 4330 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं।कार्य के लिए 17 चार्ज अधिकारी, 4652 प्रगणनक एवं 745 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। सभी कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर क्षेत्रवार जिम्मेदारियां निर्धारित की जा चुकी हैं।उन्होंने बताया प्रगणनकों एवं सुपरवाइजरों के सहयोग हेतु 80 फील्ड ट्रेनर एवं 02 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं, जो फील्ड स्तर पर आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे तथा तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान में सहयोग करेंगे। इस मौके पर ईओ नगर पालिका परिषद दुगेश्वर त्रिपाठी, सहायक चार्ज अधिकारी अनिकेत प्रताप सिंह, जनगणना लिपिक असीम मुशान, फील्ड ट्रेनर रजत कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।



जनगणना के लिए डीएम के संग खड़े ईओ, पालिका कर्मी। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### समावेशी शिक्षा तथा सक्रिय शिक्षण पद्धतियों के बारे में दी जानकारी

**मिलक।** सीबीएसई के तत्वावधान में को गुरु नानक एकेडमी में शिक्षकों के लिए हैपी क्लासरूम विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को सकारात्मक, सुरक्षित और आनंद दायक शिक्षण वातावरण विकसित करने के लिए प्रशिक्षित करना था। संसाधन व्यक्तियों के रूप में मधु शर्मा, प्रधानाचार्य राइड स्टार इंटरनेशनल एकेडमी,जसपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड और गरिमा भारतीय, प्रधानाचार्य टैगोर वर्ल्ड बरेली पब्लिक स्कूल ने प्रशिक्षण दिया। शिक्षकों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता, छात्र–शिक्षक संबंध, तनाव प्रबंधन, समावेशी शिक्षा तथा सक्रिय शिक्षण पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। कहा कि खुश शिक्षक ही खुशहाल कक्षा का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी,सेंट पॉल्स, ग्लोबल इंटरनेशनल, गाइडेंस इंटरनेशनल,महर्षि विद्यामंदिर, कॉन्वेंट फाउंडेशन एकेडमी, सेंट मेरी व सेंट मेरी शाहबाद आदि स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से किसान की मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। देर शाम को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मंढौली नहवासर चंद्रपाल उम्र 45 पुत्र नाथू सिंह शुक्रवार की रात 9:10 काम निपटाने के बाद घर को जा रहे थे कि इस दौरान पंजाब नगर स्थित बब्बू के कांटे के सामने से आ रही लकड़ी से भरी ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। उसके बाद घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद परिजन भी आ गए। शव को देखकर रोना पीटना मचा दिया। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।



जिला अस्पताल में मौजूद किसान के परिजन व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

### मृतक ने अपने पीछे चार लड़किया छोड़ी

किसान चंद्रपाल की मौत के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। किसान ने अपने पीछे चार लड़कियां छोड़ी है ।लड़का कोई नहीं है। छोटे–छोटे बच्चे हैं शादी किसी लड़की की नहीं हुई है। पत्नी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है कि इन बच्चों की देखरेख कौन करेगा। पूरे दिन घर पर लोगों का तांता लगा रहा। हादसे के बाद मौके पर भी लोगों की भीड़ एकत्रित रही थी।

# स्काउट-गाइड का सेवा शिविर, यात्रियों को पिलाया पेयजल



रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों को पानी पिलाते स्काउट गाइड। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्काउट गाइड ने निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के तीसरे दिन विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड ने सुबह 10 बजे अपनी अपनी टोलियों को निर्धारित बेस पर लगाकर शीतल जल सेवा प्रारंभ की। जैसे जैसे मौसम में उष्णता बढ़ती गयी स्काउट और गाइड द्वारा की जा रही शीतल जल सेवा जोर पकड़ने लगी। गर्म लू मुसाफिरों के हलक सुखा रही थी। तपती दोपहर में निशुल्क शीतल जल पिलाने वाले ये स्काउट गाइड किसी देवदूत की मानिंद सेवा कर रहे थे सेवा की।

इस भावना ने मुसाफिरों को दुआएं देने को विवश कर दिया। पथिकों ने स्काउट गाइड की बहुत सराहना की। इस कार्यक्रम मे स्काउट गाइड के भोजन की व्यवस्था निंदा खुशनूद जिला गाइड कैप्टन, जिला स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह ने की।शीतल जल के लिए बर्फ की व्यवस्था कपिल आर्य राष्ट्रपति स्काउट ने की।इस अवसर पर बलराम सिंह, गुरप्रीत सिंह, ओमप्रकाश सैनी, रूपा अग्रवाल, जमाल फात्मा, निदा खुशनूद, भुजवीर सिंह, जीतू कुमार,नरवंत कौर, प्रेमपाल, संजय गुप्ता, हीरा कली, वीरवती, नितिन गंगवार, वीरेश, शिवम, विक्रम, शिव,गाइड, अंशिका, आशी, खुशी, आस्था, अनम,अनमोल, महिमा, कहकशा आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



लोगों की फरियादें सुनते एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन।

### थाना दिवस में आईं 13 शिकायतें , दिए निर्देश

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद कोत वाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन ने संयुक्त रूप से की। एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन ने थाना समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों को सुना और उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में कुल 13 शिकायती पत्र आए जिनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। सभी शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया। थाना समाधान दिवस के मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, एसएसआई रामचंद्र सिंह, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां, कांस्टेबल आवेश कुमार समेत राजस्व विभाग के कानून गो/ लेखपाल मौजूद रहे।



लोगो को शरबत वितरित पदाधिकारी।

### भीषण गर्मी में लगाई छबील

**रामपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रसिद्ध समाज सेवी दीपक खण्डेलवाल द्वारा सिविल लाइन स्थित अपने प्रतिष्ठान खण्डेलवाल ब्राद्रस पर शीतल पेय जल का वितरण वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार जैन के सानिध्य में हजारों राहगीरों ने शीतल पेय पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस अवसर पर साधना खण्डेलवाल,अन्जू जैन ,जितेन्द्र जैन, सीमा जैन, प्रदीप, अरविंद आदि सीमा में उपस्थित हुए दीपक खण्डेलवाल द्वारा निशुल्क आक्सीजन गैस मरीजों को दी जाती है, भीषण ठंड भी इनके द्वारा चाय बिस्कुट का वितरण किया गया था।




बिजली अधिकारियों के साथ बैठक करते स्वार विधायक।

### विधायक ने बिजली अधिकारियों के साथ की बैठक

**स्वार।** विधानसभा 34 स्वार टांडा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी जनसमस्याओं के समाधान के लिए विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अधिशासी अभियंता , उपखंड अधिकारी एसडीओ एवं अवर अभियंता जेई के साथ बैठक कर चर्चा की।बैठक में क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, जर्जर तारों को बदलने, लो–वोल्टेज की समस्या और लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार–विमर्श हुआ।विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे का प्राथमिकता पर समाधान किया जाए और बिजली कटौती की समस्या को तत्काल दूर किया जाए।विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा, क्षेत्र की जनता को 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली मिले, इसके लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूँ। कोई भी समस्या लंबित नहीं रहेगी।

# सड़क हादसे में महिला बच्चों समेत 6 घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीम नगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में महिला बच्चों समय 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद थूनापुर मार्ग स्थित नगला गणेश गांव के पास का है। शनिवार दोपहर को कार और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। आमने-सामने से टक्कर के बाद दोनों वाहन गहरे नाले में जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। पास से गुजर रहे राहगीरों नें माजरा देखा तो उनके होश उड़ गए। इस दौरान कई सारे ग्रामीण घायलों को निकालने के लिए नाले के अंदर घुस गए। काफी मशक्कत के बाद सभी घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों में कार सवार मिलक कोतवाली के भगतपुर निवासी सलीम मियां, उजमा, मनहा और भूरा शामिल हैं। जबकि बाइक सवार घायलों में हर वंश और कृषि सैनी निवासी नगलिया के थे। हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दो लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। परिजन जो भी तहरीर देंगे उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# चेयर रेस, वॉलीबॉल, खो-खो, पोस्टर मेकिंग सहित कई प्रतियोगिताएं संपन्न

- एसआरएम इंटर कॉलेज मिलक में समर कैंप का दूसरा दिन, छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** एसआरएम इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप के द्वितीय दिवस पर कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया।कक्षा 6 से 8 तक की चेयर रेस का शुभारम्भ प्रबन्धक अक्षत सिंघल ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इसमें कक्षा 6 से अतुल, कक्षा 7 से अजय यादव और कक्षा 8 से अंश गौतम विजेता रहे। पोस्टर एवं क्राफ्टिंग जूनियर वर्ग में गुरप्रीत सिंह व जितिन ने बी.टी. स्पीकर, रचिन व दीपक ने मिट्टी की मूर्ति, सलौनी व सुरजिता ने प्राकृतिक दृश्य व पोस्टर बनाकर सबका मन मोह लिया। वॉलीबॉल कक्षा 9 व 10 की वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेमेन्द्र व परमानन्द की देखरेख में हुई, जिसमें कक्षा 10 ए की टीम विजयी रही। खो-खो खो-खो खेल का शुभारम्भ संस्थापक संजय सिंघल व प्रधानाचार्या बबीता ने संयुक्त रूप से टॉस उछालकर किया। इसमें 5 टीमें खेलीं, जिसमें टीम ए की मुस्कान, शिक्षा, नेहल, अलीजा, आलिया, दिव्या, राधिका, सुनाक्षी, अंशिका आदि छात्राओं ने बाजी मारी।कैरम बोर्ड कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में कक्षा 10 की अंजलि विजयी रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जलपान कराकर अवकाश दिया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के समस्त पदाधिकारी व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र–छात्राएं। –जागरण मोर्चा

# छात्र -छात्राओं ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुचंकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें छात्राओं का कहना है एबीसी आईडी के कारण परीक्षाफल खुल नहीं पा रहा है। पहले सेमेस्टर की परीक्षा होने के बाद तुरंत दूसरे सेमेस्टर के फार्म भरवा लिए है। जिसके कारण पूरी तरह से पढ़ाई के लिए समय नहीं मिल पा रहा है।

शिक्षक और पाठयक्रम के अभाव के कारण अधिकतर छात्राओं की बैक आई है क्योंकि इस भयंकर गर्मी में परीक्षा कराई गई, जहां पीने का पानी और बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। कालेज परिसर में भूगोल के लिए शिक्षक न होने के छात्राओं को परेशानी हो रही है। प्रदर्शन करने वालों में रोहित, रवि, खुशबू, सैफ, मुस्कान, कविता, साधना और रोहित मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करतीं छात्राएं। –जागरण मोर्चा

# निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

- वार्ड 41 के मोहल्लेवासियों की सुनीं पालिकाध्यक्ष ने समस्याएं

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को पालिकाध्यक्ष सना खानम ने वार्ड नंबर 41 के मोहल्ला घेर कलन्दर खां में निर्माणाधीन सड़क एवं गलियों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता को कार्य में गुणवत्ता एवं सभी मानकों का पालन कराने के निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों ने जनहित में कराए जा रहे निर्माण कार्य की सराहना की और संतुष्टि जताई।

पालिका अध्यक्ष सना खानम ने शेष सड़कों एवं गलियों का निर्माण व मरम्मत कार्य शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्टेनो विलसन कुमार,निर्माण लिपिक रफत शेर खान, वार्ड 41 सभासद फहीम अहमद, रहमान अली अंसारी, सिराज खान उपस्थित रहे।



मोहल्ला घेर कलंदर खां में मोहल्लेवासियों से बातचीत करतीं पालिकाध्यक्ष।

# खरीफ फसलों में बीजशोधन अपनाकर किसान कम करें लागत: कुलदीप सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में खरीफ की मुख्य फसलें जैसे धान, मक्का, उड़द, मूंग, बाजरा एवं ज्वार है।इन फसलों में मुख्यतः तीन प्रकार के कीट,रोग पाये जाते है जो वायुजनक, भूमिजनक एवं बीज जनक है, जिसमें से बीज जनक एवं भूमिजनक कीट,रोग से फसलों को अधिक मात्रा में नुकसान पहुंचता है।

इन रोगों से बचाव के लिए किसानों की लागत बढ़ जाती है। इसलिए किसान प्रारंभ से ही बीज का जैविक,रसायन से बीज शोधित करें ताकि भूमिजनक एवं बीज जनक कीट, रोग से बचा जा सकें, जिससे उनकी लागत में कमी आयेगी। बीजशोधन हेतु बीजशोधक रसायनों पर कृषि विभाग द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान देय है।उन्होंने बताया कि बीजशोधन की विधि में बीजशोधन रसायन, बायोपेस्टीसाईड प्रयुक्त मात्रा में प्रति किलो बीज से अच्छी तरह से मिलायें। बीज उपचारित करने के बाद उसको छाया में रख दे। यदि बीजशोधन जैविक रसायन से करना हो तो गुड का एक लीटर का घोल बनाये उसमें प्रयुक्त मात्रा में बायोपेस्टीसाईड को अच्छी तरह से मिलाये और उसके बाद इस घोल को बीज में अच्छी तरह से मिलाकर सुखा लें।खरीफ की प्रमुख फसलों में बीजशोधन के लिए प्रयोग किये जाने वाले कृषि रक्षा रसायन/ बायोपेस्टीसाईड में धान में झोंका, पत्ती धब्बा हेतु थीरम, ट्राइकोडर्मा, कार्बन्डाजिम 2.5 ग्राम, 4 ग्राम, 2 ग्राम तथा शीथ ब्लाइड मिथ्या कण्ठुआ रोग हेतु कार्बन्डाजिम 2 ग्राम, मक्का फसल में झुलसा, तुलासिता रोग हेतु थीरम, कार्बन्डाजिम 2.5 ग्राम, 2 ग्राम, जड़सड़न रोग हेतु ट्राइकोडर्मा 20 ग्राम, उड़द/मूंग फसल में पत्ती धब्बा, जड़सड़न रोग हेतु थीरम, कार्बन्डाजिम, ट्राइकोडर्मा 3 ग्राम, 4 ग्राम एवं बाजरा/ज्वार की फसल में कण्ठुआ, तुलासिता रोग हेतु थीरम, कार्बन्डाजिम 2.5 ग्राम, 2 ग्राम का प्रयोग कर बीजशोधन कर सकते है।

**सराहनीय कदम** कर्मचारियों ने डयूटी में अपनाई संस्कार और सेहत की यह अनूठी परंपरा


# टोल बूथ पर काम करना किसी चुनौती से कम नहीं: डॉ. कुलदीप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अक्सर विवादों, नोकझोंक और तनाव के केंद्र रहने वाले हाईवे के टोल प्लाजा अब एक नई और सुखद क्रांति के गवाह बन रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कोयला टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने तनावमुक्ति और व्यवहार परिवर्तन की दिशा में एक बेहद सराहनीय कदम उठाया है। यहां के टोल कर्मियों ने अपने दैनिक कामकाज में अंजलि मुद्रा प्रार्थना,नमस्ते मुद्रा की अनूठी परंपरा की शुरुआत की है। इस विशेष पहल के बाद से टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों और स्वयं कर्मचारियों के व्यवहार में एक अभूतपूर्व, सकारात्मक और तनावमुक्त बदलाव देखने को मिल रही है।

टोल कर्मियों की इस कायाकल्प यात्रा के पीछे प्रमुख सामाजिक संस्था हिंदुस्तान लैटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट की दूरगामी सोच रही है। उत्तराखंड स्टेट मैनेजर मनोज कुमार ने कहा कि 24 घंटे अत्यधिक मानसिक दबाव, गाड़ियों के शोर और तरह-तरह के मिजाज वाले वाहन चालकों से निपटने के कारण टोल कर्मियों में चिड़चिड़ापन और भारी मानसिक तनाव एक आम समस्या बन चुकी थी। आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने वैज्ञानिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण का समन्वय करते हुए कर्मचारियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के गुर सिखाए। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि टोल बूथ पर काम करना किसी चुनौती से कम नहीं है। लगातार एकाग्रता और हर तरह के स्वभाव वाले लोगों का सामना करने से मस्तिष्क में कॉर्टिसोल तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। हस्त मुद्रा विज्ञान में 'अंजलि मुद्रा' केवल एक अभिवादन नहीं, बल्कि मस्तिष्क के दोनों गोलार्धों (लेफ्ट और राइट हेमिस्फेयर) को संतुलित करने की अचूक औषधि है। जब टोल कर्मी दोनों हथेलियों को आपस में मिलाकर हल्के दबाव के साथ हृदय चक्र के पास लाते हैं, तो शरीर की सकारात्मक ऊर्जा सक्रिय हो जाती है। यह क्रोध को शांत करती है और अहंकार को मिटाकर तत्काल शांति प्रदान करती है।इस प्रशिक्षण का धरातल पर जादुई असर देखने को मिल रहा है।

टोल बूथों पर तैनात कर्मी अब वाहन चालकों का स्वागत गुस्से या बेरुखी से नहीं, बल्कि चेहरे पर एक सौम्य मुस्कान और दोनों हाथ जोड़कर अंजलि मुद्रा के साथ करते हैं। टोल मैनेजर महेंद्र सिंह ने कहा कि पहले छोटी-छोटी बातों पर चालकों और टोल कर्मियों के बीच तीखी बहस हो जाया करती थी, जिससे माहौल तनावपूर्ण रहता था। कोयला टोल प्लाजा से गुजरने वाले नियमित वाहन चालकों का कहना है कि जहां आमतौर पर टोल नाकों पर तनाव का माहौल रहता है,मास्टर ट्रेनर एवं आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान के अनुसार अंजलि मुद्रा केवल एक पारंपरिक अभिवादन नहीं है, बल्कि यह मस्तिष्क के बाएं और दाएं हिस्सों को संतुलित कर मानसिक तनाव को जड़ से मिटाने वाली एक अचूक प्राकृतिक औषधि है। टोल और टोल काउंटर पर अंजलि मुद्रा प्रस्तुत करने की सही प्रक्रिया में वाहन जैसे ही टोल विंडो पर आकर रुके, कर्मचारी चालक की ओर देखकर एक सौम्य मुस्कान दें। अंजलि मुद्रा से टोल कर्मियों और यूजर दोनों के लिए से आरोग्यकारी



अंजलि मुद्रा में नमस्ते करते कोयला टोलकर्मी। –जागरण मोर्चा


### टोल कर्मचारियों के लिए लाभ

त्वरित तनावमुक्ति : हर गाड़ी के आने पर हथेलियों को आपस में दबाने से शरीर में 'कॉर्टिसोल' (तनाव हार्मोन) का स्तर तुरंत गिरता है। इससे दिनभर की लंबी शिफ्ट में भी चिड़चिड़ापन नहीं होता। क्रोध पर नियंत्रण : हाईवे पर कई बार अभद्र चालकों का सामना करना पड़ता है। अंजलि मुद्रा हृदय चक्र को सक्रिय रखती है, जिससे कर्मचारी को तुरंत गुस्सा नहीं आता और आत्म– नियंत्रण बना रहता है।थकान का अहसास कम होना : दोनों हाथों के मिलने से शरीर का 'ऊर्जा चक्र' पूरा हो जाता है। इससे शरीर की सकारात्मक ऊर्जा बाहर नहीं बहती, जिससे कर्मचारी खुद को ऊर्जावान महसूस करते हैं।सफर की थकान और हाईवे हिस्टीरिया से राहत : लंबी ड्राइविंग के कारण चालक अक्सर मानसिक तनाव या गुस्से में होते हैं। टोल कर्मी को अंजलि मुद्रा में मुस्कुराते हुए देखकर चालक का बढ़ा हुआ रक्तचाप और तनाव तुरंत सामान्य होने लगता है।मानसिक शांति : यह अप्रत्याशित सम्मान चालक के मस्तिष्क में ऑक्सीटोसिन और डोपामाइन (हैप्पी हार्मोन) का स्राव बढ़ाता है, जिससे आगे की यात्रा सुरक्षित और शांत मन से कटती है।

## एक नजर

### छोटी बहन के मुंडन संस्कार के दौरान गंगा में डूबकर किशोर की मौत

**गजरौला।** छोटी बहन के मुंडन संस्कार के दौरान गंगा में नहा रहा किशोर डूब गया। काफी देर बाद उसका शव मिला। बेटे की मौत से मुंडन संस्कार की खुशियां गम में बदल गईं। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर निवासी शिवराज सिंह किसान हैं। उनकी दो संतानों में बेटा सोनू कुमार (12) कक्षा छह का छात्र था, जबकि बेटी मंजू पांच साल की है। शुक्रवार को बेटी का मुंडन संस्कार था। मुंडन कराने के लिए वह रिश्तेदारों, संबंधियों और गांव के लोगों के साथ ब्रजघाट में गंगा किनारे गए। यहां पर बेटी का मुंडन संस्कार कराने के बाद सभी लोग गंगा में नहाने लगे। बेटा सोनू भी गंगा में नहाने लगा। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गया। उसकी तलाश शुरू की गई। स्थानीय गोताखोर भी किशोर की तलाश में जुट गए। दो घंटे की मशक्कत के बाद करीब एक बजे शव हाथ लगा। उसका शव देख गंगा तट पर कोहराम मच गया।



# समर कैंप में बच्चों ने सीखा स्केटिंग चलाना व योगाभ्यास

## एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में किया जा रहा समर कैंप का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



समर कैंप में स्केटिंग चलाना सीखते बच्चे। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल की ओर से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों में सीखने, खेलने व नई गतिविधियों को अपनाने का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिसर में बच्चों की मुस्कान, रचनात्मक व ऊर्जा के सराबोर दिखाई दिया। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास एवं जोश के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैंप में अंतर्गत बच्चों को योगा, बॉलीवुड एवं हॉलीवुड डांस, आर्ट एवं क्राफ्ट, स्केचिंग, इनडोर गेम्स, क्ले एवं फैब्रिक पेंटिंग, बेस्ट आउट वेस्ट, हैंडराइटिंग एवं कैलिग्राफी, मेंटल मैथ्स, स्केटिंग, ताइक्वांडो तथा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। डांस गतिविधि में बच्चों ने पिंगा-पिंगा एवं मैं निकला गड्डी लेके जैसे लोकप्रिय गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति दी। योगा सत्र में बच्चों को स्वास्थ्य, फिटनेस एवं नियमित योग के लाभों के बारे में जानकारी दी गई तथा विभिन्न योगासन भी कराए गए। आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि के दौरान बच्चों ने सुंदर एवं आकर्षक गुल्लक तैयार किए। वहीं क्ले एवं फैब्रिक पेंटिंग में बच्चों की रचनात्मक सोच एवं कल्पनाशीलता देखने को मिली। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि में बच्चों ने प्लास्टिक की बोतलों से तबला बनाना सीखा तथा बेकार वस्तुओं का सदुपयोग करना जाना। मेंटल मैथ्स गतिविधि में रोचक गणितीय खेलों एवं जोड़ की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की तार्किक क्षमता एवं एकाग्रता को विकसित किया गया। इनडोर गेम्स में शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इससे बच्चों की निर्णय क्षमता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। स्केटिंग प्रशिक्षण में बच्चों ने संतुलन एवं गति का शानदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को स्केटिंग की मूल तकनीकों के साथ सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। ताइक्वांडो सत्र में बच्चों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए तथा अनुशासन एवं फिटनेस का महत्व बताया गया। पर्सनैलिटी डेवलपमेंट गतिविधि में बच्चों ने रैंप वॉक कर अपने आत्मविश्वास एवं मंच प्रस्तुति का बेहतरीन परिचय दिया। हैंडराइटिंग एवं कैलिग्राफी सत्र में बच्चों को सुंदर लेखन शैली का अभ्यास कराया गया। विद्यालय की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव जी ने बताया कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मक सोच का विकास करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। समर कैंप में विद्यालय की शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, सोनल, नीरज, काजल, सरिता, रक्षा, अर्शी, संतोष, शिल्पा, मनप्रीत, शिल्की, अंकिता, मीनू, गौरव, अंकुश, हर्ष, कुमुद, वंशिका, हुमा, दीपा एवं दीक्षा आदि समस्त शिक्षिकाओं एवं प्रशिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# भीषण गर्मी के साथ तेज धूप से लोग करने लगे त्राहि-त्राहि

जागरण मोर्चा कार्यालय



तेज धूप से बचने को छाता लेकर जाता युवक। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी में लोग त्राहि-त्राहि करने लगे हैं। सुबह 8 बजे से ही तेज धूप शुरू हो जाती है, जो शाम 5 बजे तक परेशान करती हैं। दोपहर को पारा 42 डिग्री व इससे अधिक पहुंच आग बरसाने शुरू कर देता है। भीषण गर्मी, तेज धूप से आमजन सहित पक्षु-पक्षी भी परेशान बने हैं। इस समय केवल पानी ही अमृत साबित हो रहा है।

भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों ने अपनी-अपनी छतों व गलियों में पक्षु-पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम कर दिया है। ताकि वह गर्मी में प्यास से व्याकुल न हो सके। शनिवार को सुबह 8 बजे से तेज धूप शुरू हो गई। जिससे लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। सुबह 10 बजे तेज में निकलने की लोगों की हिम्मत नहीं हो रही। बाजार व जरूरी कार्य से घर से बाहर निकलने वाले लोग धूप से बचने के छाता लेकर बाहर निकले और जबकि दोपहिया वाहन चालकों ने धूप से बचान को अपने सिर से अंगोछा बाधा।

दोपहर 12 बजे के बाद बाजारों में सन्नाटा पसरना शुरू हो गया। शाम 4 बजे तक तेज धूप व भीषण गर्मी होने से बाजार सूनसान नजर आए। शाम 4 बजे के बाद धूप हल्की होने के साथ गर्मी में कमी होने पर लोगों घर से हर निकलना शुरू किया। अधिकांश विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां हो गई है। जिससे बच्चे अब घर पर ही समय बिता रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी होने से बच्चे बाहर खेलने भी नहीं जा पा रहे हैं। शाम होने पर कुछ देर कि लिए ही घर से बाहर निकल पाते हैं। तेज धूप से सबसे ज्यादा परेशान मजदूर वर्ग को उठानी पड़ रही है। वह अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए तपती दोपहर में भी कार्य करने को विवश बना हुआ है। कुल मिलाकर गर्मी व धूप ने सभी को परेशान कर रखा है।

# विभिन्न कलाएं सीखने में बालिका दिखा रही रूचि

जागरण मोर्चा कार्यालय



समर कैंप में बालिकाओं को फेशियल सिखाती प्रशिक्षिका। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** बच्चे वैसे ही टीवी मोबाइल में लगे रहते हैं और अब स्कूल, कालेज बंद हो रहे हैं, ऐसे में अभिभावकों को चिंता रहती है,तो उन्हें कुछ क्रियात्मक कार्यों में व्यस्त रखा जाए, इसलिए जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों विशेषकर बालिकाओं को क्रियात्मक कार्य से जोड़ने का कार्य किया है। जिसको उन्होंने समर कैंप नाम दिया है, समर कैंप का आयोजन नगर के कैथल गेट स्थित वेणु गोपाल मंदिर के सामने शिव मंदिर में लगाया जा रहा है। जो कि 30 सितंबर तक चलेगा। ग्रुप की अध्यक्ष मधु तोमर कि कैंप में ब्यूटिशियन, मेंहदी. सिलाई, क्राफ्ट ओर ढोलक में बालिकाओं की रुचि देखते ही बन रही है। कैंप में राखी ने फेशियल टिप्स बताये, मेहंदी में सलोनी ने हाथ पर डिजाइन बनाना सिखाया, ढोलक में निधि वार्ष्णेय ने बाएं हाथ की थपकी देना, सिलाई में स्तुति गोयल ने तुरपन करने के साथ शमीज काटना, क्राफ्ट में अनुराधा गोयल ने पेंटिंग बनानी सिखाई। इस दौरान डा. मधुपमा, डा. मधू तोमर, कंचन बाला, राजेश्वरी श्रीवास्तव, अंजू राजपूत, रीता बुधियाल, सीमा वर्मा, पुष्पा वर्मा, मुन्नी देवी सक्सेना, ममता देवी, सुनीता आदि मौजूद रहीं।

# समझौता केंद्र में 5 परिवारों को मिलाया



परिवार समझौता केंद्र में पति–पत्नी के बीच समझौता कराते काउंसलर।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग में कुल 98 पत्रावलियों को सुनकर 22 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 5 परिवारों को मिलाया गया तथा 2 पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई तथा 15 पत्रावलियों पर आवेदिका-आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिए जाने के कारण बंद किया गया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष डा. रुकमपाल सिंह, काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, बविता शर्मा, कांस्टेबिल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबिल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति व विनीता आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए : नीतू रानी एसडीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिकायत सुनतीं एसडीएम नीतू रानी व सीओ दीपक तिवारी। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** शासन की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम नीतू रानी एवं सीओ दीपक तिवारी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान अधिकारियों ने जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस में मेड काटने, मकान एवं प्लाट पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि विवाद और राजस्व संबंधी शिकायतें प्रमुख रूप से प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने संबंधित लेखपालों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े एसडीएम नीतू रानी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय बनाकर शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें। 9वहीं सीओ दीपक तिवारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय दिलाना है। भूमि विवाद एवं अवैध कब्जे जैसी शिकायतों में पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर, अतुल पाठक, दानवीर आदि लेखपाल मौजूद रहे। वहीं थाना बनियाठेर में थाना प्रभारी सचिन कुमार ने भी थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना और लेखपाल व पुलिस से मौके पर पहुंचकर शीघ्र समास्या का निस्तारण करने को निर्देशित किया।

# गंगा एक्सप्रेसवे: मेरठ से बदायूं तक 129.7 किमी लंबे सफर की टोल दरें तय

## कार से एक तरफ की यात्रा के लिए देने होंगे 435 रुपये टोल, 24 घंटे में वापसी पर मिलेगी विशेष छूट

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने तीन बड़े पुलों का खर्च भी टोल टैक्स में किया गया शामिल

> टोल दरों का यह निर्धारण यूपीडा की स्वीकृति के बाद किया गया है। प्रशासन अब इन दरों को नियमपूर्वक लागू कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। प्रशासन की ओर से पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और यात्रियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा।
>
> – अंकित खंडेलवाल, जिलाधिकारी, संभल

**चन्दौसी।** प्रदेश के लाखों लोगों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट 'गंगा एक्सप्रेसवे के पहले चरण यानी मेरठ से बदायूं तक फर्राटा भरने का रास्ता और खर्च दोनों साफ हो गए हैं। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त पोषण, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) माडल पर तैयार हुए इस 129.7 किलोमीटर लंबे एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए वर्ष 2026-27 की टोल दरें आधिकारिक तौर पर तय कर दी गई हैं।

नई दरों के मुताबिक, मेरठ के बिजौली से बदायूं के नगला बारह तक का पूरा सफर करने वाले कार चालकों को एक तरफ के लिए 435 रुपये चुकाने होंगे। यह खबर सिर्फ एक टोल की जानकारी नहीं है, बल्कि पश्चिमी यूपी से रुहेलखंड तक व्यापार, समय की बचत और विकास की एक नई रफ्तार की शुरुआत का संकेत है। बता दें कि मेरठ से बदायूं के बीच कुल चार जिले पड़ते है, जिसमें हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा व संभल शामिल है। इस लंबे सफर के लिए सरकार और यूपीडा ने अलग-अलग वाहनों के लिए टोल की दरें बड़ी बारीकी से तय की हैं। कार, जीप या हल्के मोटर वाहनों के लिए 2.55 रुपये प्रति किलोमीटर का बेस रेट रखा गया है। इसके आधार पर पूरी यात्रा के लिए कार का एकतरफा टोल 435 रुपये और 24 घंटे के भीतर वापसी करने पर 695 रुपये लगेगा। इसी तरह हल्के कमर्शियल वाहनों और मिनी बसों को एक तरफ के लिए 685 रुपये, जबकि भारी ट्रकों और बसों को 1375 रुपये देने होंगे। भारी निर्माण मशीनों (जैसे जेसीबी) के लिए 2105 रुपये और बड़े ट्रेलरों (सात या अधिक एक्सल) के लिए 2715 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है।

रोजाना सफर करने वालों के लिए 20 ट्रिप पास की सुविधा एक्सप्रेसवे पर व्यापार या नौकरी के सिलसिले में नियमित यात्रा करने वालों को हर दिन पर्ची कटाने के झंझट से मुक्ति दी गई है। यूपीडा ने 20 एकतरफा यात्राओं (वन-वे ट्रिप) के लिए एकमुश्त पास की सुविधा दी है। मेरठ से बदायूं तक की पूरी दूरी के लिए कार, जीप चालकों को इस पास के लिए 6,970 रुपये चुकाने होंगे। इसी तरह, हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए यह पास 10,940 रुपये, बस,ट्रक के लिए 22,035 रुपये, भारी निर्माण मशीनों के लिए 33,645 रुपये और ओवरसाइज्ड ट्रेलरों के लिए 43,425 रुपये में बनेगा।

दोपहिया, तिपहिया और ट्रैक्टर के लिए यह पास 3,485 रुपये का होगा। इस एक्सप्रेसवे की टोल दरों में केवल सड़क पर चलने का ही खर्च शामिल नहीं है, बल्कि रास्ते में पड़ने वाले बड़े ढांचों का भी शुल्क जोड़ा गया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने किसी भी स्थायी पुल, इंटरचेंज या सुरंग के इस्तेमाल पर अतिरिक्त फीस लगती है। मेरठ से बदायूं के इस 129.7 किलोमीटर के रूट पर ऐसे तीन बड़े पुल आते हैं। इनमें 69.309 करोड़ रुपये, 299.960 करोड़ रुपये और 60.056 करोड़ रुपये की भारी लागत से बने ढांचे शामिल हैं। इन पुलों को बनाने और इनके रखरखाव में आई भारी लागत का एक हिस्सा भी टोल के रूप में यात्रियों से वसूला जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी यह पूरी परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार की दूरगामी सोच और कार्ययोजना का बेहतरीन उदाहरण है। एक्सप्रेसवे के इस ग्रुप-1 का निर्माण मेसर्स मेरठ बदायूं एक्सप्रेसवे लिमिटेड द्वारा पीपीपी मॉडल के आधार पर किया गया है। टोल वसूली के लिए पूरे रास्ते में नौ टोल प्लाजा की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रा सुगम और पारदर्शी बनेगी।

# खनन माफिया का दुस्साहसः मां गंगा की गोद को भी नहीं छोड़ा; दिन-रात मशीनों से खुदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** हसनपुर सर्किल अवैध खनन के लिए पहले से ही बदनाम है। यहां बड़े पैमाने पर लोग अवैध खनन करने में लगे हुए हैं। सिर्फ खेतों में ही नहीं मां गंगा की गोद में गंगा किनारे पर भी मशीनों से मिट्टी और बालू रेत का खनन करने का धंधा जोरों पर चल रहा है।

हसनपुर सर्किल के चारों थाना क्षेत्रों में अवैध खनन करने का धंधा जोरों पर चल रहा है। गंगा के खादर में जहां रात दिन खेतों में मशीनें चलाकर ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध खनन किया जा रहा है। वहीं, अब गंगा में जल स्तर कम होने की वजह से अवैध खनन करने वालों ने गंगा क्षेत्र में खनन करना शुरू कर दिया है।

खेतों में फसलें खड़ी होने की वजह से गंगा के किनारे की रेती में अवैध खनन करके धंधे में संलिप्त लोग दिन दोगुनी रात चैगुनी तरक्की कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से सतैड़ा गांव के सामने गंगा में दिन भर मशीन चलाकर अवैध खनन किया जा रहा है। परंतु मां गंगा के किनारे पर मशीन व ट्रैक्टरों से अवैध खनन करने की आवाज जिम्मेदार अधिकारियों के कानों तक नहीं पहुंच रही है।

सूत्रों के मुताबिक हसनपुर कोतवाली के गांव लठीरा, बाईखेड़ा, मछरई, दीपपुर, डगरौली, मुहम्मदपुर बंगर, रूस्तमपुर खादर, सैदनगली थाना क्षेत्र में सैदनगली, उझारी व तरारा, रहरा थाना क्षेत्र में बांसका कलां, महरपुर, गंगानगर, गंगवार, बुरावली, मटीपुरा व दौरारा तथा आदमपुर थाना क्षेत्र में ढवारसी, आदमपुर, भीमा सुल्तानपुर आदि गांवों के लोग अवैध खनन कर रहे हैं।

# श्री दक्ष जयंती महोत्सव में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि बनाने हेतु विधायक राजीव तरारा को दिया निमंत्रण पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** गजरौला में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन समिति द्वारा 25 जुलाई 2026 को प्रस्तावित इस महोत्सव में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने हेतु 39 धनौरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्रीमान राजीव तरारा को निमंत्रण पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक राजीव तरारा ने पूर्ण आश्वासन दिया है कि आपका यह निमंत्रण पत्र मुख्यमंत्री तक अवश्य पहुंचाएंगे आयोजन समिति के प्रतिनिधियों ने को अवगत कराया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव पूर्ण हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। गत वर्ष आरपी फार्म हाउस गजरौला में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 5000 लोगों की उपस्थिति रही थी, जबकि इस वर्ष प्रदेश भर से समाज बंधुओं, प्रबुद्धजनों, राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों सहित लगभग 25 हजार से 35 हजार लोगों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यह महोत्सव सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना तथा युवाओं के उत्साहवर्धन का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में समाज के लोग प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर विधायक महोदय से निवेदन किया गया कि वे उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में सुनिश्चित कराने हेतु अपना सहयोग एवं सहमति प्रदान करें। आयोजन समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री जी एवं विधायक महोदय की उपस्थिति से कार्यक्रम को नई ऊर्जा एवं व्यापक पहचान प्राप्त होगी। भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव समिति ने विधायक महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन का आभारी रहेगा। इस अवसर पर रजनीश कुमार प्रजापति संयोजक विजय पाल सिंह प्रजापति सहसंयोजक उमेश चंद्र प्रजापति सहसंयोजक सुरेश प्रजापति उमेश प्रजापति सोनू प्रजापति विजय कुमार प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# डायपर के गोदाम में लगी आग, करीब 50 लाख का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय





**टांडा।** नगर के मुरादाबाद मार्ग स्थित शीशा फैक्ट्री के पास डायपर के गोदाम में शुक्रवार की देर रात आग लगने से करीब 50 लाख का माल जलकर राख हो गया।बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा है।सूचना पर अलग-अलग स्थानों से तीन फायरब्रिगेड पहुंची,जिन्होंने बमुश्किल आग पर काबू पाया।लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था।आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर मेंआसमान में काले धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई देने लगीं।आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है।

नगर के मोहल्ला नवाबपुरा निवासी मोहम्मद जकी का मुरादाबाद मार्ग पर थाना भगतपुर क्षेत्र में शीशा फैक्ट्री के पास डायपर का गोदाम है।शुक्रवार रात करीब 11 बजे गोदाम में आग लग गयी।गोदाम में बड़ी मात्रा में डायपर भरे होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तेज लपटों और भयंकर गर्मी के कारण पास की शीशा फैक्ट्री में काम करने वाले लोगों में दहशत का माहौल बन गया। लोगों ने अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।गोदाम के कुछ दूरी पर कुछ लोग पशु बेचने का काम करते हैं,उन्होंने गोदाम से धुआं उठता देख तुरंत इसकी सूचना गोदाम स्वामी के भाई पप्पू जो वहीं रहते हैं को दी।उन्होंने इसकी सूचना अपने भाई जकी को दी साथ ही दमकल विभाग को भी सूचना दी गयी।स्थानीय क्षेत्र सहित अलग स्थानों से दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर चारों तरफ से पानी की तेज बौछारें शुरू कीं। डायपर की आग होने के कारण इसे शांत करने में कई घंटे का समय लगा।क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आग से नुकसान का आकलन किया जा रहा है।फिलहाल गोदाम स्वामी ने करीब 50 लाख के नुकसान का अंदेशा जताया है।

## एक नजर



### थाना समाधान दिवस में मात्र तीन शिकायतें हुई दर्ज

**हसनपुर।** शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर स्थित कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया थाना समाधान दिवस में क्षेत्र वासियों की शिकायतें प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के द्वारा सुनी गई। थाना समाधान दिवस में मात्र तीन शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हुआ तथा अधिकारियों द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर तीनों शिकायतों के निस्तारण हेतु रवाना किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि थाना समाधान दिवस प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इसमें शिकायतों को गंभीरता से ले और मौके पर जाकर निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री गुलाब देवी ने किया एक किलोमीटर लंबी सड़क का शुभारंभ

## सड़क निर्माण के कार्य लोगों को मिलेगा काफी लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ब्लाक सभागार से पास से इंदिरा कालोनी जारई रोड से मुरादाबाद रोड तक एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य का शुभारंभ एवं भूमि पूजन राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा संपन्न किया गया। उक्त सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी क्षेत्र से जोड़ना है। इसी परिप्रेक्ष्य शनिवार को राज्यमंत्री गुलाब देवी ने मुरादाबाद रोड से ब्लाक बनियाखेड़ा के पीछे होते हुए इंदिरा कालोनी जारई रोड तक एक किलोमीटर का सड़क का विधि विधान से शुभारंभ कराया। शनिवार से सड़क निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया गया है। उक्त सड़क के निर्माण के बाद लोगों को काफी लाभ मिलेगा।




कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। –जागरण मोर्चा

जारई रोड से इंदिरा कालोनी से अन्य कालोनियों से होते हुए लोग सीधे मुरादाबाद रोड पर पहुंच सकेंगे। राज्यमंत्री ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर रामपाल सिंह, अंकुर अग्रवाल, सुधीर मल्होत्रा, विनोद कुमार बिन्नी, चंद्रसेन दिवाकर, शरद शर्मा, राजकुमार यादव, अभिनव शर्मा, विक्की प्रजापति, राजेंद्र मौर्य, शुभम अग्रवाल, राजपाल राणा, मनोज कठेरिया, ओमेंद्र सिंह, आकाश आहूजा, देवेंद्र गुप्ता, संजय बंसल, मोनू ठाकुर, राजेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र ठाकुर, आमोद वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## डीएम को पत्र भेज कर जेठ के दशहरा गंगा स्नान पर व्यवस्थाएं पूर्ण करने की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने जनपद के जिला अधिकारी को पत्र लिखकर गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूर्ण व्यवस्था करने की मांग की उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया की दिनांक 24 मई की सायं से 25 मई की सायं तक जनपद के निकटवर्ती गंगा स्नान धाम ब्रजघाट को गंगा स्नान हेतु दशहरा की पूर्व संध्या से ही श्रद्धालु प्रस्थान करने लगते हैं एवं जनपद के तिगरी, पूठ, पोरारा आदि समस्त गंगा घाटों पर प्रातः काल से ही श्रद्धालु पहुंच कर स्नान करते हैं। कि श्रद्धालुओं के आवागमन एवं स्नान के समय कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। घाटों पर गोताखोरों , गहरे पानी के स्थानों को चिन्हित कर वहां जाने से श्रद्धालुओं को रोके जाने हेतु पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। जिससे जनपद में गंगा दशहरा को दुर्घटना मुक्त किया जा सके।

## उमंग डेयरीज में शार्ट शर्किट से लगी आग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग पर स्थित उमंग डेयरीज में शार्ट शर्किट होने से आग लग गयी। घटना से करीब बीस लाख रूपये की क्षति हुयी है। कम्पनी कर्मचारियों ने अपने अग्निशमन यंत्रे और अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

शनिवार की सुबह उमंग डेयरीज परिसर में स्थित टेरिस्टल फूड्स प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के प्लांट में रखे फिक्स चीलिंग कंटेनर में शनिवार की सुबह करीब दस बजकर बीस मिनट पर शॉर्ट शर्किट से आग लग गयी। आग अंदर अदंर ही फैलती रही। कंटेनर में पनीर के टिन पैक रखे थे। आग कंटेनर से बाहर निकलकर पास पड़े थर्माकोल तक पहुँच गयी, तब जाकर आग लगने का पता चला। कुछ ही देर में वातावरण में धुएं का गुबार छा गया। कर्मियों ने कम्पनी द्वारा स्थापित अग्निशमन यंत्रे का प्रयोग करके आग पर काबू पाना शुरू किया तो वहीं सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम दो गाड़ियां लेकर पहुँच गयी। काफी देर के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। कम्पनी के एचआर हेड जेवेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना शॉर्ट शर्किट के कारण हुयी है। लगभग बीस लाख का नुकसान है।

## रकम दोगुना करने के नाम पर नाबालिग से ऑनलाइन ठगी

**गजरौला।** फैक्ट्री कर्मचारी के पुत्र को फोन के माध्यम से फोन जीतने और रकम दोगुना करने का लालच देकर तीन दिन के भीतर अलग अलग बार कोड पर पैसे डलवाकर करीब सवा लाख रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार नगर में मछली मंडी निवासी गुरविन्द्र सिंह एक फैक्ट्री में ठेकेदार के अंतर्गत कार्य करता है। उसका फोन घर पर रहता है। 18 मई को उसके फोन पर एक कॉल आई, जिसे उसके नाबालिग पुत्र रोहित ने रिसीव किया, उधर से कोई महिला बोली जिसने बताया कि यह नंबर लकी ड्रा में चुना गया है, और ईनाम में फोन निकला है। मात्र 320 रूपये जमा करके फोन मिल जायेगा। जिस पर रोहित ने उधर से भेजे गए स्कैनर पर पैसे डाल दिए। इसके बाद कई बार रोहित के पास महिला का फोन आया और उसने रकम दोगुना करने का लालच देकर बार कोड पर पैसे डलवा गए। 18 मई से 20 मई के बीच कुल एक लाख 12 हजार 724 रूपये ठग लिए। पुत्र ने जब यह बात पिता गुरविन्द्र सिंह को बताई तो वे स्तब्ध रह गए। इसके बाद थाने पहुँच कर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने जाँच करके अग्रिम कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# रोटरी क्लब हसनपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल शिक्षा भारती इंटर कॉलेज रहरा में कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक कदम उठाते हुए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3100 की डिस्ट्रिक्ट ग्रांट के माध्यम से शिक्षा भारती इंटर कॉलेज, रहरा में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब की स्थापना की गई। इस परियोजना के अंतर्गत विद्यालय को 50 कंप्यूटर समर्पित किए गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी सभी अतिथियों ने प्रशंसा की। बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह एवं आकर्षण का वातावरण बना दिया।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट 3100 के ऊर्जावान गवर्नर रोटेरियन सीए नितिन अग्रवाल ने अपने संबोधन में रोटरी इंटरनेशनल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक है और यह कंप्यूटर लैब निश्चित रूप से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगी।



कंप्यूटर लैब का शुभारंभ करते हुए। –जागरण मोर्चा

डिस्ट्रिक्ट ग्रांट कमेटी चेयर रोटेरियन सुशील साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी सदैव समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देता है तथा शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की परियोजनाएँ बच्चों के भविष्य को नई दिशा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में अमरोहा रीजन के रीजनल कोऑर्डिनेटर रोटेरियन अर्पण गुप्ता ने कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन किया। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा पहुँचाना है। रोटरी क्लब हसनपुर के अध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि क्लब सदैव शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए समर्पित रहा है और भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। वहीं सचिव रोटेरियन अशोक आर्य एवं वरिष्ठ रोटेरियन चंद्रसेन अग्रवाल ने भी अपने विचार रखते हुए इस परियोजना को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम में रोटेरियन सुनील अग्रवाल, रोटेरियन सौरभ गुप्ता, रोटेरियन अंकित गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालय की ओर से विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र त्यागी, एकेडमिक डायरेक्टर सक्षम त्यागी, जितेंद्र त्यागी, विनीत शर्मा यशवीर नेहा त्यागी विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र त्यागी ने सभी अतिथियों एवं रोटरी क्लब हसनपुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कंप्यूटर लैब विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# रोटरी क्लब भरतियाग्राम ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को बांटे छाते

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** रोटरी क्लब भरतियाग्राम ने भीषण गर्मी और धूप में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए जूझने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को छाते और ग्लूकोन डी के पैकेट वितरित किए। क्लब के प्रेसीडेंट देवेंद्र बंसल ने कहा कि इनकी मेहनत वास्तव में काबिल-ए-तारीफ है।

शनिवार को गजरौला में चौपला पुलिस चौकी पर रोटरी क्लब भरतियाग्राम की ओर से आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में रोटरी क्लब के प्रेसीडेंट, जुबिलेंट एग्री एंड कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के यूनिट हेड देवेंद्र बंसल ने क्लब के पदाधिकारियों के संग यातायात पुलिसकर्मियों को छाते और ग्लूकोन डी के पैकेट वितरित किए। कहा कि भीषण गर्मी और धूप में चौराहों पर खड़े होकर ट्रैफिक कंट्रोल करना काफी मेहनत का कार्य है। वहीं यातायात निरीक्षक राजेंद्र सिंह और सह प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने इसके लिए क्लब की प्रशंसा की। इस मौके पर क्लब के पूर्व प्रेसीडेंट, जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, सेक्रेटरी विशाल गौरव, डा. सैय्यद बिलाल अहमद, अनुपम सिंह, नाग सिंह, सागर बिस्वाल, मयंक अग्रवाल, शकीलुर्रहमान, अनुपम सिंघल, टीएसआई अनिल कुमार मधुरिया, अमित राणा, मंजीत कुमार, मौहम्मद हैदर जैदी, अजीत सिंह, शौकीन, प्रदीप आदि भी मौजूद रहे।




## अचानक लगी आग से ग्रामीणों के चार बिटोरे,एक इंजन व छप्पर जले



आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव में अचानक विटोरों में लगी आग से एक ग्रामीण का छप्पर व इंजन जल गया। आग लगने की सूचना किसी ग्रामीण के द्वारा फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतोली में अचानक आग लगने से गांव निवासी गंगासरन का एक विटोरा,एक इंजन व मकान का छप्पर जल गया। जबकि गांव निवासी राम सिंह ,ब्रजकिशोर ,धर्मपाल का भी एक-एक बिटोरा जला है। अचानक लगी आग को देखते हुए किसी ग्रामीण के द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इससे पूर्व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती ग्रामीणों ने समर सेबिल चलाकर आग पर काबू पाया । ग्रामीणों के अनुसार आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

# छत के कुंडे से लटका मिला एलएलबी की छात्रा का शव

## पुलिस ने कहा- नहीं मिला कोई नोट, हो रही जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** बिलारी में एलएलबी छात्रा का शव कुंडे से लटका मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कोई नोट नहीं मिला है।

बिलारी के मोहल्ला शांतिपुरम में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही एलएलबी की छात्रा रिंकी (24) का शव छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे से लटका मिला। रिंकी अमरपुरकाशी स्थित ग्रामोदय लॉ कॉलेज में एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा थी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने नमूने जुटाए हैं। शुक्रवार की शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है।




पुलिस के मुताबिक, रामपुर जिले के सैफनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिव्या नगला के मझरा नत्थूवाला निवासी कुंवरपाल सिंह की बेटी रिंकी बिलारी नगर के मोहल्ला शांतिपुरम में ओमवती के मकान में चार माह से किराये पर रहकर एलएलबी की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। दो मंजिला मकान के ग्राउड फ्लोर पर ओमवती अकेली रहती हैं और ऊपरी मंजिल पर किरायेदार रिंकी भी अकेली रहती थी। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की रात करीब 12 बजे रिंकी के घरवालों ने उसे फोन किया तब रिंकी का फोन नहीं उठा।

रिंकी के भाई छत्रपाल ने अपने मित्र ब्रजपाल को रिंकी को देखने के लिए उसके कमरे पर भेजा। ब्रजपाल मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने और दरवाजा पीटने पर भी जब रिंकी की ओर से कोई जवाब नहीं आया तब ब्रजपाल ने झटका मारकर दरवाजा खोल दिया।

कमरे में रिंकी छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। मकान स्वामी की सूचना पर बृहस्पतिवार की रात दो बजे बिलारी पुलिस मौके पर पहुंची और सूचना देकर छात्रा रिंकी के परिजनों को बुला लिया। पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठे किए। शुरुआती जांच में छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने की वजह पता नहीं चल पाई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव नत्थूवाला मझरा गांव ले गए। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

## ई रिक्शा एवं बाइक की भिड़ंत में तीन लोग घायल,एक की हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक लिंक मार्ग पर ई-रिक्शा एवं मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में दंपति सहित तीन लोग घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया जहां पर एक की हालत को गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव डाकेवाली डगरोली निवासी हीरा पुत्र भगवान सहाय शनिवार की दोपहर अपनी पत्नी सोनिया के साथ ई रिक्शा से अपनी बेटी के यहां कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर जा रहा था, जैसे ही उसकी ई रिक्शा रुखालू गुलामपुर लिंक मार्ग पर पहुंची तो लठीरा गांव के निकट आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में हीरा उसकी पत्नी सोनिया एवं बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी सतीश घायल हो गए। तीनों घायलों को ग्रामीणों के द्वारा उपचार के लिए नजदीकी निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया ।जहां पर हीरा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा उसे मेरठ रेफर कर दिया। सड़क हादसे की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल हीरा के परिजनों के द्वारा कोतवाली में बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी गई है।



घायल हीरा। –जागरण मोर्चा

## गंगा दशहरा पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन

**जागरण मोर्चा कार्यालय, अमरोहा।** 25 मई को ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व के मौके पर ब्रजघाट व तिगरी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिहाज से पुलिस ने दिल्ली-बरेली हाईवे के लिए ट्रैफिक रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है। यह डायवर्जन 24 मई की दोपहर 12 बजे से लागू होकर 26 मई की सुबह 8 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान हाईवे पर भारी वाहन नहीं चलेंगे। इस बारे में एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि 25 मई को ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व के मौके पर ब्रजघाट, तिगरी धाम, धनौरा के सीपिया घाट, हसनपुर के पूठ घाट, पौरारा, सिरसा और जल्लोपुर घाटों पर श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के सामने कोई दिक्कत न आए, इसके लिए रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है।

**हकीकत** 12 की रास्ते में तथा 11 की घर में मौत

# रेफरल और लापरवाही के बीच चली गई 44 महिलाओं की जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच 44 गर्भवती और प्रसूता महिलाओं की मौत दर्ज हुईं। इनमें 21 मौतें निजी अस्पतालों में, 11 घर पर और 12 रास्ते या रेफर के दौरान हुईं। विशेषज्ञों ने रक्तस्राव, उच्च रक्तचाप, संक्रमण और समय पर इलाज न मिलने को बड़ी वजह बताया है।

मुरादाबाद जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर चिंताजनक है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक जिले में 44 गर्भवती और प्रसूता महिलाओं की मौत दर्ज हुई है। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि उस स्वास्थ्य व्यवस्था का आईना है जिसमें महिलाएं अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ रही हैं।




दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों में एक भी मातृ मृत्यु दर्ज नहीं है। मातृ मृत्यु सर्विलांस समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार 44 मौतों में से 21 महिलाओं की मौत निजी अस्पतालों में हुई, जबकि 11 महिलाओं ने घर पर और 12 ने रास्ते में या रेफर के दौरान दम तोड़ा। स्वास्थ्य विभाग वर्षों से संस्थागत प्रसव बढ़ाने और सुरक्षित मातृत्व के दावे करता आ रहा है, लेकिन 11 महिलाओं की घर पर मौत यह बता रही है कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में प्रसव पूर्व निगरानी अब भी कमजोर है। आशा और एएनएम स्तर पर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान और लगातार निगरानी का दावा भी इन आंकड़ों के सामने फीका पड़ता दिख रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार ताजपुर क्षेत्र में सबसे ज्यादा 10 मातृ मौतें दर्ज हुईं। विशेषज्ञ मानते हैं कि गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, उच्च रक्तचाप, संक्रमण और समय पर ऑपरेशन न मिलना मातृ मृत्यु की बड़ी वजहें होती हैं। जिले में रास्ते में हुई 12 मौतें बताती हैं कि रेफरल सिस्टम और इमरजेंसी ट्रांसपोर्ट अभी भी बेहद कमजोर है।


कई बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल और वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर करने में ही कीमती समय निकल जाता है। हालांकि विभाग ने सीएमओ के द्वारा सभी 44 मामलों की समीक्षा पूरी होने का दावा किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक गांव स्तर पर निगरानी, एंबुलेंस की उपलब्धता, ब्लड बैंक और प्रसूति विशेषज्ञों की व्यवस्था मजबूत नहीं होगी, तब तक सुरक्षित मातृत्व का दावा कागजों में ही सीमित रहेगा। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि स्थिति में पहले से काफी सुधार हुआ है। अनुमानित मौतों के सापेक्ष आंकड़ा देखेंगे तो सुधार नजर आएगा।

## पड़ोसन ने महिला की उंगली में काटा

**जागरण मोर्चा कार्यालय, अमरोहा।** पड़ोसन ने महिला की उंगली में काट लिया। बचाने आए उसके भाई पर बाल्टी से वार कर घायल कर दिया। उपचार के लिए दोनों को सीएचसी में लाया गया। थाना क्षेत्र के गांव वारसाबाद निवासी सोनम गृहणी हैं। उनका कहना है कि सुबह वह अपने घर पर थीं। उनका आरोप है कि पड़ोसी महिला गाली गलौज करने लगी। जिसको लेकर कहासुनी हो गई। महिला ने उनकी उंगली में काट लिया। उनको बचाने आए भाई पर बाल्टी से हमला कर दिया। वह घायल हो गया। उनकी देवरानी गर्भवती है। उसके पेट में लात मारी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। तीनों थाने पहुंचे। आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तीनों को मेडिकल के लिए भेजा।

## कोतवाली गेट पर पानी की टंकी के जाल में फंसकर बंदर के बच्चे की मौत



पानी की टंकी के जाल में फंसकर बंदर के बच्चे की हुई मौत। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली गेट के निकट पानी की टंकी के लोहे के जाल में फंसकर एक बंदर के बच्चे की मौत हो गई। शनिवार की दोपहर को जब वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने इस मंजर को देखा, तो उन्होंने आसपास के नागरिकों को इसकी जानकारी दी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मासूम बंदर का बच्चा पानी की टंकी के पास बने जाल में किसी समय फंस गया था, जिसके कारण उसने दम तोड़ दिया। मौत होने के बाद भी उसका शव काफी देर तक उसी जाल में असहाय स्थिति में लटकता रहा। कोतवाली गेट जैसे प्रमुख स्थल पर हुए इस हादसे को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भावुक हो उठा। राहगीरों ने इसकी सूचना तुरंत संबंधित कर्मियों को दी और बंदर के बच्चे के शव को ससम्मान जाल से बाहर निकालकर उसका अंतिम संस्कार कराने की मांग की।

# संपादकीय

## क्या भारत प्रमुख अर्थव्यवस्था है?

प्रख्यात अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निदेशक के पद पर काम कर चुके हैं, लिहाजा उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के जिन संकेतकों की व्याख्या की है, वे महज सरकार की आलोचना नहीं हैं, बल्कि बेहद गंभीर सवाल भी हैं। उन्होंने इस विरोधाभास को उठाया है कि भाजपा अपनी राजनीति के 'चरमोत्कर्ष' पर है। यकीनन बंगाल की चुनावी जीत ऐतिहासिक है, लेकिन अर्थव्यवस्था के मामले में वह हार रही है। देश की अर्थव्यवस्था कमजोर और निम्न है। इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती कि यह 'निम्नतम' श्रेणी में नहीं जाएगी। अर्थशास्त्री भल्ला के अनुसार, जीडीपी वृद्धि के लिहाज से भारत 9वें स्थान पर है। प्रति व्यक्ति जीडीपी विकास में 8वें स्थान पर है और डॉलर में प्रति व्यक्ति विकास के संदर्भ में 16वें स्थान पर है। बांग्लादेश 8.3 फीसदी सालाना प्रति व्यक्ति विकास में प्रथम स्थान पर है। इथियोपिया जैसा युद्धरत और धूप से जले हुए चेहरों का देश 7.2 फीसदी जीडीपी वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर है। अमरीकी डॉलर में भारत का प्रति व्यक्ति विकास 4.7 फीसदी है और देश 16वें स्थान पर है। डॉ. भल्ला के इस डाटा के आधार पर सवाल सहज है कि भारत एक 'प्रमुख अर्थव्यवस्था' है अथवा आज भी 'नाजुक अर्थव्यवस्था' वाली श्रेणी में है? प्रख्यात अर्थशास्त्री की बुनियादी चिंता निजी-विदेशी निवेश (औसतन 32 फीसदी) और बीते सात सालों से 'रुपए' के लगातार अवमूल्यन को लेकर है। निर्यात भी बहुत कम हो गया है। दूसरा विश्लेषण प्रो. संतोष मेहरोत्रा का है। वह भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति के 'विकासवादी अर्थशास्त्री' हैं। 2009-14 के दौरान वह योजना आयोग में 'अनुप्रयुक्त मानव संसाधन अनुसंधान संस्थान' के महानिदेशक (भारत सरकार में सचिव पद के समकक्ष) रहे। आज भी ब्रिटेन, मॉस्को समेत कुछ विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र के विजिटिंग प्रोफेसर हैं। प्रो. मेहरोत्रा ने शोधात्मक विश्लेषण किया है कि भारत में करीब 12.10 करोड़ युवा न तो पढ़ रहे हैं और न ही काम कर रहे हैं। उनमें से करीब 8 करोड़ युवा अपना रोजगार 'कृषि' बताते हैं, जो उनका पुश्तैनी काम होगा। इतना व्यापक, युवा श्रम बेकार जा रहा है, क्योंकि वे बेरोजगार हैं। यह देश के लिए शर्मनाक और विडंबनापूर्ण स्थिति है। प्रो. मेहरोत्रा के मुताबिक, 2012-25 के दौरान बेरोजगारी दर 'तिगुनी' बढ़ चुकी है। सरकार कुछ भी दावे करती रहे। खुदरा महंगाई दर भी 5 फीसदी को पार कर चुकी है और अभी महंगाई तेजी से बढ़ेगी। यह देश की व्यवस्था की विडंबना है कि मौजूदा दौर में कामगार या दिहाड़ीदार अथवा स्वरोजगार में लगे लोगों की आमदनी नहीं बढ़ सकी है, तो ये तबके महंगाई का सामना कैसे कर पाएंगे? दरअसल अर्थव्यवस्था संबंधी विरोधाभास यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी अभी पांच देशों के प्रवास से लौटे हैं। इस दौरान भारत के साथ 57 करार किए गए हैं। प्रधानमंत्री 50 से अधिक वैश्विक सीईओ से भी मिले। आज यूरोपीय संघ के केंद्र में भारतीय बाजार और अर्थव्यवस्था है। इसका सबसे बढ़िया उदाहरण है कि जनवरी, 2026 में भारत और यूरोपीय संघ में 'मुक्त व्यापार समझौता' किया गया। हस्ताक्षर भी किए गए। शीत युद्ध के कालखंड में ऐसा रुख नहीं था। पश्चिम के साथ भारत के अंतरंग, रणनीतिक, मधुर संबंध नहीं थे, क्योंकि हम तत्कालीन सोवियत संघ की रक्षा और आर्थिक नीतियों के अनुसार ही निर्णय लेते थे। आज भारत का निर्यात बाजार और यूरोप के साथ पूंजी, विकसित प्रौद्योगिकी, ग्रीन ऊर्जा, एआई, सेमीकंडक्टर चिप्स, रक्षा, बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, निवेश आदि क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारियों ने भारत को 'धुरी' बना दिया है। यदि यूरोपीय देशों ने भारत के साथ इतने करार किए हैं, तो भारत आर्थिक रूप से सक्षम होगा और एक विशालतम बाजार होगा! आज फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड जैसे देश और नॉर्डिक देश भी भारत के साथ अंतरंग और गहरे रणनीतिक संबंध बना रहे हैं, तो यह भारत की चौतरफा ताकत है। चीन से संभावित जोखिमों को कम करने के लिए भी यूरोप भारत को साझेदार बना रहा है। क्या भारत की कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण ये रणनीतिक साझेदारियां संभव थीं? लिहाजा एक बार फिर प्रधानमंत्री को देश को संबोधित कर खुलासा करना चाहिए कि सच क्या हैं? भारत की दृष्टि से दूसरे देशों के साथ आर्थिक समझौते तभी लाभदायक माने जाएंगे, अगर निर्यात के बजाय आयात कम हो। निर्यात और आयात के बीच संतुलन पैदा करने की जरूरत है।

# भ्रष्टाचार, तानाशाही और महिला मुख्यमंत्री



भारतीय राजनीति में विशेषकर राज्य स्तर पर महिला मुख्यमंत्रियों का कार्यकाल अक्सर पुरुषों के बराबर ही विवादों और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा रहा है। यह धारणा कि महिलाएं शासन में अधिक पारदर्शी होंगी, कई मामलों में चुनौतियां पेश करती दिखी हैं, जहां सत्ता में आने के बाद उन्हें भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों या तानाशाही रवैया अपनाने के आरोपों का सामना करना पड़ा है। बड़े बेआबरू होकर तेरे से कूचे से निकले हम, कुछ यही हालत पश्चिम बंगाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तानाशाही की प्रवृत्ति को उजागर करती है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों परास्त होने के बावजूद ममता बनर्जी इस्तीफा नहीं देने पर अड़ी रही और संविधान को ठेंगा दिखाने का प्रयास किया। आखिरकार राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग कर दी और नई सरकार के गठन के लिए भाजपा को आमंत्रित किया।

ममता बनर्जी के शासनकाल में पश्चिम बंगाल में जितनी राजनीतिक हिंसा की कई घटनाएं हुई, उतनी पूरे देश में भी नहीं हुई। साल 2014 में 7, 2018 में 23, 2019 में 15, 2023 में 45 और 2024 में अब तक 10 मौतें हुई हैं। ममता सरकार भ्रष्टाचार को लेकर भी सुर्खियों में रही। बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया। ईडी ने लगभग 700 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। राशन वितरण घोटाले में पूर्व मंत्री ज्योति प्रिय मलिक को गिरफ्तार किया। अनुमान है कि यह घोटाला 9000 करोड़ रुपए से 10000 करोड़ रुपए के बीच का हो सकता है। कोयला तस्करी के 2700 करोड़ रुपए से अधिक के अवैध लेन-देन में ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी से भी पूछताछ हो चुकी है।

उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रही और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती खुद को दलित, शोषित और पीड़ित बताती हैं, लेकिन उन्होंने दलितों के साथ वही व्यवहार किया जो राजाओं के जमाने में दलितों के साथ होता था। उनके सामने उनके मंत्री तक न सिर्फ जमीन पर बैठते थे, बल्कि विधायक, मंत्री और बसपा नेता उनके पैर छूते थे। ऐसा करना कहीं न कहीं मायावती के महारानी होने के दंभी अहंकार को संतुष्ट करता था। मायावती के कार्यकाल में लखनऊ में 2007 से 2011 के बीच लगभग 1400 करोड़ रुपए का बहुचर्चित स्मारक घोटाला हुआ। आयकर विभाग ने जुलाई 2019 में मायावती के भाई आनंद कुमार और उनकी पत्नी की लगभग 400 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति जब्त की थी। यह संपत्ति नोएडा में स्थित लगभग 7 एकड़ का एक प्लॉट थी। सितंबर 2019 में आयकर विभाग ने मायावती के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनके सचिव रहे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी नेतराम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 230 करोड़ रुपए से अधिक की बेनामी संपत्ति जब्त की थी। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी (1997-2005) का शासनकाल बिहार के इतिहास में भ्रष्टाचार, राजनीतिक विवादों और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से जूझता रहा। चारा घोटाले से जुड़े मामलों में राबड़ी देवी और उनके परिवार के खिलाफ सीबीआई द्वारा जांच की गई। साल 1998 में लालू और राबड़ी देवी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया था। आईआरसीटीसी घोटाले में आरोप है कि होटल का ठेका देने के बदले पटना की कीमती जमीनें राबड़ी देवी और उनके बेटे तेजस्वी यादव को ट्रांसफर की गईं। चारा घोटाले में लालू यादव के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। राबड़ी देवी केवल फाइलों पर हस्ताक्षर करती थीं और असली शासन लालू यादव ही जेल से या घर से चलाते थे। उन पर विधानसभा में सवालों का जवाब न देने और मुख्यमंत्री कार्यालय में नियमित रूप से न जाने के आरोप लगे। साधु यादव और सुभाष यादव (राबड़ी देवी के भाई) द्वारा शासन-प्रशासन में अनुचित हस्तक्षेप और आतंक मचाने के आरोप लगे, जिसे लेकर उनकी सरकार को काफी आलोचना झेलनी पड़ी।

आजादी के बाद ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम पार्टी की जयललिता देश की पहली ऐसी मुख्यमंत्री रही, जिन्हें भ्रष्टाचार के अपराध में जेल की सजा हुई। इन पर भारी जुर्माना भी लगाया गया। जयललिता की शान-शौकत के सामने राजा-महाराजाओं के किस्से कहानी भी पीछे रह जाते हैं। जयललिता पर आय से अधिक संपत्ति मामले में 48 केस दर्ज हुए और उन्हें जेल जाना पड़ा। उनके ठिकानों पर सीबीआई छापे के दौरान 800 किलो चांदी, 28 किलो सोना, 11344 साड़ियां, 250 सॉल, 750 जोड़ी चप्पलें, 91 घड़ियां और 41 एयरकंडिशनर मिले थे। 250 शॉल, 12 रेफ्रिजरेटर, 10 टेलीविजन सेट, 8 वीसीआर, 4 सीडी प्लेयर, 24 टेप रिकॉर्डर, 1040 वीडियो कैसेट, और 5 लोहे के लॉकर शामिल हैं। 27 सितंबर 2014 को बेंगलुरु की एक अदालत ने जयललिता को आय से अधिक संपत्ति के मामले में चार साल कैद की सजा सुनाई। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के विवादों की श्रृंखला पर पूरी एक किताब लिखी जा सकती है। तुनकमिजाज और बिगड़े बोलों ने उमा भारती की छवि ऐसी बना दी कि कब किसके लिए क्या बोल जाएं पता नहीं। उमा भाजपा के लिए गले की फांस बनी रही हैं। देश में उमा भारती ही अकेली ऐसी नेता रही, जिसे कभी बाहर करना तो कभी फिर पार्टी में लेना भाजपा की मजबूरी रही। बिगड़े बोलों के लिए चर्चित उमा भारती ने नौकरशाही पर कहा था कि आपको गलतफहमी है, ब्यूरोक्रेसी कुछ नहीं होती है, चप्पल उठाने वाली होती है। 1994 में कर्नाटक के हुबली में एक विवादित ईदगाह में उमा भारती ने तिरंगा लहराया था। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया।

इसके बाद भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने उमा पर दबाव बनाकर 23 अगस्त 2004 को इस्तीफा ले लिया। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती बयानों, राजनीतिक रुख और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण विवादों में रही हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर बैंक में की गई कथित अवैध नियुक्तियों की जांच के लिए उन्हें नोटिस जारी किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में भी महबूबा मुफ्ती से पूछताछ की। मुफ्ती के विवादित बयानों में अक्सर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया, किन्तु आतंकियों के खिलाफ उन पर नरम रुख अख्तियार करने के आरोप लगते रहे हैं। दिसंबर 2025 में अनंतनाग में उन्होंने भारत को 'लिंचिस्तान' कहा था।

# ममता राज के पीड़ितों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी 'सुपरकॉप' आईपीएस दमयंती सेन पर



ममता सरकार ने सच को उजागर करने के बदले इस जांबाज अधिकारी को इनाम देने के बजाय सालों-साल हाशिए (साइडलाइन) पर धकेल कर रखा लेकिन कहते हैं न कि सच कभी हारता नहीं है। बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बड़ा और सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने तृणमूल कॉन्ग्रेस के 15 साल के काले शासनकाल के दौरान महिलाओं और बच्चों पर हुए अत्याचारों की जाँच के लिए एक हाई-लेवल विशेष आयोग बनाया है। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने इस बेहद महत्वपूर्ण जाँच आयोग का 'सदस्य सचिव' दमयंती सेन को नियुक्त कर उन्हें वो सम्मान लौटाया है जिसकी वो हकदार थीं।

दमयंती सेन 1996 बैच की भारतीय पुलिस सेवा की एक बेहद तेजतर्रार अधिकारी हैं। 1970 में जन्मी दमयंती पढ़ाई-लिखाई में बचपन से ही बेहद होनहार और हमेशा फर्स्ट क्लास रही हैं। उन्होंने कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। उनकी काबिलियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह कोलकाता पुलिस के इतिहास में जॉइंट कमिश्नर (क्राइम) के पद पर तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी थीं। इसके बाद वे कोलकाता पुलिस की स्पेशल कमिश्नर भी बनीं। प्रशासनिक हलकों में उनकी ईमानदारी, कड़क स्वभाव और बिना किसी राजनीतिक दबाव के काम करने के अंदाज की मिसाल दी जाती है।

6 फरवरी 2012 को कोलकाता के आलीशान पार्क स्ट्रीट इलाके में एक नाइट क्लब से लौट रही महिला के साथ चलती कार में सामूहिक बलात्कार (पार्क स्ट्रीट गैंगरेप) होता है। तब ममता बनर्जी की तृणमूल कॉन्ग्रेस सरकार को सत्ता में आए कुछ ही समय हुआ था। अपनी सरकार की छवि को बचाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बिना किसी जाँच के इस भयानक कांड को 'सजानो घोटोना' (एक मनगढ़ंत कहानी) करार दे दिया। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा कि यह उनकी सरकार को बदनाम करने की एक राजनीतिक साजिश है। मुख्यमंत्री का यह बयान पीड़ित महिला के घावों पर नमक छिड़कने जैसा था।

जानकारी के अनुसार ममता बनर्जी ने तो इसे झूठ मान लिया था लेकिन उस समय क्राइम ब्रांच की प्रभारी जॉइंट कमिश्नर दमयंती सेन चुप नहीं बैठीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के राजनीतिक बयानों की परवाह न करते हुए पूरी लगन से जाँच की। दमयंती सेन और उनकी टीम ने वैज्ञानिक और पुख्ता सबूत जुटाए और यह साबित कर दिया कि बलात्कार की घटना कोई अफवाह नहीं बल्कि 100 फीसदी कड़वा सच थी। उन्होंने चंद दिनों के भीतर ही रसूखदार आरोपितों को दबोचकर सलाखों के पीछे भेज दिया। बताया जाता है, ममता बनर्जी के दावों को झूठा साबित करना और पीड़ित महिला को न्याय दिलाना दमयंती सेन के करियर पर भारी पड़ गया। बौखलाई ममता सरकार ने केस सुलझने के तुरंत बाद ही उनका ट्रांसफर कोलकाता पुलिस मुख्यालय (लालबाजार) से हटाकर बैरकपुर पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में एक बेहद मामूली और कम महत्वपूर्ण पद पर कर दिया। सरकार ने इसे 'रूटीन ट्रांसफर' कहा लेकिन पूरा बंगाल समझ गया था कि सच का साथ देने की वजह से एक ईमानदार अफसर को प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके बाद टीएमसी के पूरे कार्यकाल में उन्हें मुख्यधारा से दूर रखा गया। हालाँकि, कलकत्ता हाई कोर्ट को उनकी ईमानदारी पर इतना भरोसा था कि अदालत ने 2014 के 'मध्यमग्राम बलात्कार कांड', साल 2022 के चार बड़े रेप केस और चर्चित रसिका जैन मौत मामले की जाँच सीधे दमयंती सेन को सौंप दी थी। जानकारों के अनुसार दमयंती सेन अपनी निजी जिंदगी को हमेशा मीडिया और लाइमलाइट से दूर रखती हैं। उनके माता-पिता या भाई-बहन के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं है। उन्होंने जीवन में कभी शादी नहीं की लेकिन वह एक बेहद गौरवान्वित 'सिंगल मदर' हैं। उन्होंने एक बच्चे को गोद लिया है और अकेले ही उसका बेहतरीन पालन-पोषण कर रही हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ताबड़तोड़ और कड़े फैसले ले रहे हैं। पिछली सरकार के दौरान हुए संस्थागत भ्रष्टाचार, 'कट मनी', रिश्वतखोरी और महिलाओं-बच्चों के खिलाफ हुई हिंसा के खिलाफ उन्होंने कड़ा रुख अपनाया है। शुभेंदु सरकार ने इसके लिए दो अलग-अलग जाँच आयोगों का गठन किया है।

# युवा मन की पीड़ा व आक्रोश को समझें

पिछले पच्चीस सालों में सौ से अधिक आरटीआई कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। 'फ्री स्पीच कलेक्टिव' के अनुसार भारत में पिछले दो दशकों में पचास से अधिक पत्रकार पेशेवर कार्यों के कारण मारे जा चुके हैं। ऐसे लोगों को जब कोई कॉकरोच या परजीवी कहे तो दुख भी होना चाहिए और गुस्सा भी आना चाहिए। पिछले कुछ दिनों से अचानक कॉकरोच यानी तिलचट्टा देश में चर्चा का विषय बन गया है। नहीं, कॉकरोच ने कुछ नया नहीं किया है। हुआ यह है कि देश की सर्वोच्च अदालत के मुखिया ने एक मामले की सुनवाई के दौरान अपनी अलिखित टिप्पणी में कॉकरोच का नाम लेकर कुछ ऐसा कह दिया कि देशभर में चर्चा चल पड़ी है। मामला एक वकील द्वारा 'वरिष्ठ वकील' कहलाये जाने की मांग को उठाये जाने का था। उसकी मांग को अनुचित बताते हुए मुख्य न्यायाधीश महोदय ने उस जैसे वकीलों की तुलना कॉकरोच से कर दी। उन्होंने कहा, कुछ बेरोज़गार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट आदि बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। स्पष्ट है उन्हें वह वकील महोदय भी सिस्टम पर हमला करने वाले लगे होंगे। मुख्य न्यायाधीश तो यह टिप्पणी करके चुप हो गये थे, पर इस टिप्पणी को लेकर देश बोलने लगा। बेरोज़गारों, एक्टिविस्टों, मीडिया कर्मियों, ने मुख्य न्यायाधीश की इस टिप्पणी को अनुचित ही नहीं, शर्मनाक भी बताया। सचमुच, यह समझना आसान नहीं है कि देश के सर्वोच्च पदों में से एक पर बैठने वाला व्यक्ति देश के युवाओं की तुलना कॉकरोच जैसे जीव कैसे कर सकता है! बात जब बढ़ने लगी तो न्यायाधीश महोदय ने अपना स्पष्टीकरण देते हुए यह कहा कि उनकी बात को अनुचित रूप से सामने रखा जा रहा है, उनका मुख्य निशाना तो उन लोगों पर था जो फर्जी डिग्रियों से कानूनी पेशे में आ जाते हैं और सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। जहां तक भारत के युवाओं का सवाल है, उन्हें तो वह 'विकसित भारत का स्तंभ' मानते हैं। मुख्य न्यायाधीश महोदय ने अपने स्पष्टीकरण में यह भी कहा कि उन्हें 'युवाओं की वर्तमान और भविष्य की क्षमता पर गर्व है'। होना तो यह चाहिए था कि इस स्पष्टीकरण के बाद विवाद यहीं समाप्त हो जाता, पर हुआ नहीं। मुख्य न्यायाधीश द्वारा युवाओं, एक्टिविस्टों, मीडिया कर्मियों की तुलना कॉकरोच से किया जाना लोगों को रास नहीं आ रहा। मुख्य न्यायाधीश ने सिर्फ कॉकरोच ही नहीं कहा, उनके लिए 'परजीवी' शब्द का इस्तेमाल भी किया। यदि यह विशेषण युवा भारत को आहत कर रहा है तो इसे ग़लत नहीं कहा जा सकता।

# हर नए घर के साथ बढ़ रहा कार्बन संकट



दुनिया इस समय दोहरी मार झेल रही है। एक तरफ घरों की भारी कमी। दूसरी तरफ महंगी होती बिजली और ईंधन। ऐसे समय में एक नई वैश्विक रिपोर्ट ने साफ कहा है कि अगर इमारतों और घरों को जलवायु के हिसाब से नहीं बदला गया, तो आने वाले सालों में रहने की लागत और बढ़ेगी, ऊर्जा संकट गहराएगा और शहर ज्यादा असुरक्षित हो जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी United Nations Environment Programme और Global Alliance for Buildings and Construction की नई रिपोर्ट Global Status Report for Buildings and Construction 2025-2026 के मुताबिक दुनिया की इमारतें अभी भी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन का 37 प्रतिशत हिस्सा पैदा कर रही हैं। लेकिन रिपोर्ट में एक दिलचस्प बदलाव भी दिखा। निर्माण गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, मगर उनके मुकाबले कार्बन उत्सर्जन की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है। इसे रिपोर्ट ने "partial decoupling" कहा है। यानी दुनिया पहले जितना प्रदूषण फैलाए बिना ज्यादा निर्माण करने लगी है, हालांकि यह बदलाव अभी बहुत सीमित है। रिपोर्ट 19 मई को World Urban Forum में जारी की गई। हर दिन दुनिया में लगभग 1.27 करोड़ वर्ग मीटर नई इमारतें बन रही हैं। यह लगभग ऐसा है जैसे हर हफ्ते एक नया पेरिस खड़ा किया जा रहा हो। सिर्फ 2024 में दुनिया में जितनी नई फ्लोर एरिया जुड़ी, वह नैरोबी शहर के पांच गुना, दिल्ली के दोगुने और बर्लिन के चार गुना के बराबर थी। इसमें तीन चौथाई हिस्सा सिर्फ आवासीय जरूरतों के लिए था। रिपोर्ट के अनुसार 2024 में वैश्विक भवन क्षेत्र का कुल फ्लोर एरिया 273 अरब वर्ग मीटर तक पहुंच गया। इसका बड़ा हिस्सा भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे उभरते देशों में निर्माण की वजह से बढ़ा। आज भवन और निर्माण क्षेत्र दुनिया की लगभग 50 प्रतिशत सामग्री खपत, 28 प्रतिशत ऊर्जा खपत और 37 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। Inger Andersen ने कहा कि घर, स्कूल, अस्पताल और दफ्तर सिर्फ इमारतें नहीं हैं। वे यह तय करते हैं कि लोग जलवायु संकट में कितने सुरक्षित रहेंगे। उनके मुताबिक 2050 तक दुनिया की आधी इमारतें या तो नई बनेंगी या फिर उनका नवीनीकरण होगा। इसलिए सरकारों के पास अभी भी मौका है कि वे बेहतर नीतियों और निवेश के जरिए कम उत्सर्जन वाले और जलवायु के अनुकूल शहर बना सकें। रिपोर्ट में बताया गया कि 2015 के बाद से दुनिया में भवनों की ऊर्जा दक्षता में सुधार हुआ है।

# शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव है महिला शिक्षकों की बढ़ती संख्या

यूडीआईएसई+ 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूल शिक्षकों में अब 53.34 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो शिक्षा में उनकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। उच्च शिक्षा में केवल 43% संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या



में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। यूनेस्को की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है। उच्च शिक्षा संकाय पदों में महत्वपूर्ण लैंगिक असमानताएं महिला संकाय सदस्यों के कम प्रतिनिधित्व के कारण होती हैं। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, शिक्षण पदों पर पुरुषों की संख्या अधिक होने के बावजूद, उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है। आईआईटी और एनआईटी में महिला संकाय का प्रतिनिधित्व अभी भी 20% से कम है, जो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में लैंगिक असमानताओं को दर्शाता है।

## एक नजर

### आज दिलाई जाएगी सपा पार्षद को शपथ

**लखनऊ।** वार्ड संख्या-73 फैजुल्लागंज से निर्वाचित सपा पार्षद ललित किशोर तिवारी को आखिरकार रविवार को शपथ दिलाई जाएगी। नगर निगम मुख्यालय में उन्हें शपथ दिलाई जाएगी। दरअसल उन्हें पांच महीने बाद भी पद एवं गोपनीयता की शपथ नहीं दिलाई जा रही थी। इसके चलते हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्ती दिखाई थी। कोर्ट ने गगन वृहस्पतिवार को दिए आदेश में कहा कि यदि 29 मई तक पार्षद को शपथ दिलाने के आदेश का पालन नहीं हुआ तो महापौर को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा और अपना निजी हलफनामा दाखिल करना होगा। महापौर को कोर्ट के सामने उपस्थित होकर कारण बताना होगा। आखिर हाईकोर्ट के आदेश की अवज्ञा पर उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। इसी आदेश में हाईकोर्ट ने महापौर के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं।

### गोमतीनगर कोचिंग डिपो को मिले चार आईएसओ प्रमाणपत्र

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोमतीनगर कोचिंग डिपो को एक साथ चार आईएसओ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं। डिपो को यात्री सुरक्षा, पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण और गुणवत्ता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह प्रमाणपत्र दिए गए हैं। जनसंपर्क अधिकारी महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि डिपो में यात्री बोगियों की मरम्मत, सुरक्षा जांच और स्वच्छता सुनिश्चित की जाती है। इसके अतिरिक्त पांच एस प्रमाणन भी गोमतीनगर डिपो को दिए गए हैं। श्री गुप्ता ने आगे बताया कि आईएसओ 9001 गुणवत्ता प्रबंधन, आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन, आईएसओ 45001 व्यावसायिक स्वास्थ्य व सुरक्षा और आईएसओ 50001 ऊर्जा प्रबंधन प्रमाणपत्र मिले हैं। इसके अलावा जापानी 5एस प्रमाणन (सॉर्ट, सेट इन ऑर्डर, शाइन, स्टैंडर्डाइज, सस्टेन) भी प्राप्त मिला है। यह कार्यस्थल को व्यवस्थित, स्वच्छ और कुशल बनाने की एक जापानी पद्धति है, जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यक्षमता बढ़ाना, समय बचाना और कचरे को कम करना है।

# प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ी, रात के कुछ खास घंटों पर लोड बढ़ने की निगरानी करेगा विभाग

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** प्रदेश में रात में बिजली की मांग दोगुनी हो जाती है। रात में सभी फीडर ओवरलोड हो रहे हैं, जबकि इस वक्त मैन पॉवर आधी रहती है। ऐसे में उपकेंद्रों के प्रभारी सहायक अभियंताओं की चुनौती बढ़ जाती है। प्रदेश में उपकेंद्रों की जिम्मेदारी निभा रहे सहायक अभियंताओं ने बताया कि संविदाकर्मियों की संख्या में कटौती कर दी गई है।

शहरी इलाके में पहले बिजली की निगरानी के लिए संविदा पर 36 कर्मचारी लगाए जाते थे, जिसे घटाकर 22 कर दिया गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाके में 20 की जगह 12 कर्मचारी हैं। दिन में राजस्व वसूली, कागजात ले जाने व अन्य कई त रह के कार्य रहते हैं। ऐसे में दिन में संख्या अधिक रखी जाती है। रात में यह संख्या दो से तीन ही रहती है। रात के वक्त फाल्ट आने पर कर्मचारियों को एक स्थान पर भेजा जाता है। वहां से आने जाने और मरम्मत कार्य करने में करीब दो से तीन घंटे लग जाते हैं। ऐसे में दूसरे स्थान पर ये कर्मचारी तीन घंटे बाद ही पहुंच पाते हैं। इतना ही नहीं गर्मी के मौसम में अतिरिक्त मैन पावर की भी व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस वर्ष नहीं की गई है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली संकट दूर करने के लिए मैन पावर बढ़ाना होगा। निलंबित अभियंताओं को बहाल कर उपकेंद्रों पर जल्द से जल्द लगाने की जरूरत है। सब-स्टेशनों पर पर्याप्त गैंग उपलब्ध होंगे त भी बिजली व्यवस्था सुचारू होगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की संख्या कम करने के बाद हर सब-स्टेशन पर केवल तीन गैंगों को 24 घंटे के लिए तैनात किया गया है। यानी प्रत्येक 8 घंटे की शिफ्ट में केवल एक गैंग कार्य करेगी। किसी भी सब-स्टेशन पर न्यूनतम 3 से लेकर आठ फीडर होते हैं। यदि एक साथ दो या तीन फीडरों पर ब्रेकडाउन हो जाए तो एक अकेली गैंग सभी स्थानों पर नहीं पहुंच सकती है। प्रदेश में शनिवार को अधिकतम मांग 30475 मेगावाट रही वर्ष 2025-26 में अधिकतम मांग 31,486 तक पहुंच चुकी है। इससे साफ है कि अधिकतम मांग पूरी करने में कोई समस्या नहीं है। समस्या मैन पावर की है। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं कार्पोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने शनिवार को बिजली व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि जिन इलाके में रात के समय अचानक भार बढ़ जा रहा है वहां विशेष तौर पर निगरानी की जाए।

## उत्तराखंड की बेटी तिला सेन ने रचा इतिहास, आईटीबीपी महिला टीम के साथ फतह किया माउंट एवरेस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** उत्तराखंड की बेटी तिला सेन ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। खटीमा क्षेत्र के चारूबेटा निवासी तिला सेन ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की सर्व महिला पर्वतारोही टीम के साथ एवरेस्ट अभियान में सफलतापूर्वक भाग लेकर इतिहास रच दिया। तिला सेन, पुत्री मदन लाल, मूल रूप से चारूबेटा, खटीमा की निवासी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चारूबेटा से प्राप्त की।

इसके बाद उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नैनीताल तथा उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से शिक्षा हासिल की। वर्ष 2021 में SSC GD के माध्यम से आईटीबीपी में चयनित होने के बाद वर्तमान में उनकी तैनाती 36वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, लोहाघाट, चम्पावत में है। आईटीबीपी की पहली सर्व महिला एवरेस्ट अभियान टीम ने कठिन मौसम और चुनौतीपूर्ण रास्तों को पार करते हुए नेपाल के साउथ कोल रूट से 8,848 मीटर ऊंची माउंट एवरेस्ट चोटी पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया। यह विशेष अभियान 19 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली से शुरू हुआ था, जिसमें कुल 14 सदस्य शामिल थे, जिनमें 11 महिला पर्वतारोही थीं। 21 मई 2026 को सुबह 6:52 बजे टीम ने एवरेस्ट शिखर पर पहुंचकर देश का गौरव बढ़ाया। तिला सेन की इस उपलब्धि से पूरे खटीमा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनके परिवार में पांच बहनें और दो भाई हैं।

उनकी एक बड़ी बहन सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि तिला सेन आईटीबीपी में देश सेवा कर रही हैं। परिवार और क्षेत्रवासियों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उत्तराखंड की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। परिजनों और क्षेत्रवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि उत्तराखंड की इस प्रतिभाशाली बेटी की ऐतिहासिक उपलब्धि को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाए, ताकि प्रदेश की अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

## वनखंडी महादेव ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, शिव क्लब को हराकर महादेव क्लब ने जीता उद्घाटन मुकाबला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** चकरपुर बन्दा क्षेत्र में आयोजित वनखंडी महादेव ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि केआईआईटी डिग्री कॉलेज के एमडी कमल सिंह बिष्ट एवं सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा द्वारा फीता काटकर किया गया। दोनों अतिथियों ने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल के प्रति जागरूक होने के लिए कहा। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों एवं युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया गया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। उद्घाटन मुकाबला शिव क्लब और महादेव क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर शिव क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए महादेव क्लब की टीम ने निर्धारित ओवरों में 95 रन का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव क्लब की टीम 70 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार महादेव क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया। आयोजन समिति ने क्षेत्र की सभी क्रिकेट टीमों एवं खेल प्रेमियों से समय पर पहुंचकर टूर्नामेंट का आनंद लेने की अपील की है। टूर्नामेंट के आयोजन में अध्यक्ष सुरेश चंद (उपग्राम प्रधान), किशन चन्द (कुक्कू), सूरज सिंह गुसाईं, सूरज चंद दीपक यादव, गोविन्द सिंह धामी, विकास कापड़ी, विकास जोशी, शुभम खनका सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## मुख्यमंत्री योगी बोले: प्रदेश में मौसम के सटीक अनुमान के लिए लाई जाएगी डॉप्लर रडार प्रणाली

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक सटीक, त्वरित तथा जनकेंद्रित बनाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान समय पर दी गई सही सूचना अनेक लोगों का जीवन बचा सकती है। इसलिए मौसम पूर्वानुमान और चेतावनी तंत्र को केवल तकनीकी व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गांवों और संवेदनशील क्षेत्रों में "लास्ट माइल कनेक्टिविटी" मजबूत करने, आईवीआरएस, पंचायत स्तर के लाउडस्पीकर, स्थानीय एफएम रेडियो, मोबाइल अलर्ट तथा सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग करने के निर्देश दिए।

प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान को अभेद्य बनाने के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। अलीगढ़, झांसी, लखनऊ, वाराणसी और आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर रडार स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि बरेली, देवरिया और प्रयागराज में नए रडार की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही लखनऊ और प्रयागराज में विंड प्रोफाइलर रडार लगाने की कार्यवाही भी प्रगति पर है। वर्तमान में 450 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन और 2000 ऑटोमैटिक रेन गेज पहले से काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि मौसम की चेतावनी केवल तकनीकी कागजों या दफ्तरों तक सीमित न रहे। गांवों और संवेदनशील इलाकों में सूचना तुरंत पहुंचाने के लिए आईवीआरएस, पंचायतों के लाउडस्पीकर, स्थानीय एफएम रेडियो, मोबाइल एसएमएस और सोशल मीडिया का एक साथ बड़ा नेटवर्क इस्तेमाल किया जाएगा।

बैठक में 13 मई 2026 को आए भीषण आंधी-तूफान की समीक्षा की गई। इस आपदा की निगरानी आईएमडी 7 दिन पहले से कर रहा था, जिसे बाद में रेड अलर्ट में बदला गया था। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर और भदोही जैसे जिलों में 70 से 80 किमी/घंटा की हवाओं का नाउकास्ट अलर्ट (3 घंटे पहले की सटीक चेतावनी) 'सचेत' प्लेटफॉर्म और मोबाइल एसएमएस के जरिए समय पर भेजा गया था। मुख्यमंत्री ने इस पर जिलाधिकारियों द्वारा की गई ग्राउंड एक्शन की विस्तृत रिपोर्ट ली है।

## नागरिक चिकित्सालय खटीमा में 'सरल कानूनी ज्ञानमाला' क्यूआर कोड सेवा का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत नागरिक चिकित्सालय खटीमा स्थित ग्रामीण विधिक सेवा सहायता केंद्र में "सरल कानूनी ज्ञानमाला" क्यूआर कोड सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के.सी. पंत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पीएलवी विमल कुमार ने उपस्थित लोगों को क्यूआर कोड डाउनलोड एवं उपयोग करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि गूगल लेंस के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल फोन पर विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकता है। क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिकों को एम.वी. एक्ट, जे.जे. एक्ट, कंज्यूमर एक्ट, विवाह अधिकार, तलाक, घरेलू हिंसा, बी.एन.एस. न्यू 2023, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। स्कैन करते ही संबंधित कानूनी जानकारी सीधे मोबाइल पर उपलब्ध हो जाती है। कार्यक्रम में निरुपम हालदार, नीतू राणा, हिना खान, अनीता प्रतियाल, परवीन, हेमंत, गीता, सुनीता, ममता जोशी सहित अन्य लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन कर कानूनी जानकारियां प्राप्त कीं। वक्ताओं ने कहा कि यह पहल आमजन को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक बनाने में सहायक सिद्ध होगी। लोगों को अपनी समस्याओं के अनुसार कानूनी जानकारी घर बैठे उपलब्ध हो सकेगी, जिससे न्याय तक पहुंच और अधिक सरल बनेगी।

## 2 से 9 जून के बीच होगी पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा

एजेंसी समाचार


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलीटेक्निक संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (UPJEE-P) 2026 के संबंध जानकारी जारी की गई है। सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में स्थित 175 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 02 से 09 जून के मध्य कंप्यूटर आधारित (CBT) माध्यम से आयोजित की जाएगी।

सचिव ने बताया कि परीक्षा प्रतिदिन तीन पालियों में संपन्न होगी, जिसमें प्रातः 08 बजे से 10:30 बजे तक, दोपहर 12 बजे से 02:30 बजे तक तथा सायं 04 बजे से 06:30 बजे तक की पाली निर्धारित की गई है। परीक्षा के सुचारु एवं पारदर्शी संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट लिंक परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है, जिससे छात्र वास्तविक परीक्षा का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी ई-मेल आईडी के माध्यम से पंजीकरण कर मॉक टेस्ट को कई बार अभ्यास के रूप में दे सकते हैं। प्रवेश पत्र शीघ्र ही परिषद के पोर्टल www.jeecup.admissions.nic.in पर उपलब्ध कराए जाएंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। परिषद ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा संबंधी नवीनतम सूचनाओं एवं निर्देशों के लिए नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। परिषद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष परीक्षा हेतु कुल लगभग 4.25 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

## अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को किया आगाह कहा- सतर्क रहें, हो सकती है मतदाता सूची में हेराफेरी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुविधा, सम्मान, आरक्षण और सामाजिक न्याय का राज सपा की सरकार में ही संभव है। भाजपा ने अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को कुछ हाथों में केंद्रित कर दिया है। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता और बूथ प्रहरी सतर्क रहें। भाजपा अभी भी मतदाता सूची में हेराफेरी की साजिश कर सकती है।

सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि असली शस्त्र के तो लाइसेंस बनते हैं, लेकिन कुछ अदृश्य शस्त्र भी हैं, जो गुप्त रूप से देश, समाज और आपसी प्रेम पर अंदर से घातक हमला कर रहे हैं। अखिलेश ने आरएसएस का बिना नाम लिए कहा कि इस बात का भी कानूनी पहलू समझाया जाए कि गैर पंजीकृत लोग जमीन किसके नाम से लेकर अपना निर्माण करते हैं और ये संपत्तियां कैसे बेनामी नहीं हैं।

अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि वकीलों का कहना है कि भाजपा वालों के घर, दुकान, कार्यालय और प्रतिष्ठान के कागज-नक्शे मंगाकर उनकी वैधता की भी जांच की जाए। चंदे का हिसाब भी मांगा जाए और उसका ऑडिट हो। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्माणों को कार्यालय कहा जाए या अड्डा। इन संगी-साथी अवैध लोगों का खर्चा-पानी कौन उठाता है।

उन्होंने कहा कि इसका कच्चा चिट्ठा तलाशकर खोला जाए। ये तथाकथित स्वदेशी संगी-साथी विदेश भ्रमण करने क्यों जाते हैं। औपनिवेशिक काल से किसकी कठपुतली हैं। वकील ये भी पूछ रहे हैं कि अब ये संगी-साथी किस नई साजिश के तहत मानस के मान पर लाठियां चलवा रहे हैं।

## प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगा एआई और रोबोटिक्स का प्रशिक्षण, बनेंगी विशेष तरह की लैब

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश में स्कूली शिक्षा को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग व समग्र शिक्षा द्वारा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में नेल्को लिमिटेड (टाटा इंटरप्राइज) व औद्योगिक समूहों के साथ एमओयू किया गया। नेल्को प्रदेश के 600 राजकीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अत्याधुनिक डिजाइन, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (ड्रीम लैब) की स्थापना करेगी।

बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की उपस्थिति में महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी व नेल्को प्रतिनिधियों ने एमओयू किया। पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जिलों में कुल 600 विद्यालयों (150 हब व 450 स्पोक) को शामिल किया गया है। पहले चरण में 18 हब व 54 स्पोक विद्यालय, दूसरे चरण में 36 हब व 108 स्पोक विद्यालय तथा तीसरे चरण में 96 हब व 288 स्पोक विद्यालय में ड्रीम लैब स्थापित की जाएगी।

इन ड्रीम लैब को आधुनिक नवाचार एवं कौशल विकास केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। जहां कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3डी प्रिंटिंग, उन्नत विनिर्माण, बैटरी चालित विद्युत वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा, ड्रोन प्रौद्योगिकी व डिजाइन थिंकिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) तथा स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान क्षमता, तकनीकी दक्षता एवं उद्यमिता कौशल विकसित करना है, ताकि वे भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बन सकें। कार्यक्रम में यास्कावा, मास्टरकैम, 3डी सिस्टम्स, अन्सालेंस, एसीई माइक्रोमैटिक सहित विभिन्न वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इस पहल को शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत सेतु बताया। कार्यक्रम में अपर शिक्षा निदेशक व्यावसायिक शिक्षा सुरेन्द्र कुमार तिवारी तथा अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णुकांत पांडेय आदि उपस्थित थे। इस परियोजना में पांच साल की साझेदारी होगी। नेल्को लिमिटेड के नेतृत्व में औद्योगिक समूह द्वारा अत्याधुनिक मशीनरी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, सॉफ्टवेयर व रखरखाव सहयोग किया जाएगा। साथ ही उद्योग विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ शिक्षकों का क्षमता निर्माण भी किया जाएगा। ताकि यह मॉडल दीर्घकालिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

परीक्षाफल | मदरसा बोर्ड का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

## यहां भी रहा बेटियों का जलवा : जुमी फरीन और वसीम बने प्रदेश टॉपर

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) एवं आलिम (सीनियर सेकेंडरी) बोर्ड परीक्षा वर्ष-2026 का परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 परिणाम में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। आलिम (सीनियर सेकेंडरी) में वाराणसी के दायरातुल इस्लाह चिराग-ए-उलूम की छात्रा जुमी फरीन ने 500 में 413 अंक (82.60 प्रतिशत) हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) में चंदौली के मदरसा मिस्बाहुल उलूम धानपुर के मोहम्मद वसीम 600 में 555 अंक (92.50 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश टॉपर बने।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 परिणाम में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। वाराणसी की जुमी फरीन ने 500 में 413 अंक (82.60 प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर वाराणसी की शाहिस्ता परवीन और अमरोहा की उम्मुल खैर रहीं, दोनों ने 412 अंक (82.40 प्रतिशत) प्राप्त किए। टॉप-10 सूची में वाराणसी, अमरोहा और फर्रुखाबाद के छात्र-छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। सूची में शामिल अधिकांश परीक्षार्थियों ने 81 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। छात्राओं का प्रदर्शन इस बार छात्रों की तुलना में बेहतर रहा।

मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) परीक्षा में चंदौली के मदरसा मिस्बाहुल उलूम, धनापुर के छात्र मोहम्मद वसीम ने 600 में 555 अंक हासिल कर 92.50 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर मिर्जापुर के मोहम्मद कासिम अली रहे, जिन्होंने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं गोरखपुर की शायिमा परवीन 89.33 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। टॉप-10 सूची में गोंडा, कुशीनगर, जौनपुर, गोरखपुर और लखनऊ के छात्र-छात्राओं ने भी स्थान बनाया। लखनऊ की जामिया इस्लाहुल बनात की छात्रा सानिया ने 527 अंक हासिल कर प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में 10वें स्थान पर रहीं।

मुंशी-मौलवी (सेकेंडरी) परीक्षा में 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 47,036 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए और 41,426 सफल घोषित किए गए। सेकेंडरी का कुल परिणाम 88.07 प्रतिशत रहा। छात्राओं का सफलता प्रतिशत 91.46 जबकि छात्रों का 84.72 प्रतिशत रहा।

आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा में 18,701 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 ने परीक्षा दी और 14,362 सफल हुए। परीक्षा का कुल परिणाम 88.79 प्रतिशत रहा।

# करंट लगने से दो महिलाएं झुलसीं

## मुझाखुर्द और अहमदनगर में अलग-अलग हुई घटनाएं



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** अलग-अलग जगहो पर दो महिलाओं को बिजली का करंट लग गया। करंट लगने से दोनों महिलाएं झुलस गईं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुझाखुर्द निवासी गुलजार बैगम शनिवार को सुवह वह अपने पर कपडों में बिजली प्रेस लगा रही थी। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और किसी तरह बिजली सप्लाई बंद कर उसे बचाया। हालत बिगड़ने पर उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। दूसरी घटना नगर के मोहल्ला अहमदनगर में हुई। यहां की रहने वाली अखलाक बैगम नल पर पानी भर रही थी। इसी दौरान बिजली उपकरण में उतरे करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। वमुश्किल परिवार के लोगों ने बिजली सप्लाई बंद कराई। लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। आनन फानन में दोनों महिलाओ के परिजन उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने बिजली उपकरणों और खुले तारों को लेकर सावधानी बरतने की अपील की है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों महिलाओं का उपचार जारी है। हादसे को लेकर खलवली मची रही। हालत में सुधार होने पर परिवारों ने राहत की सांस ली

## खाना बनाते समय आग से महिला गंभीर रूप से झुलसी

- सेहरामऊ क्षेत्र के गांव वागर में हादसा, जिला अस्पताल रेफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** घर में खाना बनाते समय अचानक आग लगने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई, आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव वागर निवासी सपना देवी शनिवार सुबह रोजाना की तरह रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते महिला के कपड़ों ने आग पकड़ ली और वह लपटों से घिर गई। इससे परिजनों में खलवली मच गई। महिला ने बचाव के लिए शोर मचाया तो परिवार लोग और आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने किसी तरह आग बुझाई,लेकिन तब तक महिला गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में महिला को उपचार के लिए पूरनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया,लेकिन शरीर अधिक झुलसने के कारण हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने की घटना इतनी अचानक हुई कि महिला को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कई महिलाओं ने बताया कि रसोई में काम करते समय जरा सी लापरवाही बड़ा हादसा बन जाती है। झुलसी महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। गर्मी के दिनों में रसोई में काम करते समय अधिक सावधानी की जरूरत होती है। छोटे बच्चों और महिलाओं को भी सतर्क रहना चाहिए।

## दरवाजे पर खडे लोगों ने तीन को पीटा

**पूरनपुर।** दरवाजे पर खड़े लोगों को हटने के लिए कहा तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें पिता और पुत्री घायल हो गए। जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी हरिओम ने बताया कि शुक्रवार की देर रात करीब नौ बजे गांव के कुछ लोग उसके दरवाजे के सामने खड़े थे। जब उसने दरवाजे के सामने से हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने उसको मारा पीटा। बचाने आई पुत्री प्रान्सी व दामिनी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसको अपमानित किया। शोर मचाने पर पड़ोस के लोग मौके पर एकत्र हो गए। वमुश्किल उसको बचाया और झगडा शांत कराया। जिस पर सभी ने जान से मारने की धमकी दी। घायल थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने रमाकांत लालता प्रसाद,सुशील व आदेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पूरनपुर में अकीदत के साथ मनाया गया उर्से शाहजी

- मस्जिदों में कुल शरीफ व फातेहा, तहरी के लंगर का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर पूरनपुर में उर्से शाहजी बड़े ही शानो-शौकत और अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर की विभिन्न मस्जिदों में हाजी शाहजी मियां के कुल शरीफ की फातेहा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

नगर की रज़ा मस्जिद, गुलजारे फरीद गरीब नवाज़ मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में कुल शरीफ हुआ। वहीं पूरनपुर देहात स्थित तौफीक अहमद कादरी के कार्यालय पर भी शाहजी बाबा के कुल शरीफ की फातेहा कराई गई। इस दौरान उलमा-ए-कराम ने शाहजी मोहम्मद शेर मियां की नूरानी जिंदगी पर विस्तार से रोशनी डाली।

हाफिज जकी खान नूरी ने कहा कि शाहजी बाबा को अपनी मां की खिदमत और अल्लाह की इबादत की बदौलत बुलंद मुकाम हासिल हुआ। उन्होंने बताया कि शाहजी बाबा हमेशा रिज्के हलाल कमाने पर जोर देते थे और कंघी बेचकर अपनी रोजी-रोटी चलाते थे। वह अपने पीरो-मुर्शिद की खिदमत के लिए भटपुरा शरीफ (रामपुर) तक खाना पहुंचाने जाया करते थे और दिन-रात इबादत में मशगूल रहते थे। साथ ही वह खिदमते-खल्क को भी इबादत का हिस्सा बताते थे।

तौफीक अहमद कादरी ने कहा कि सभी लोगों को शाहजी बाबा के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में तहरी के लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।इस मौके पर तौफीक अहमद कादरी, नादिर रजा बरकाती, अहतेशाम अली, रईस अहमद, जावेद रजा, शान मोहम्मद, मानु अली सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## घुंघचाई पुलिस ने अवैध खनन में लगीं दो ट्राली पकडीं

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**पूरनपुर।** घुंघचाई पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया।

घुंघचाई थाना क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन फल फूल रहा है। परमीशन की आड में कई दिनो तक खनन किया जाता है। पुलिस को क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर शनिवार को पुलिस टीम ने दबिश दी और मौके से एक युवक को खनन सामग्री ले जाते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। पुलिस ने चालकों से मिट्टी अवैध खनन करने के दस्तावेज मांगे तो चालक नही दिखा सके,पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला अवैध खनन से जुड़ा पाया गया है। आरोपी से खनन के स्रोत और संबंधित लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस कार्य में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी स्थिति में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने वताया कि खनन की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस पर कार्रवाई की गई है।

## मारपीट का वीडियो वायरल होने के मामले में केस दर्ज

- पूरनपुर पुलिस के सामने आरोपियों ने की थी मारपीट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** पुलिस के सामने दबंगों द्वारा खुलेआम एक युवक के साथ मारपीट की गई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर दो निवासी आशीष गुप्ता ने वताया कि सामने रहने वाले कुछ लोग रंजिश रखते है। जिससे आए दिन गाली गलौज कर परेशान करते है। 21 मई को सुवह उसके दरवाजे पर पानी डाल दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो गाली गलौज शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने की गाली गलौज होती रही। देखते देखते ही मारपीट शुरु हो गई।

आरोप है कि पुलिस की मौके पर मौजूदगी थी। उसके वावजूद उसको पडोसियों ने मारा पीटा। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

वीडियो में कथित रूप से कुछ लोग एक युवक को घेरकर मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। वायरल हुए वीडियो को पुलिस ने संज्ञान लिया। पीडित ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी थी। पुलिस ने संजीव कुमार ,अनमोल, कार्तिक व विमला जयसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## हाथी की सवारी छोंड, साईकिल पर सवार हुए अशोक राजा

- बर्ष 2022 में बसपा के टिकट पर पूरनपुर विधान सभा से लडा था चुनाव

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** पीलीभीत जिले की राजनीति में एक बार फिर दलबदल का सिलसिला दिखा। इसी क्रम में पीलीभीत के अशोक राजा ने लखनऊ पहुंच कर बसपा छोड सपा में शामिल हो गए। सूचना पर जिले की राजनीति में खलवली मची है।

पीलीभीत निवासी अशोक राजा पूरनपुर विधान सभा क्षेत्र में कई सालों से जुडे हुए हैं। वह क्षेत्र में हर किसी के सुख दुख में शामिल होते है। बर्ष 2022 में उन्होंने पूरनपुर विधान सभा से भाजपा से टिकट मांगा था। लेकिन टिकट नही मिल सका। इस पर वह बसपा में शामिल हो गए थे। बसपा के टिकट पर उन्होंने पूरनपुर विधान सभा से चुनाव लडा था। लेकिन वह चुनाव हार गए थे। 2027 का चुनाव नजदीक है। वह क्षेत्र में लगातार गांव गांव जाकर सम्पर्क करने में जुटे है। शुक्रवार को अशोक राजा ने लखनऊ पहुंच कर पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बसपा को छोंड सपा की सदस्यता ली। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे। सपा नेताओं ने उनके शामिल होने का स्वागत किया और कहा कि पार्टी लगातार विभिन्न क्षेत्रों से नए लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत कर रही है। नेताओं का मानना है कि अशोक राजा जैसे स्थानीय प्रभाव वाले लोगों के जुड़ने से आगामी चुनावों में पार्टी को फायदा मिलेगा।



सपा की सदस्यता लेते अशोक राजा। -जागरण मोर्चा

## देवहा नदी पट्टा क्षेत्र का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

- अवैध खनन व परिवहन पर सख्ती के निर्देश, निगरानी बढ़ाने को कहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक माधव सुकीर्ति मिश्रा ने जनपद के ग्राम पकड़िया नौगवां स्थित देवहा नदी क्षेत्र में संचालित साधारण बालू (द्वितीय) के स्वीकृत पट्टा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पट्टा क्षेत्र का गहन अवलोकन करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण में पाया गया कि पट्टा क्षेत्र में लगाए गए सभी सीमा स्तंभ अपने निर्धारित स्थानों पर स्थापित हैं। साथ ही बालू के परिवहन के लिए निर्धारित ई-एमएम-11 प्रपत्र के माध्यम से ही परिवहन कार्य किया जा रहा था। अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान स्वीकृत पट्टा क्षेत्र के बाहर किसी प्रकार का खनन अथवा अवैध परिवहन नहीं मिला।

मौके पर खान निरीक्षक पीलीभीत तथा पट्टाधारक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने खान निरीक्षक को निर्देशित किया कि खनन कार्य केवल स्वीकृत क्षेत्र में ही कराया जाए और समय-समय पर निरीक्षण कर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध खनन और अवैध परिवहन की गतिविधियां नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



बालू पट्टा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

## छात्रा ने सैनिक स्कूल लखनऊ की प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण की

**कलीनगर।** नगर पंचायत कलीनगर की छात्रा जीविका पासवान ने कक्षा 9 में प्रवेश के लिए कैप्टन मनोज कुमार पांडे सैनिक स्कूल लखनऊ की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। जीविका पासबान ने कक्षा एक से कक्षा आठ तक माधोटांडा में चल रहे बनस्थली विद्या मंदिर से शिक्षा प्राप्त की है। वह पढ़ने में शुरू से मैधावी छात्रा रही है। उसकी सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक बीसी शुक्ला, प्रधानाचार्य अश्वनी गंगवार, शिक्षक संदीप पांडे व अमित भारती ने उसको बधाई दी। जीविका पासवान शिक्षित परिवार से है। उसकी माता सावित्री देवी हिन्दी और संस्कृत में परास्नातक है। वर्तमान में नगर पंचायत कलीनगर वार्ड नंबर 3 की सभासद औ जिला योजना समिति पीलीभीत की सदस्य है। उसके पिता जयदेव पासबान एमए अंग्रेजी व एलएल वी है। पेशे से अधिवक्ता है। वर्तमान में अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष है। जीविका पासवान की इस उपलब्धि से घर में खुशी का माहौल है। हर छात्र का सैनिक स्कूल में पढने का सपना होता है। सबसे बडी बात यह है कि कैपटन मनोज पांडे सैनिक स्कूल लखनऊ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। लगातार उसको वधाईयां और शुभकामनाएं दी जा रही है।



छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

## नगर पालिका परिषद के तीन वर्ष पूर्ण, विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाईं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में वर्तमान बोर्ड ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की उपलब्धियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में शहर में 154 से अधिक सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत, लगभग 20 बड़े नालों का निर्माण, 173 हाईमास्ट और करीब 6900 एलईडी लाइटें लगाई गईं।

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि शुद्ध पेयजल व्यवस्था के लिए नए नलकूप स्थापित किए गए हैं तथा सार्वजनिक स्थानों पर आरओ वॉटर कूलर लगाए गए हैं। इसके अलावा गौरीशंकर मंदिर मार्ग का विकास, कान्हा गौशाला निर्माण, डिजिटल लाइब्रेरी, कम्युनिटी हॉल और वेस्टन लाइब्रेरी के विकास कार्य भी तेजी से चल रहे हैं।

शहर के सौंदर्यीकरण के तहत विभिन्न पार्कों, चौराहों और ऐतिहासिक घंटाघर का पुनरुद्धार कराया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांडिया नाइट, पतंग उत्सव और विभिन्न धार्मिक आयोजनों में पालिका की सहभागिता भी रही। डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका ने बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य कराए हैं और भविष्य में भी पीलीभीत को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर बनाने का प्रयास जारी रहेगा।



उपलब्धियां बताती आस्था अग्रवाल।

## 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का अवकाश घोषित

**पीलीभीत।** जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन एवं प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में घोषित अवकाश के दृष्टिगत जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों हेतु 15 जून 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं समुदाय आधारित गतिविधियों, टीकाकरण, राशन वितरण तथा विभागीय एवं शासकीय कार्यों में पूर्ववत प्रतिभाग करेंगी। साथ ही नवचयनित सहायिकाओं को सेक्टर एवं परियोजना स्तर पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।




## बहन के घर आए युवक की कर दी पिटाई, गंभीर घायल

- गांव जगतपुर की घटना, पिटाई का वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** बहन के घर आए युवक की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जगतपुर का है। एक युवक की वहन की शादी जगतपुर गांव में हुई है। शुक्रवार को युवक बहन के घर जरूरी काम से आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और युवक को मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। वमुश्किल लोगों ने उसको बचाया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में कुछ लोग युवक के साथ अभद्रता और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि अभी तक विवाद के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा बनी हुई है। लोग सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। घर वापस आए युवक ने पूरी जानकारी अपनी वहन और परिवार को बताई। पुलिस मामले की जांच पडताल में जुटी है।

आयोजन | नन्हे-मुन्ने बच्चों ने खेल-खेल में सीखी रचनात्मक गतिविधियां

## द वर्डेंट पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन




द वर्डेंट स्कूल में समर कैंप में भाग लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** धनाराघाट रोड स्थित द वर्डेंट पब्लिक स्कूल में शनिवार को किंडरगार्टन के बच्चों के लिए समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न मनोरंजक और शैक्षिक गतिविधियों का आनंद लिया।

समर कैंप के दौरान बच्चों को मिकी माउस, जंपिंग और चरखी जैसे झूलों का आनंद कराया गया। वहीं स्नान टब में नहाकर बच्चों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की और जमकर मस्ती की। इसके अलावा वस्तु संतुलन, प्रतिछाया तथा लक्ष्य केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की एकाग्रता, संतुलन क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करने का प्रयास किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक निदेशक मोहम्मद असद खान एवं प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। समर कैंप में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### समर कैंप का शानदार आगाज़, बच्चों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान

**पूरनपुर।** नगर के संजय गांधी पार्क नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के सौजन्य से एक दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ' जे आर प्रिपरेटरी स्कूल ' के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक वावूराम पासबान पहुंचे,पहुंचकर सभी बच्चों को उपहार भेंट कर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। कैंप में बच्चों ने पार्क के झूलों का आनंद लिया और विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल खेलकर जमकर मस्ती की। बच्चों का उत्साह और खुशी देखते ही बनती थी, इस विशेष अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद,प्रधानाचार्य पूनम अग्रवाल,लेखाकार दिनेश भारती,प्रियांशु गुप्ता प्रधानचार्य,पूनम अग्रवाल, सहित विद्यालय स्टॉफ गण और छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।




बच्चों के साथ मौजूद विधायक व चेयरमैन।

# एसएसपी की बड़ी कार्रवाई... आठ दरोगा व एक चालक लाइन हाजिर

## इस्लामनगर डकैती कांड में दो चौकी प्रभारी व एक उपनिरीक्षक भेजे लाइन

- 43 दरोगाओं को किया इधर से उधर, कई की चली गई कुर्सी

जागरण मोर्चा कार्यालय


जानकारी देती एसएसपी अंकिता शर्मा।

**बदायूं।** जिले में अपराध को कंट्रोल करने के लिए एसएसपी अंकिता शर्मा ने शुक्रवार रात को बड़ी कार्रवाई की है। इस्लामनगर डकैती कांड को लेकर उन्होंने कस्बा चौकी प्रभारी, रुदायन चौकी प्रभारी व थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही मूसाझाग थाने में तैनात चालक की लापरवाही को देखते हुए पुलिस लाइन भेजा है। इसी के साथ ही 43 उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है।

इस्लामनगर कस्बे के मोहल्ला हाता में पांच दिन पहले 19 ममई की रात को कच्छा बनियान धारी अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार को बंधक बना लिया और उनके साथ मारपीट करते हुए करीब 19 लाख रुपये की डकैती को अंजाम दिया। इस घटना के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। एसएसपी समेत डीआईजी ने इस मामले पर गहनता से जांच की और चार टीमों को घटना के खुलासे में लगाया। पांचवें दिन भी पुलिस के हाथ खाली दिखाई दे रहे हैं। जबकि दावा है कि चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर गहनता से पूछना शुरू की है। इसी के साथ शुक्रवार की रात को एसएसपी अंकिता शर्मा ने चौकी कस्बा इस्लामनगर में तैनात उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक मनोज कुमार और चौकी प्रभारी रुदायन योगेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है।

साथ ही मुजरिया में तैनात उप निरीक्षक सनी चौधरी को कस्बा चौकी इस्लामनगर का प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन में तैनात संजीव शर्मा को इस्लामनगर की नूरपुर पिनौनी चौकी का प्रभारी और अपराध शाखा में तैनात मान बहादुर सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक इस्लामनगर बनाया है। मुजरिया में तैनात विश्वदेव सिंह को रुदायन चौकी का प्रभार दिया है। ककराला चौकी इंचार्ज संजीव कुमार को पुलिस लाइन भेजा है। गौरव कुमार को ककराला चौकी प्रभारी बनाया है। विवेक कुमार सिंह को प्रभारी सोशल मीडिया सेल की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप गई है। राम मेहर सिंह को दबतौरी चौकी से हटाकर वरिष्ठ उपनिरिक्षक दातागंज बनाया है। पुलिस लाइन में तैनात जितेंद्र कुमार को दबतोरी चौकी प्रभारी बनाया है। बिल्सी के प्रभारी चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह राणा को औरछी चौकी का दायित्व सौंपा गया है। आलापुर थाने में तैनात सचिन कुमार को प्रभारी चौकी कस्बा बिल्सी बनाकर भेज दिया है। वहीं पुलिस लाइन में तैनात मनीष भारद्वाज को जरीफनगर की चौकी बस्तोई सीकरी का प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस लाइन से सुनील चौधरी को उसावा,बलवीर सिंह को बिनवर,मनोज कुमार को उसावा से फैजगंज बेहटा, उसावा में तैनात कमरुद्दीन खान को पुलिस लाइन, श्रीपाल शर्मा को जरीफनगर से पुलिस लाइन, सुभाष चंद्र को जरीफनगर से पुलिस लाइन, विजेंद्र सिंह को फैजगंज बेहटा से पुलिस लाइन और जगबीर सिंह को पुलिस लाइन से फैजगंज बेहटा भेजा गया है। लियाकत अली को मूसझाग से इस्लामनगर, बाबू खा को कोतवाली से उसावा,मतीन खा को पुलिस लाइन से कोतवाली, हरिओम सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली, महेश पाल को बिनावर से डायल 112, भूपेंद्र यादव को पुलिस लाइन से बिनावर,धीरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से इस्लामनगर, रामकुमार को पुलिस लाइन से उसहेत, कविराज सिंह को पुलिस लाइन से उसावा, विजय सिंह को पुलिस लाइन से अ लापुर, भूपेंद्र पाल सिंह को पुलिस लाइन से अ लापुर, नवरत्न सिंह को पुलिस लाइन से हजरतपुर, दिनेश चंद्र को पुलिस लाइन से दातागंज,प्रवेन्द्र पवार को पुलिस लाइन से थाना उसावा, मनोज कुमार को पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा, अखिलेश कुमार को पुलिस लाइन से उसहैत, सुरेश चंद्र को पुलिस लाइन से मूसाझाग,विनोद कुमार को पुलिस लाइन से कुवरगांव और मूसाझाग थाना से आरक्षित चालक गुरदीप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उस पर आरोप था कि मारपीट की सूचना पर वह गाड़ी लेकर अकेले गांव पहुंचा और पीड़ितों को जमकर धमकाया उसपर 50हजार रुपये मांगने का भी आरोप लगा है। एसएसपी ने जिले की पुलिसिंग को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाया है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, तहेरे भाइयों पर पीट कर हत्या का आरोप

- घायल अवस्था में थाने पहुंचा युवक, पुलिस ने भगाया
- जेब से मिली तहरीर ने खोली पुलिस की कार्यशैली की पोल

> घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
> –ऋषिपाल सिंह, इंस्पेक्टर थाना उघैती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जमीन के बाँटवारे को लेकर तहेरे भाइयों ने चचेरे भाई पर जान लेवा हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जान बचाकर युवक तहरीर लेकर थाने पहुंच गया। जहां उसको पुलिस कर्मियों ने सुनवाई करने वजाय थाने से ही भगा दिया। परेशान होकर युवक ने कोई विशाक्त पदार्थ खा लिया। घर पहुंचा तो उसकी हालत बिगड गई। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे उसकी मौत हो गई।

परिवार के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दीं जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। पिता ने अपने ही भाई के बेटों पर पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव सराय सांवल निवासी उपेंद्र (22) पुत्र अनेक पाल शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अपने घर पर था। उसका अपने ताऊ रणवीर से जमीन के बाँटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। ताऊ घर पर नहीं थे, इसी दौरान रणवीर के बेटे व बेटियों ने उपेंद्र पर जानलेबा हमला कर दिया।

देखते ही देखते ईंट पत्थर चलने लगे। जो लोग उपेंद्र को बचाने आए वह भी भाग निकले। हमले में उपेंद्र का सिर फट गया। लहूलुहान होने के बाद वह जान बचाकर भाग निकला। वह सीधा तहरीर लेकर थाने पहुंच गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने न तो उसको मेडिकल परीक्षण को भेजा और न ही उसकी सुनवाई की। उसे थाने से भगा दिया। इसी से परेशान होकर उसने विशाक्त पदार्थ खा लिया और घर पहुंच गया। हालत बिगड़ी तो उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए। डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने उपेंद्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### संयुक्त निगरानी समिति के सदस्यों ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**बदायूं।** संयुक्त निगरानी समिति के सदस्यों ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया, जिसमें सुरक्षित बचपन की निगरानी समिति के समस्त सदस्यों द्वारा जिला कारागार में सुरक्षित बचपन के तहत चिन्हित बच्चों के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गय, जिसमें समिति द्वारा बच्चों की समस्त आवश्यकताओं की समीक्षा की गयी। बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा, योजनाओं से लाभान्वित किये जाने को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसीएमओ, (बाल रोग विशेषज्ञ) को समिति द्वार निर्देश दिये गयें। वर्तमान में 04 बच्चे अपने माता के साथ संवासित है, उनकी आईसीपी का फॉलोअप तथा बच्चों की समय .समय पर काउसलिंग कराये जाने हेतु जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा जिला कारागार में संवासित महिला बन्दी के परिवार में घर पर रह रहे बच्चों को योजना से जोडने हेतु आवश्यक दस्तावेजो को सम्बन्धित जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर दस्तावेज तैयार कराये के साथ विभागीय योजना से लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

# नहीं बन सका ललुआ नगला में बिजली उपकेंद्र, किसानों में रोष

जागरण मोर्चा


रोष पत्र सौंपा पदाधिकारी एवं किसान। –जागरण मोर्चा

**बगरैन।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील बिसौली के बैनर तले सभी पदाधिकारी एवं किसानों ने शनिवार को ग्राम करेंगी, भरतपुर, दौलतपुर,मुशियानगला, ललुआनगला,आदपुर,पपगांव,दबतोरी,दबतोराआदि एक दर्जन से अधिक गांवों के किसान तहसील परिसर बिसौली में एकत्र हुए और पैदल मार्च करते हुए विधायक बिसौली के आवास पर पहुंच कर उनके समर्थकों को रोष पत्र सौंपा।

आपको बताते चले कि वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान विधायक एवं पूर्व विधायक , तत्कालीन एसडीएम ज्योति शर्मा ने किसानों से वादा किया था कि 2027 से पूर्व प्रस्तावित ललुआ नगला पर बिजली घर बनवा दिया जायेगा। एक वर्ष से लगातार बिजली विभाग के अधिकारी, तहसील प्रशासन के अधिकारी किसानों को भरोसा देते रहे कि ललुआ नगला बिजली घर का सर्वे हो गया है। शीघ्र ही शासन से अनुमति मिलने के बाद बिजली घर का काम शुरू हो जायेगा। किन्तु अब पता चला है कि शासन द्वारा बिजली घर का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों में भीषण रोष व्याप्त है । सभी किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले आकार यूनियन के तहसील अध्यक्ष मुकेश भदौरिया ने के कहा की यदि शीघ्र ही बिजली घर का समाधान नहीं होगा तो क्षेत्र के किसान अनिश्चितकालीन आन्दोलन को विवश होंगे। जिस की समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### बीएएमएस उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में सहसवान की बेटी ने द्वितीय रैंक हासिल कर नाम किया रोशन किया

सहसवान। कस्बे की प्रियांशी बुलबुल ने बांस बीए एमएस में उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय की दूसरी रैंक पाकर अपने शहर का नाम रोशन किया है ।देवभूमि मेडीकल कॉलेज आफ आयुर्वेद एंड हास्पीटल देहरादून की छात्रा प्रियांशी बुलबुल ने आयुर्वेदाचार्य BAMS में उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में 2nd रैंक में नाम लिखाकर बड़ी उपलब्धि प्राप्त की ।बताते चलें कि डॉ प्रियांशी बुलबुल सहसवान बदायूं के प्रसिद्ध व्यवसायी भुवनेश माहेश्वरी व असिस्टेंट प्रोफेसर कवयित्री डॉ शुभ्रा माहेश्वरी की सुपुत्री हैं। इससे पूर्व इण्टर में फ्लोरेंस नाइटिंगेल बदायूं में व बी एस सी में डी पी कालेज में भी टापर रहीं दो बार पर्यावरण मंत्री से भी पुरस्कार प्राप्त कर चुकी प्रियांशी एक अच्छी चित्रकार व कवयित्री भी है ।ये अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता व भाई देवांश माहेश्वरी एवं अपने परिवार को देती है ।साथ ही अपनी सहेली बिहार की मूल निवासी शालिनी वर्मा भी जो टापटेन में 3 नं पर अपना नाम दर्ज करा चुकी है , देवभूमि मेडिकल कॉलेज देहरादून के शिक्षको में मेघा मैम व अन्य शिक्षकों आदि सभी को सफलता का श्रेय देती है। प्रियांशी बुलबुल की मां डॉ शुभ्रा माहेश्वरी विभागाध्यक्ष हिन्दी संघटक राजकीय महाविद्यालय सहसवान व पिता भुवनेश माहेश्वरी ने कहा – 'आज मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया बिटिया की BAMS की पढाई पूरी हुई ।अब हो गई डॉ. प्रियांशी बुलबुल ।खुली आंखों से देखा बचपन का सपना पूरा बिटिया रानी का।

# पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने सर्वसमाज को साथ लेकर शहर का किया चहुमुखी विकास

- हिन्दू–मुस्लिम–सिख–ईसाई सभी के इलाकों में किया गया सर्वांगीण विकास

जागरण मोर्चा कार्यालय


चेयरमेन फातमा रजा जानकारी देती हुई।

**बदायूं।** पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा के नेतृत्व में शहर में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने बिना किसी भेदभाव के हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी समुदायों को साथ लेकर शहर की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण कार्य कराए हैं। पालिका प्रशासन द्वारा लगभग 85 लाख रुपये की लागत से 29 सीसी सड़कों, नालों, पुलिया और इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जा रहा है। इन योजनाओं के पूरा होने पर शहर के कई वार्डों में आवागमन सुगम होगा।

चेयरमैन फात्मा रज़ा ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। हर वार्ड में ज़रूरत के अनुसार सड़क, नाला और इंटरलॉकिंग निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे बदायूं शहर सुंदर और व्यवस्थित बने।उन्होने कहा वार्ड संख्या सात में चंदौसी मशीनरी स्टोर की दुकान से रामचन्द्र के मकान तक सीसी रोड कार्य में चार लाख 77 हजार, वार्ड संख्या 17 ऊपरपारा फकरे आलम के मकान से शमशुल के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 19 लाख 9 हजार, वार्ड संख्या 22 मोहल्ला साहूकारा में गुरूदत्त शर्मा के मकान से पंडित राधे रमन के मकान होते हुए पंडित सुशील कुमार वशिष्ठ के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में तीन लाख 53 हजार, वार्ड संख्या 10 मल्होत्रा ग्लास हाउस से नगर पालिका पश्चिमी गेट तक बीसी के साथ सड़क का निर्माण कार्य में चार लाख 42 हजार, वार्ड संख्या 26 मुन्ने भाई के मकान से अब्दुल हकीम के मकान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य में दो लाख 42 हजार, वार्ड संख्या दो नेकपुर में हाकिम सिंह के मकान से गायत्री के मकान तक व बृजपाल सिंह व सुधा शर्मा तक इण्टरलांकिग सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख पांच हजार,कलेक्ट्रेट परिसर में बैडमिंटन कोर्ट हेतु सीसी प्लोरिंग का कार्य में एक लाख 98 हजार, वार्ड संख्या 29 सीसी रोड मय नाली गुले के मकान से गुलशेर मास्टर के मकान तक एक लाख 94 हजार, जिला न्यायालय के अन्दर टंकी के नीचे इण्टरलांकिग का कार्य में तीन लाख 51 हजार, वार्ड संख्या 25 में निर्माण कार्य सीसी रोड मय नाली में सिराज के मकान से पिन्टू के प्लाट तक तीन लाख 30 हजार, वार्ड संख्या 21 में निर्माण कार्य सीसी रोड मय नाली अहमद से आलम के मकान तक चार लाख 71 हजार, वार्ड संख्या 13 में निर्माण कार्य सीसी रोड मथुरिया टायर की दुकान से दीपक साहू के मकान तक निर्माण में 82 हजार 600 छह सौ आएगी।

कहा कि वार्ड संख्या 24 में शेख साहब लाईब्रेरी से रफीक मेम्बर तक सीसी कार्य में तीन लाख 66 हजार, वार्ड संख्या छह मोहल्ला जालन्धरी सराय सम्राट अशोक नगर होली चौक से मुस्लिम के मकान से बब्लू के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 14 लाख तीन हजार, वार्ड संख्या छह जालन्धरी सराय में कामिनी के मकान के पास सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 90000,


वार्ड संख्या 22 काजीटोला में पंजाबी चौक से टिकटगंज चौराहे जाने वाली रोड पर गुरूद्वारा के पास सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में चार लाख 22 हजार, वार्ड संख्या 27 नईसराय रईस दास खां के मकान से अकबर पेन्टर के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख 83 हजार, वार्ड संख्या छह जालन्धरी सराय में तुल्लन ठेकेदार से आले नवी होते हुए हामिद भाई के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख 26 हजार, वार्ड संख्या 19 मैथोडिस्ट चर्च निकट इन्द्रा चौक इण्टरलांकिग कार्य में दो लाख 17 हजार, वार्ड संख्या 18 कल्याण नगर (लोची नगला) में देव कुमार केवट के मकान से ज्ञान कश्यप के मकान तक सीसी सड़क निर्माण कार्य में एक लाख 61 हजार रुपये साथ ही वार्ड संख्या 18 शहबाजपुर में बच्चन के मकान से गप्पू जर्रा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य मे दो लाख 66 हजार, पथिक चौक चौराहे से मीराजी चौकी की ओर बीसी के साथ मरम्मत कार्य में 19 लाख 8700,. वार्ड संख्या 27 में निर्माण नाला कार्य गुलजार के घर से गुड्डू कूलर वाले की दुकान से आगे तक निर्माण में तीन 90 हजार, निर्माण कार्य आरसीसी स्लैब मय नाला एप्रोच टिकटगंज तिराहे के सामने निर्माण में पांच लाख, वार्ड संख्या 29 नागरान में जामा मस्जिद के सामने जावेद भाई के मकान से प्राथमिकी विद्यालय हल्का नं0-01 तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में दो लाख 65 हजार, वार्ड संख्या 2 सिविल लाइन नेकपुर में टीकाराम के मकान तक नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में एक लाख 66 हजार, वार्ड संख्या 20 में चौधरी सराय में छुन्नन के मकान से खालिद जमीर के मकान तक तथा साजिया मेम्बर वाली लिंक में नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में दो लाख 91 हजार, वार्ड संख्या 24 बाबू रजा अहमद व मास्टर वसीम अहमद वाली गली में हाजी जी के मकान से अर्शी भाई के मकान होते हुए जावेद आलम के मकान तक नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में चार लाख 9460, टण्डन लेन वाली गली अग्रवाल कार एसेसीरीज से रामलाल जुनेजा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में तीन लाख 99 हजार से होगा।

पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि "हमारा उद्देश्य बदायूं नगर को स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाना है। जहां वर्षों से नाला, सड़क और जल निकासी की समस्याएं थीं, अब वहां योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हम संकल्पित हैं।

# तेज रफ्तार स्कूटी ने रिक्शा में मारी टक्कर, विकलांग महिला व बेटी घायल

- जहानाबाद थाने में मुकदमा दर्ज, आरोपी महिला पर धमकी और मारपीट का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय


स्कूटी टक्कर से घायल फ़रज़ाना।

**जहानाबाद।** तेज रफ्तार स्कूटी चलाना एक महिला को भारी पड़ गया। स्कूटी की टक्कर से रिक्शा सवार विकलांग महिला और उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महिला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सेमलखेड़ा निवासी फरजाना बी पत्नी मोहम्मद आलम, जो पैरों से विकलांग हैं, अपनी बेटी नूर बी के साथ रिक्शा से दवा लेने के लिए रमपुरा मिश्र जा रही थीं। इसी दौरान गांव की ही रहने वाली चांदनी पत्नी धर्मेंद्र तेज रफ्तार स्कूटी लेकर आई और रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फरजाना बी और उनकी बेटी घायल हो गईं।

आरोप है कि जब फरजाना बी ने स्कूटी चालक महिला से गांव में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की बात कही तो आरोपी महिला आगबबूला हो गई और गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी महिला ने जातिसूचक टिप्पणी करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। विरोध करने पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है।

घटना के बाद घायल महिला ने थाना जहानाबाद पहुंचकर आरोपी महिला के खिलाफ शिकायत पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़िता और उसकी बेटी का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपी चांदनी पत्नी धर्मेंद्र निवासी ग्राम सेमलखेड़ा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) और 125(बी) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**रहें सावधान** ड्राई आई और स्टाई से बचाव के लिए सतर्क रहें, डॉक्टरों की अहम सलाह

# भीषण गर्मी का असर:आंखों की बीमारियों के मरीजों में हो रहा तेजी से इजाफा

जागरण मोर्चा



बदायूं। लगातार बढ़ती गर्मी, तेज धूप और लू के थपेड़ों ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं इसका सीधा असर लोगों की आंखों पर भी देखने को मिल रहा है। शहर के अस्पतालों और नेत्र चिकित्सालयों में इन दिनों आंखों से जुड़ी समस्याओं के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खासकर ड्राई आई सिंड्रोम और स्टाई (पलकों पर गांठ) के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है।

डॉक्टरों के अनुसार, भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के कारण आंखों की नमी तेजी से कम हो रही है, जिससे लोगों को सूखापन, जलन, खुजली और चुभन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय तक धूप में रहने, धूल-मिट्टी के संपर्क में आने और बार-बार आंखों को रगड़ने से यह समस्या और गंभीर हो जाती है। खासतौर पर वे लोग जो बाहर काम करते हैं या दोपहिया वाहनों से यात्रा करते हैं, उनमें ड्राई आई सिंड्रोम के लक्षण अधिक देखे जा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर, पसीने की बूंदों के आंखों में जाने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। डॉक्टर बताते हैं कि पसीने में मौजूद बैक्टीरिया आंखों में पहुंचकर संक्रमण पैदा कर सकते हैं, जिससे स्टाई यानी पलकों पर छोटी-छोटी गांठें बनने लगती हैं। यह समस्या दर्दनाक होने के साथ-साथ आंखों की कार्यक्षमता को भी प्रभावित कर सकती है। नेत्र विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में आंखों की देखभाल बेहद जरूरी हो जाती है। कई लोग गर्मी से राहत पाने के लिए छत पर रखी टंकी के गर्म पानी से आंखें धो लेते हैं, जो कि बेहद खतरनाक हो सकता है। गर्म पानी में बैक्टीरिया पनपने की संभावना अधिक रहती है, जिससे आंखों में संक्रमण और एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टर सलाह देते हैं कि आंखों को साफ करने के लिए हमेशा ठंडा और स्वच्छ पानी ही इस्तेमाल करें। इसके अलावा, एयर कंडीशनर और कूलर का अधिक उपयोग भी आंखों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। एसी की ठंडी हवा आंखों की नमी को कम कर देती है, जिससे ड्राई आई की समस्या और बढ़ जाती है। इसलिए समय-समय पर आंखों को आराम देना और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है।

विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में बाहर निकलते समय सनग्लासेस का उपयोग करें, ताकि आंखों को धूल और यूवी किरणों से बचाया जा सके। साथ ही, आंखों को बार-बार हाथ लगाने से बचें और यदि कोई समस्या महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

बच्चों और बुजुर्गों में यह समस्या अधिक गंभीर रूप ले सकती है, इसलिए उनके प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग भी आंखों की समस्या को बढ़ा सकता है, इसलिए स्क्रीन टाइम को सीमित रखना चाहिए। अंत में डॉक्टरों का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही आंखों की बड़ी समस्या बन सकती है। इसलिए गर्मी के इस मौसम में आंखों की सुरक्षा और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना ही सबसे बेहतर उपाय है।

# 'आंगनबाड़ी केंद्रों में भी हो ग्रीष्मकालीन अवकाश'


एडीएम को ज्ञापन देते आँगनबाड़ी कार्यकर्ता।

**बदायूं।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की मासिक बैठक का आयोजन मालवीय आवास गृह बदायूं पर किया गया । बैठक में भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने का आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने खुलकर विरोध किया । मंडल अध्यक्ष मोर श्री गुप्ता ने कहा कि इस समय गर्मी लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तक तापमान चल रहा है । ऐसे में छोटे बच्चों को लू लगने , अथवा दस्त होने की संभावना अधिक रहती है । जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय की भांति आंगनबाड़ी केंद्रों में भी ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होना चाहिए । क्योंकि प्रदेश के अन्य जनपद जैसे - लखनऊ , ललितपुर , मैनपुरी , सीतापुर आदि में ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित हो चुका है । जनपद बदायूं में भी लोग गर्मी से बेहाल हैं । म्याऊं परियोजना की सहायिका पुष्पा देवी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया । तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई । सहसवान एवं आसफपुर परियोजना की कार्यकत्रियों ने प्रोत्साहन राशि की समस्या को उठाया । इस मौके पर एक ज्ञापन ए डी एम प्रशासन अरुण कुमार के लिए प्रेषित किया गया । जिसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश तथा जिला स्तर पर डीपीओ एवं समस्त सी डी पी ओ के साथ बैठक का पत्र जारी किये जाने की मांग की गई । इस मौके पर कुमकुम जौहरी ,उर्मिला कश्यप , निशा सक्सेना , विमला कश्यप , नीलम कुमारी चौहान, श्यामा देवी, उषा, सरला देवी, पूजा पुंडीर, प्रवेश कुमारी चौहान, खजाना देवी, सिकंदरी बेगम, रानू सिंह, शीला देवी, चांदवी , माया देवी, पुष्पा देवी, रामदेवी, सुमन लता ,निशा कुमारी, पूनम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पंजाब की झटके से शुरुआत, मोहम्मद शमी ने पहली गेंद पर प्रियांश का किया शिकार



**लखनऊ।** आज आईपीएल 2026 का 68वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और पंजाब किंग्स के बीच इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, लखनऊ पहले ही इस दौड़ से बाहर हो चुकी है।

पंजाब किंग्स की झटके से शुरुआत हुई है। मोहम्मद शमी ने पहली गेंद पर प्रियांश आर्या को अर्जुन तेंदुलकर के हाथों कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल सके। अब प्रभसिमरन का साथ देने कूपर कोनोली आए हैं।

लखनऊ ने पंजाब किंग्स को 197 रनों का लक्ष्य दिया है। इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 196 रन बनाए। पंजाब के लिए मार्को यानसेन और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिए जबकि ओमरजई और शशांक के नाम एक-एक विकेट रहा। लखनऊ को छठा झटका यानसेन ने दिया। उन्होंने मुकुल को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ एक रन बना सके। अब बल्लेबाजी के लिए अर्जुन तेंदुलकर आए हैं। लखनऊ को पांचवां झटका शशांक सिंह ने दिया। उन्होंने श्रेयस अय्यर के हाथों जोश इंग्लिस को कैच कराया। वह 44 गेंदों में 72 रन बनाकर आउट हुए। अब समद का साथ देने मुकुल चौधरी आए हैं। लखनऊ को चौथा झटका चहल ने दिया। उन्होंने पंत को यानसेन के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। अब इंग्लिस का साथ देने अब्दुल समद आए हैं। 14 ओवर के बाद स्कोर चार विकेट पर 134 रन है।

जोश इंग्लिस ने अर्धशतक पूरा कर लिया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और ऋषभ पंत के साथ 50 से ज्यादा रनों की साझेदारी कर चुके हैं। 11 ओवर का खेल हो चुका है और लखनऊ ने तीन विकेट पर 103 रन बना लिए हैं। जोश इंग्लिस 38 और ऋषभ पंत 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। 69 के स्कोर पर लखनऊ को तीसरा झटका लगा। प्रभसिमरन सिंह ने आयुष बदोनी को स्टंप आउट किया। वह 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ को दूसरा झटका मार्को यानसेन ने दिया। उन्होंने निकोलस पूरन को बोल्ड किया। वह सिर्फ दो रन बना पाए। अब आयुष बदोनी बल्लेबाजी के लिए आए हैं। उनका साथ देने के लिए जोश इंग्लिस क्रीज पर मौजूद हैं। चार ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 24 रन है। लखनऊ को पहला झटका ओमरजई ने दिया। उन्होंने प्रभसिमरन के हाथों अर्शिन कुलकर्णी को कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल सके।

## लखनऊ के बल्लेबाज मुकुल चौधरी ने आईपीएल को घरेलू क्रिकेट से आसान बताया, डेब्यू मैच को लेकर रखी राय



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में जिन युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है, उनमें एक नाम लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के लिए खेल रहे मुकुल चौधरी का भी है। मध्यक्रम के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने अपने छक्के लगाने की काबिलियत की बदौलत जमकर सुर्खियां बटोरी हैं। मुकुल ने आईपीएल के दबाव और टीम की उम्मीदों के हिसाब से खुद को ढालने के बारे में खुलकर बात की है। 21 साल के मुकुल चौधरी ने सीजन के नौ मैचों की नौ पारियों में 169 रन बनाए। केकेआर के खिलाफ 27 गेंदों पर खेली गई नाबाद 54 रन की पारी ने उन्हें काफी चर्चा दिलाई।

मुकुल चौधरी ने जियोहॉटस्टार से कहा, आईपीएल में मानसिक दबाव ज्यादा होता है। आपको ज्यादा लोग देख रहे होते हैं। हालांकि, कुछ मायनों में, यहां चीजें आसान होती हैं, क्योंकि आप विरोधी टीम के गेंदबाजों, उनकी ताकत और उनकी योजनाओं को जानते हैं। आपके पास तैयारी के लिए वीडियो एनालिसिस और डेटा होता है। घरेलू क्रिकेट में आपके पास ये सब नहीं होता। आईपीएल के माहौल में तैयारी ज्यादा बारीकी से होती है। सुर्खियों में रहना और लोगों की उम्मीदें नए खिलाड़ियों के लिए एक बिल्कुल अलग तरह की चुनौती खड़ी कर देती हैं। दबाव तब आता है, जब आपको एक बड़े मंच पर, इतने सारे दर्शकों के सामने प्रदर्शन करना होता है, खासकर तब जब आप आईपीएल में नए होते हैं। थोड़ा-बहुत मानसिक दबाव तो होता ही है। लेकिन अगर आप शांत रहें और अपनी प्रक्रियाओं पर टिके रहें, तो यहां भी चीजें संभाली जा सकती हैं।

सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मुकाबले से लीग में डेब्यू करने वाले मुकुल ने बताया कि उन्हें शुरू में उम्मीद नहीं थी कि प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी। उन्होंने कहा, मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार नहीं था। जब मुझे बताया गया कि शायद मुझे मौका मिल सकता है और फिर आखिरकार यह बताया गया कि मैं प्लेइंग इलेवन में हूं तो मेरी प्रतिक्रिया बहुत सामान्य सी थी।

## मैदान पर कोहली की आक्रामकता का पठान ने किया बचाव

### सहवाग ने बताई प्लेऑफ से पहले आरसीबी की समस्या



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच मैदान पर हुई तीखी बहस को खास तवज्जो नहीं दी और कहा कि शीर्ष स्तर की क्रिकेट में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इस तरह के टकराव स्वाभाविक हैं। कोहली और हेड के बीच मैदान पर तीखी बहस हुई थी। कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को लगातार इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में इस्तेमाल किए जाने का मजाक उड़ाते हुए इशारा किया कि उन्हें मैदान से बाहर रहने के बजाय कुछ गेंदें फेंकनी चाहिए।

कोहली जल्द ही 11 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हो गए, जिसके बाद हेड ने पलटवार करते हुए उन पर कटाक्ष किया। सनराइजर्स की 55 रन की जीत के बाद भी तनाव बना रहा। मैच के बाद हेड ने कोहली से हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज उनकी ओर ध्यान दिए बिना ही आगे बढ़ गया। पठान ने आईपीएल के आधिकारिक प्रसारक से बात करते हुए कहा, विराट कोहली को हमेशा से ही मैदान पर ऑस्ट्रेलिया की तरह आक्रामक शैली में खेलना, थोड़ी सी नोकझोंक, कड़ी प्रतिस्पर्धा तथा पूरे जोश और जज्बे के साथ खेलना पसंद है। कोहली और हेड के बीच जो कुछ हुआ, ऐसा बेहद दबाव वाले मैचों में होना स्वाभाविक है। विशेष कर तब जबकि दोनों टीमें अंक तालिका में महत्वपूर्ण स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हों। यह शीर्ष स्तर के क्रिकेट की प्रतिस्पर्धात्मक भावना का ही एक हिस्सा था।

इस बीच पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि वेंकटेश अय्यर ने प्लेऑफ से पहले आरसीबी के सामने चयन को लेकर दुविधा खड़ी कर दी है। सहवाग चाहते हैं कि बाएं हाथ का यह बल्लेबाज ओपनिंग करना जारी रखे। इसके अलावा उन्होंने सुझाव दिया कि फिट हो चुके फिल सॉल्ट को खराब फॉर्म में चल रहे जितेश शर्मा की जगह टीम में शामिल किया जाना चाहिए।

## जीतकर भी हारी हैदराबाद, शीर्ष पर रहते हुए क्वालिफायर-1 में पहुंची आरसीबी



**हैदराबाद।** हैदराबाद ने आरसीबी को 55 रनों से हरा दिया। शुक्रवार को उप्पल स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में चार विकेट पर 255 रन बनाए। जवाब में आरसीबी निर्धारित ओवरों में चार विकेट पर 200 रन बना सकी। इस हार से आरसीबी को खासा नुकसान नहीं हुआ है। वह टेबल टॉपर ही हैं।

आईपीएल का 19वां संस्करण धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। शुक्रवार को उप्पल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 55 रनों से हरा दिया। हालांकि, इस जीत के बावजूद टीम शीर्ष-दो में एंट्री करने में नाकाम रही और अब वह एलिमिनेटर मैच खेलेगी। वहीं, आरसीबी हार के बावजूद शीर्ष पर बरकरार रही और अब उसका सामना गुजरात टाइटंस से क्वालिफायर-1 से होगा।

हैदराबाद के दिए 256 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी आरसीबी 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बना सकी और 55 रन से मैच हार गई। आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत करने आए वेंकटेश अय्यर ने 19 गेंदों पर 4 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान रजत पाटीदार ने 39 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली। क्रुणाल पांड्या 31 गेंदों पर 41 और टिम डेविड 7 गेंदों पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। विराट कोहली 15 और देवदत्त पड्डिकल 21 रन बनाकर आउट हुए। एसआरएच की तरफ से ईशान मलिंगा ने 4 ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिए। साकिब हुसैन और ट्रेविस हेड को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 4 विकेट पर 255 रन बनाए थे। एसआरएच के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने 46 गेंदों पर सर्वाधिक 79 रन की पारी खेली। किशन ने अपनी पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाए। इसके अलावा, अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों पर पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 56 और हेनरिक क्लासेन ने 24 गेंदों पर पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 51 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने 12 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए थे। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने चार ओवर में 52 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या ने एक-एक विकेट लिए थे। ईशान किशन लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने। एसआरएच-आरसीबी दोनों का यह आखिरी लीग मैच था। दोनों टीमें प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। आरसीबी 14 मैचों से 18 अंक लेकर बेहतर रन रेट के आधार पर पहले, गुजरात टाइटंस 14 मैचों से 18 अंक लेकर दूसरे और एसआरएच 14 मैचों से 18 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

## देश का सबसे अनुकूल निवेश प्रदेश, यीडा में निवेश करने पहुंचे दिग्गजों ने कहा-उद्योग लगाने के लिए बेस्ट है यूपी

**लखनऊ।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के अंतर्गत 17 निवेशकों ने भूमि आवंटन पत्र पाने के बाद मंच से बदले उत्तर प्रदेश की तस्वीर का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यूपी उद्योग और निवेश के लिए देश का सबसे अनुकूल प्रदेश बन चुका है।

कार्यक्रम में इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया प्रा. लि., सीईएससी ग्रीन पावर, वेगा इंडस्ट्रीज, क्वार्क्स टेक्नोसॉफ्ट, एमेड्यूज इंडिया, वर्चुअल इम्प्लाई, समरकूल होम अप्लायंसेज, ऋद्धि सिद्धि पेपर्स, अर्सेनल इंफोसाल्यूशन समेत 17 कंपनियों को आवंटन पत्र प्रदान किए गए। सीईएससी ग्रीन पावर लिमिटेड के अंशुल खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को "आधुनिक उत्तर प्रदेश का शिल्पकार" बताते हुए कहा कि उद्योगों को गति, पारदर्शिता और मजबूत आधारभूत संरचना की आवश्यकता होती है, जो आज उत्तर प्रदेश में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट और यीडा क्षेत्र में विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय है और अब ऐसी सुविधाएं चीन में भी दुर्लभ हैं।




## विश्व कप के लिए भारतीय महिला टीम इंग्लैंड रवाना, पहली बार खिताब जीतना है लक्ष्य

**मुंबई।** महिला टी20 विश्व कप के लिए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम शनिवार को मुंबई से इंग्लैंड रवाना हुई। भारतीय टीम पहली बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम करने का लक्ष्य लेकर इस आईसीसी इवेंट में उतरेगी। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की थी और अब उसका लक्ष्य सबसे छोटे प्रारूप में विश्व चैंपियन बनना रहेगा। टीम के खिलाड़ी मुंबई से एकसाथ इंग्लैंड रवाना हुए हैं।

महिला टी20 विश्व कप 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया हरमनप्रीत कौर की अगुआई में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। इस सीरीज की शुरुआत 28 मई को होगी। भारत की नजरें इस सीरीज से अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी।




### 14 जून को भारत-पाकिस्तान महामुकाबला

भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज मैच पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ भारत के मुकाबले भी रोमांचक रहने वाले हैं।

### हरमनप्रीत की कप्तानी में उतरेगी टीम

भारतीय महिला टीम इस विश्व कप में हरमनप्रीत की कप्तानी में खेलने उतरेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस महीने के शुरुआत में टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित की थी। टी20 विश्व कप के लिए चुने गए स्क्वॉड में अनकैप्ड नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया गया था। प्रतिका रावल टीम में जगह नहीं बना पाई थीं, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना पाईं।

**भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में**

टी20 विश्व कप के लिए 12 टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप-1 में शामिल है। ग्रुप-1 को 'ग्रुप ऑफ डेथ' माना जा रहा है, जहां मौजूदा दिग्गज टीमों के साथ भारत-पाकिस्तान की पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिलेगी।

ग्रुप 1: ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड।
ग्रुप 2: वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

## गुरिंदरवीर ने तोड़ा 100 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड, 45 सेकंड से कम में 400 मीटर दौड़कर विशाल ने रचा इतिहास




**रांची।** गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.09 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि विशाल टीके ने 44.98 सेकंड में 400 मीटर दौड़ पूरी कर इतिहास रच दिया।

राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारतीय एथलेटिक्स ने इतिहास रच दिया। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में गुरिंदरवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया, जबकि 400 मीटर में विशाल टीके 45 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। सिर्फ 30 मिनट के भीतर दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटने से प्रतियोगिता का दूसरा दिन यादगार बन गया। पंजाब के स्टार स्प्रिंटर गुरिंदरवीर सिंह ने पुरुषों की 100 मीटर फाइनल रेस में 10.09 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह 10.10 सेकंड से कम समय में दौड़ने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्होंने पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने प्रतिद्वंद्वी अनिमेश कुजुर से छीन लिया।

## सोने की कीमतें और सीमा शुल्क बढ़ने का सबसे अधिक असर छोटे ज्वेलर्स पर



**मुम्बई।** सोने की ऊंची कीमतें और सीमा शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने से सोने के आभूषणों की बिक्री एक दशक के नीचले स्तर पर तक पहुंच सकती है। इससे संगठित ज्वेलर्स कंपनियों की बिक्री में गिरावट आएगी लेकिन इन कंपनियों का क्रेडिट प्रोफाइल स्थितर रहने की संभावना है। जबकि मध्यम और छोटे आकार के ज्वैलर्स को सबसे अधिक असर पड़ेगा, क्योंकि वे पहले से ही अधिक कीमतों से परेशान है और अब बिक्री कम होने की आशंकों में इनका मार्जिन और लाभ दोनो दबाव में हैं।

कोठारी ब्रदर्स के महावीर कोठारी कहते हैं, इसमें सबसे अधिक असर छोटे और मध्यम आकार के क्षेत्रिय ज्वैलर्स को होगा । कई विक्रेताओं ने स्टॉक की खरीदारी को फिलहाल के लिए बंद कर दिया है। क्योंकि उनको फंडिंग की समस्या अभी से सता रही है। कई जगह पर विक्रेताओं ने जल्दबाजी में सोने की खरीदारी कर स्टॉक कर लिया है, जबकि बाजार में मांग कम हो गई है और बिक्री में गिरावट देखी जा रही है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।